राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 230
मंगलवार 17 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in


# जनगणना से जुड़ी अधिसूचना हुई जारी

## केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि से होगी शुरू

**नई दिल्ली, 16 जून।** केंद्र सरकार ने सोमवार को 2027 में होने वाली 16वीं जनगणना के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना के अनुसार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि से शुरू होगी, जबकि देश के बाकी हिस्सों में गिनती 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि से शुरू होगी।

अधिसूचना में कहा गया है, केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उप-खंड, तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1455(अ), तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया

### गिनती

- इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी
- देश के बाकी हिस्सों में गिनती एक मार्च 2027 की मध्यरात्रि से
- जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख कर्मचारियों की लगाई जाएगी ड्यूटी

गया है या करने का लोप किया गया है. यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी।

अधिसूचना में कहा गया है, जनगणना के लिए संदर्भ तारीख, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से घिरे असमकालिक क्षेत्रों के सिवाय, मार्च, 2027 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। अधिसूचना में कहा




गया है, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से घिरे असमकालिक क्षेत्रों के संबंध में, संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 को 00:00 बजे होगी। अधिसूचना जारी करने से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। ■ शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस ने जारी की गई अधिसूचना पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा 16वीं जनगणना को लेकर जारी की गई अधिसूचना को फीका बताया है। कांग्रेस ने कहा कि इस अधिसूचना में जाति को जनगणना में शामिल करने पर चुप है। कांग्रेस ने सवाल किया कि क्या यह सरकार का एक और यू-टर्न है। विपक्षी पार्टी ने जोर देकर कहा कि केंद्र को न केवल जातिगत गणना बल्कि जातिवार सामाजिक-आर्थिक मानकों पर विस्तृत डेटा लाने के लिए भी तेलंगाना मॉडल अपनाना चाहिए। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में होने वाली 16वीं जनगणना को लेकर बहुप्रचारित राजपत्र अधिसूचना जारी हुई है, लेकिन यह एक दम तोड़ती घोषणा है। एक्स पर जयराम रमेश ने लिखा कि लंबे इंतजार के बाद बहुप्रचारित 16वीं जनगणना की अधिसूचना आखिरकार जारी हो गई है।

# इजराइल का दावा- ईरानी एयरस्पेस पर हमारा कंट्रोल

- ईरान ने सूरज निकलने से पहले इजराइल पर मिसाइलों की बौछार की
- हाइफा बिजली संयंत्र आग की लपटों में घिरा
- कहा- 30 प्रतिशत मिसाइल लॉन्चर तबाह किए

**तेहरान (ईरान), 16 जून।** प्रतिशोध की आग में जल रहे ईरान ने आज सूरज निकलने से पहले इजराइल पर मिसाइलों की बौछार कर दी। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स की यह बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल के तेल अवीव और हाइफा में लक्ष्यों पर गिरीं। इससे पहले रात को भी ईरान ने मिसाइलों से हमला किया।

ईरान 13 जून को हुए इजराइली हवाई हमले में अपने सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत से बौखलाया हुआ है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम, सरकारी एजेंसी इरना और तेहरान टाइम्स अखबार की खबरों में ईरान के इजराइल के खिलाफ हवाई हमले की जानकारी दी गई है।

खबरों के अनुसार, ईरान ने ताजा हमले में तेल अवीव, हाइफा, बेन गुरियन हवाई अड्डे और नेवातिम एयरबेस गोलान हाइट्स में लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने पिछले तीन दिनों में कई इजराइली सैन्य इमारतें जमींदोज कर दी हैं। ईरानी सशस्त्र बलों ने सोमवार सुबह फिलिस्तीन के कब्जे वाले इजराइली क्षेत्रों में ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने घोषणा की कि इस बार दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया गया। ईरानी मिसाइलों ने हाइफा बिजली संयंत्र को नुकसान पहुंचाया है।

खबरों के अनुसार, इजराइली आर्मी रेडियो ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया कि इजराइली वायुरक्षा कम से कम 10 ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में असमर्थ रही। ईरानी ड्रोन हमले के बाद कब्जे ■ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, 16 जून।** मणिपुर में सुरक्षा बलों को दो अलग-अलग अभियानों में केसीपी के तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि पहली कार्रवाई इंफाल ईस्ट जिले के लामलै थाना क्षेत्र के सावोम्बुंग पुल के पूर्वी छोर पर की गई, जहां से केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के सक्रिय सदस्य ताखेल्लम्बम गांधी सिंह उर्फ थोउबा (25) को पकड़ा गया। वह थौबल जिले के थौबल एमआई रोड, नोंगांगखोंग लाई लेइराक का निवासी है तथा वर्तमान में पुंगडोंगबम अवांग लेइराक, इंफाल ईस्ट में रह रहा था।

### श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी

**श्रीहरिकोटा, 16 जून।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। तमिलनाडु कमांड कंट्रोल सेंटर को रविवार आधी रात केंद्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में फोन कॉल मिली। इसके बाद श्रीहरिकोटा में सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है।

### सोनिया गांधी की हालत अस्पताल में स्थिर

**नयी दिल्ली, 16 जून।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। सोनिया गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय सोनिया गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

### विमान दुर्घटना में 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का हुआ मिलान

**अहमदाबाद, 16 जून।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में अब तक 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का मिलान हो चुका है। सोमवार सुबह तक कुल 47 मृतदेह परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। सिविल अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि फिलहाल सिविल अस्पताल में 13 परिजन मौजूद हैं, जिन्हें उनके परिजनों के मृत शरीर सम्मानपूर्वक सौंपे जाएंगे। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। डॉ. पटेल ने बताया कि 12 ऐसे परिवार हैं, जो अपने अन्य परिजनों के डीएनए मैचिंग के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वे एक साथ सभी मृतकों के शव स्वीकार कर सकें। उन्होंने बताया कि 16 जून की सुबह 9:30 बजे तक कुल 47 मृतदेह सौंपे जा चुके हैं, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, महेसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आणंद, महीसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के निवासी शामिल हैं।

अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान अक171 मेघाणीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मृतकों की पहचान के डीएनए के जरिये शवों की पहचान प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन मृतकों के डीएनए सैंपल मैच हो गए हैं, उनके पार्थिव शरीर परिजनों को सम्मान पूर्वक सौंपे जा रहे हैं।

# कार-बाइक की भिड़ंत, पांच की मौत

**महोबा, 16 जून।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव के पास कार और बाइक की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें एक मासूम की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हाल जाना और उनको बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। जनपद के चरखारी थाना क्षेत्र के बगरौन गांव निवासी उदयभान अपनी बेटी खुशी (4), भांजा अंकित (12), भतीजा बलवीर (13) बुआ का बेटा विनोद के साथ अपने छोटे भाई की पत्नी की दूसरी विदा कराने के लिए इको कार से श्रीनगर थाना क्षेत्र की ननवारा गांव जा रहा थे। श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव के पास कार के अनियंत्रित हो जाने से कार और सामने से आ रही बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसके बाद दोनों वाहन गड्ढे में गिर गए। दुर्घटना के बाद घायलों में चीख पुकार मच गई। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

दुर्घटना की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों का रेस्क्यू कर एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया।

# सरकार बेहतर सुरक्षा देने का कर रही काम

**लखनऊ, 16 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम नए भारत में रह रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया भारत विकास के साथ विरासत पर गौरव की अनुभूति भी करता है। आज विकास और विरासत का अदभुत संगम हमारे देश को पहचान दे रहा है। सरकार लगातार कुछ न कुछ नया करने का काम रही है। भाजपा सरकार से पहले नौकरी की बोली लगती थी, लूट-खसोट थी। एक परिवार का बोल-बाला हुआ करता था।

योग्यता के आधार पर प्रदेश के सभी युवाओं को नौकरी पर अधिकार मिल रहा है। 60244 युवाओं का प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकरनगर के शिव बाबा धाम तपोस्थली से कृषक दुर्घटना बीमा योजना में प्रदेश के 11690 लाभार्थियों को 561 करोड़ धनराशि आवंटन की शुरूआत की।

सीएम ने कहा कि 2025-26 के लिए 1050 करोड़ की व्यवस्था की है, ताकि अन्नदाता किसानों को कोई संकट न आए। सिपाही भर्ती में बिना किसी लूट खसोट के हर वर्ग को लाभ मिला, 12045 बेटियां भी

### बोले योगी



- सिपाही भर्ती में बिना किसी लूट खसोट के हर वर्ग को लाभ मिला
- कृषक दुर्घटना बीमा योजना में 561 करोड़ धनराशि आवंटन की शुरूआत की

भर्ती हुई हैं। यह 2017 से पहले संभव नहीं था। सरकार बेहतर सुरक्षा देने का काम कर रही है। राजस्व वादों के समाधान की दिशा में सरकार के उठाए गए कदमों का परिणाम है कि चाहे कोई भी मामला हो एक समय सीमा तय हो गई है। हर बेटी सुरक्षित हो, हर व्यापारी सुरक्षित हो। सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

कोई भी बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में खतरा पैदा करेगा, तो कानून का डंडा उस पर चलेगा। आने वाली उसकी सात पीढ़ियां याद करेंगी कि कानून के साथ खिलवाड़ व किसी गरीब को परेशान करने की कीमत क्या होती है। सीएम ने कहा कि पहले प्रदेश की पहचान दंगों, गुंडागर्दी के लिए होती थी। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बीमारू राज्य माना जाता था। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश दंगा मुक्त हुआ। बीमारी से अग्रणी अर्थव्यवस्था के राज्य का सफर तय किया और देश के ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान बनाई।

कुछ लोगों को परिवार का विकास ही सब कुछ होता है, जाति के नाम पर सत्ता में आते हैं और नग्न तांडव करते हैं। इस मौके पर सीएम ने नियुक्ति पत्र के साथ अलग-अलग विभागों के लाभार्थियों को डेमो चेक प्रमाण पत्र दिए। साथ ही 1184 करोड़ रुपये की 194 परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया।

### जज बनने के लिए 3 साल की प्रैक्टिस जरुरी, पुनर्विचार याचिका दाखिल

**नई दिल्ली, 16 जून।** उच्चतम न्यायालय में दायर एक याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम तीन साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था।

# सामरिक साझेदारी को रोडमैप बनायेंगे भारत व साइप्रस: मोदी

**निकोसिया, 16 जून।** भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक स्तर तक ले जाने के लिए अगले पांच वर्षों का रोडमैप बनायेंगे जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम और साइबर तथा सुमुद्री क्षेत्र में सुरक्षा पर वार्ता भी शामिल होगी।

साइप्रस की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए साइप्रस के प्रति आभार भी व्यक्त किया।



- संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लेकर भी भारत और साइप्रस के विचार एक समान
- प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का उल्लेख करते हुए ■ शेष पेज 11 पर

### पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में चार की मौत व आठ घायल

#### मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर जताया दुख

**अमरोहा, 16 जून।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में अतरासी गांव के खेत में संचालित पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को भीषण विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के मृतकों की शिनाख्त हो गई है। रजबपुर थाना क्षेत्र, अतरासी गांव के जंगल में अवैध तरीके से एक पटाखा फैक्ट्री संचालित हो रही थी। रोजाना की तरह यह पर लोग काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। ■ शेष पेज 11 पर



जनपद वाराणसी सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते सीएम योगी आदित्यनाथ। - छाया तरुणमित्र

## बिहार के साथ तमिलनाडु और बंगाल में भाजपा की चुनावी दस्तक

# चाणक्य शाह दिला पाएंगे पार्टी को ये दो अहम राज्य?

■ कुमार सौवीर

**नई दिल्ली, 16 जून।** तीन -तीन बार केन्द्र और फिलहाल... राज्यों में अकेले या गठबंधन में सत्तारुढ़ 'मोदी है तो मुमकिन है ' वाली भाजपा दक्षिण के राज्यों सहित बंगाल में सत्ता को तरस रही है। भाजपा ने अकेले और गठबंधन दलों के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है, ऐसे में पार्टी अब इस साल बिहार और फिर अगले साल बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में जीत के लिए पूरा फोकस कर रही है।

तमिलनाडु और बंगाल, दोनों राज्यों में अब तक एक बार भी कमल नहीं खिल सका है। ऐसे में पार्टी ने अपने सबसे बड़े चाणक्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर भरोसा जताया है। देखा

### सियासत

- 2025 में बिहार तो 2026 में बंगाल-तमिलनाडु में चुनाव
- तीनों जीत 2027 में उप्र के लिए बनेंगी बूस्टर डोज
- दोनों राज्यों में अब तक भाजपा नहीं चख पाई जीत का स्वाद

जाए तो बंगाल में चुनाव जीतना अकेले भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि पीएम मोदी और अमित शाह के लिए सम्मान का प्रश्न बन गया है तो तमिलनाडु में सत्ता में आना पार्टी के लिए हिंदी हार्ट लैंड से बाहर दक्षिण तक पहुंच बनाने के लिए जरूरी प्रवेश द्वार है। एक दशक पहले तक भाजपा को दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर से बाहर की पार्टी माना जाता था।

हालांकि अब पूर्वोत्तर में भाजपा की दमदार मौजूदगी है जबकि दक्षिण भारत में वह निरंतर जनाधार बढ़ाने में लगी है। इसी क्रम में 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी केरल में एक लोकसभा सीट भी जीतने में कामयाब रही है।

भाजपा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु दोनों ही राज्यों में संगठन से लेकर बूथ स्तर तक मजबूती से काम कर रही है। दोनों राज्यों में अगले साल चुनाव होने वाले हैं और यहां मौजूदा सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी का भी माहौल है।

इसका फायदा उठाने के लिए भाजपा पूरी मेहनत कर रही है। तमिलनाडु में अपनी स्थिति को समझते हुए पार्टी ने एआईएडीएमके से गठबंधन किया है। पार्टी ने अन्नामलाई की जगह पर नयनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। ■ शेष पेज 11 पर




# संविधान की धज्जियां उड़ा रही भाजपा सरकार-डॉ. नीरज



**प्रतापगढ़, 16 जून (तरुणमित्र)।** बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज के बहोरिकपुर वार्ड के एस.एन.पब्लिक स्कूल में यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव मुन्ना लाल यादव व बाबागंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सरोज जी के संयोजकत्व में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया।

संविधान बचाओ सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर/प्रभारी प्रतापगढ़ हरिकेश त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर/प्रभारी प्रतापगढ़ प्रमोद मिश्रा जी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी व कार्यक्रम का संचालन किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव करुण पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करते हुए मेवालाल धुरिया व राजेश तिवारी ने पार्टी ज्वाइन किया। आए हुए अतिथियों ने कांग्रेस की पट्टी व माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आज भाजपा सरकार द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, इनकमटैक्स, चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्थाओं को पिंजरे में कैद की हुई है, विपक्ष के नेताओं के पीछे जब देखो तब इन स्वतंत्र संस्थाओं को छोड़कर धौंस जमाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश तक को तरह तरह की धमकियां देकर भाजपा अपने पक्ष में निर्णय करवा रही है संविधान खतरे में इसलिए भी है, क्योंकि भाजपा आपके अधिकारों पर हमला कर रही है।

कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्र व निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार के इशारों पर राज्यों में जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है विधायकों को ईडी, सीबीआई द्वारा धमकाया जा रहा है तथा पैसों से विधायकों की खरीद फरोख्त की जा रही है। संविधान इसलिए भी खतरे में है क्योंकि देश के चौथे स्तंभ न्यायप्रिय पत्रकारो को सरकार के दबाव में प्रतिष्ठित चैनलों से निकाला जा रहा है वो अपना यूट्यूब चैनल बनाकर जनता की लड़ाई लड़ रहे है।

सुल्तानपुर के कोऑर्डिनेटर उज्ज्वल शुक्ला व किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव करुण पाण्डेय ने कहा कि देश की जनता को भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठ व नफरत को खत्म करना चाहिए तथा भाईचारा को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक मुन्ना लाल यादव ने आए हुए अतिथियों व सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस विचार मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष जय शंकर दूबे, बाबागंज ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सरोज, बिहार ब्लॉक अध्यक्ष मेराज अंसारी, श्याम बहादुर सिंह, सदाशिव यादव, मेवा लाल धुरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लाभार्थियों को वितरित किए चेक



**रायबरेली, 16 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद अम्बेडकर नगर से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत उप्र के 11690 आश्रित परिवारों को रू. 561.86 करोड़ की सहायता राशि का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों व तहसीलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व लाभार्थियों को डमी चेक वितरित किये गये।

इसी क्रम में जनपद रायबरेली में राजकीय इण्टर कॉलेज के सभागार में तहसील सदर के कार्यक्रम का जनपदस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील सदर के 107 लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत सहायता राशि के डमी चेक वितरित किये गये, जनपद की सभी तहसीलों में जिसमें सदर 107, महराजगंज 25, लालगंज 42, सलोन 20, ऊँचाहार 23, डलमऊ 15 कुल 232 लाभार्थियों को 10.94 करोड़ रुपए के चेक वितरित किये गये।

इस अवसर पर मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उप्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद रायबरेली के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिये मैं जनपद रायबरेली के परिवारों की तरफ से मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस योजना का शुभारम्भ हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने विकास और विरासत के मूल मंत्र के साथ प्रदेश का विकास कर निरन्तर आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### फांसी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**कौशाम्बी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के चकमाहपुर गांव में फांसी के फंदे से लटका हुआ एक विवाहिता का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पालिका परिषद भरवारी के चकमाहपुर गांव के रामबाबू यादव की शादी पश्चिम शरीरा कस्बे की शिवानी उर्फ अंजलि पुत्री लाल बहादुर के साथ 15 दिसंबर 2023 को हुई थी,मृतका के पिता लाल बहादुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी बेटी के ससुराली जन शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन बेटी को दहेज के लिए परेशान करते थे, उनकी बेटी जब घर आती थी तो दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने की बात बताया करती थी। सूचना मिली कि हमारी बेटी को सोमवार को ससुराली जनोंनेमारकर फांसी के फंदे से लटका दिया गया है, मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस मामले में पुलिस ने पति राम बाबू यादव सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित

**सुल्तानपुर, 16 जून (तरुणमित्र)।** बल्दीराय तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 31 लाभार्थियों को 1 करोड़ 55 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी मंजुल मयंक ने की। लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑनलाइन कार्यक्रम का प्रसारण एलसीडी के माध्यम से दिखाया गया। सड़क दुर्घटनाओं में मृत किसानों के परिजनों को यह सहायता राशि प्रदान की गई। निधि, कलावती, उमा, सुनीता, कंचन, उर्मिला, शांति देवी, रमावती, अनीता, रेनू कुमारी, अनीता पांडेय समेत 27 लोगों को मौके पर चेक दिया गया।जो 4 लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके,उनके चेक हल्का लेखपाल के माध्यम से उनके घर भिजवाए जाएंगे।कार्यक्रम में तहसीलदार देवानंद तिवारी, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, राजस्व निरीक्षक अब्दुल हमीद,राम समझ,लेखपाल अमित यादव, हिमांशी,अनुज यादव, संतराम यादव, शशि प्रभा तिवारी, मोहम्मद सैफ मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत बांटे गये चेक

**लालगंज, प्रतापगढ़, 16 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्रभावितों को शासकीय चेक समारोहपूर्वक वितरित किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि तीस लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पांच-पांच लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई थी। कार्यक्रम में विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, रामपुरखास विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने योजना के तहत निराश्रित महिलाओं को डमी चेक प्रदान किये। कार्यक्रम का संयोजन तहसीलदार गरिमा वर्मा ने किया। तहसीलदार ने बताया कि योजना के तहत तहसील क्षेत्र के पैतालिस प्रभावितों को स्वीकृत धनराशि खाते में भेजी जा चुकी है। इस मौके पर लालगंज प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, नायब तहसीलदार पंकज कुमार सिंह, आशुतोष सिंह, केके सरोज आदि रहे।

### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना लाभार्थियों को वितरित किया धनराशि

**कौशाम्बी, 16 जून (तरुणमित्र)।** जिले में मुख्यमंत्री कृषक दुर्गघटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को धनराशि वितरण का मुख्य कार्यक्रम अम्बेडकर नगर में आयोजित किया गया जहाॅ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाभार्थियों को प्रतिकात्मक रूप से सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया गया जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर के उदयन सभागार में किया गया। इसके उपरान्त इसी सभागार में मुख्यमंत्री कृ०द०क० योजना के अन्तर्गत इनकी गरिमामयी उपस्थिति में जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौय पूर्व विधायक लाल बहादुर दिवाकर, के द्वारा मुख्यमंत्री कृ०द०क० योजनान्तर्गत मंझनपुर के 28 लाभार्थियों को मु० पाँच-पाँच लाख रू० का चेक वितरण किया गया। तथा साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कृ०द०क० योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी, तथा समस्त अधीनस्थ कर्मचारियों को अवशेष लाभार्थियों को जल्द से जल्द भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह तीनों तहसीलों को मिलाकर 130 लाभार्थियों को मु० पाँच-पाँच लाख रू० का चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, प्रभारी अधिकारी भूलेख अजेन्द्र सिंह, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अमेठी में दबंगों ने जमकर मचाया तांडव

**अमेठी, 16 जून (तरुणमित्र)।** पुरानी रंजिश में दबंगो ने घर मे घुसकर महिलाओं पर चाकू और धारदार से हमला कर दिया। दबंगो के हमले में दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई और दोनों लहूलुहान हो गए। घटना को अंजाम देकर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव का है जहां पुरानी रंजिश में गांव के रहने वाले रामकुमार कुलदीप संदीप और हरजीत समेत अन्य ने देवराज वर्मा के घर में घुसकर घर में मौजूद महिलाओं पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगो के हमले में दो महिलाओं को गंभीर चोटे आई। घटना को अंजाम देकर सभी दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में सभी घायलों का अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

पूरे मामले पर जामों इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने कहा कि अभी थाने पर मौजूद नहीं है। तहरीर मिली होगी तो तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर पीड़िता श्रीमता ने कहा कि आज सुबह वह अपने दरवाजे के सामने मिट्टी डाल रही थी। तभी रामकुमार समेत दस से ज्यादा लोग घर में घुसे और चाकू से हमला कर दिया मेरी बेटी भी घर में मौजूद थे उसके साथ भी लोगों ने अभद्रता की और उसके कपड़े फाड़ दिए।

# उप्र विधानसभा याचिका समिति की उप समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, 16 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति (2024-25) की उप समिति ने जनपद भ्रमण अध्यन कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में सभापति संजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी, बैठक में समिति के सदस्य प्रभु नारायण सिंह यादव, विवेक कुमार वर्मा, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, समिति के उप सचिव नीरज कुमार सचान, समिति सहायक कमल कुमार, भाष्कर मणी त्रिपाठी, सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बैठक के पश्चात सभापति ने मीडिया को सम्बोधित करते कहा कि समिति एक प्रकरण को लेकर




### कामर्शियल भूमि को कृषि में कराया अधिग्रहण, नीलम पांडे की शिकायत पर रायबरेली पहुंची समिति

जनपद रायबरेली आयी है, शिकायतकर्ता श्रीमती नीलम पाण्डेय ने शिकायत की है कि जनपद रायबरेली की तहसील सदर के ग्राम कठवारा में स्थित भूमि का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भूमि का अधिगृहण गलत तरीके से किया गया है उनकी भूमि वाणिज्य भूमि थी, उसका अधिगृहण एन.एच.ए.आई. व राजस्व विभाग द्वारा कृषि भूमि दिखाकर गलत तरीके से किया गया है। जमीन अधिगृहण किये जाने की उसको किसी प्रकार की कोई सूचना नही दी गयी।

प्रकरण वर्ष 2012 से वर्ष 2014 के मध्य का है। समिति की जांच में यह निष्कर्ष निकला है कि जमीन का अधिगृहण करते समय एन.एच.ए.आई व राजस्व की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन नही किया गया, और न ही जमीन के मालिक को कोई जानकारी दी गयी है और उसका पूरा प्रतिकर भी नही दिया गया है।

# एनआईएफटी में समर वर्कशॉप 2025 का दूसरा सप्ताह प्रारंभ



**रायबरेली, 16 जून (तरुणमित्र)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), रायबरेली में समर वर्कशॉप 2025 के दूसरे सप्ताह की शुरूआत आज दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्रों द्वारा दीप प्रज्वलन की इस सांस्कृतिक परंपरा में एनआईएफटी रायबरेली के निदेशक नंदन सिंह बोरा, सीएसी प्रवीण श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक सुश्री भार्गवी कुमार अय्यर और संस्थान के समस्त फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

निदेशक श्री बोरा ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि डिजाइन केवल कला नहीं, एक सोच है, जो जीवन के हर पहलू को बेहतर बनाने की क्षमता रखती है। एनआईएफटी न केवल फैशन के क्षेत्र में बल्कि डिजाइन, नवाचार और रचनात्मकता के विभिन्न आयामों में युवाओं को प्रेरित करने का कार्य कर रहा है।

इस सप्ताह की कार्यशाला डिजाइन एंड मॉडल क्राफ्टिंग पर केंद्रित है, जिसमें छात्र डिजाइन की मूलभूत समझ के साथ-साथ मॉडल निर्माण की व्यावहारिक तकनीकों को सीखेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और छात्रों को डिजाइन की दुनिया से परिचित कराना है। एनआईएफटी रायबरेली द्वारा तीन सप्ताह की इस ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली छात्रों को डिजाइन शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उन्हें रचनात्मक और व्यावसायिक संभावनाओं की ओर अग्रसर किया जा सके।

### संदिग्ध दशा में युवक की मौत से नहीं उठ सका रहस्य का पर्दा

**लालगंज, प्रतापगढ़, 16 जून (तरुणमित्र)।** उदयपुर थाना क्षेत्र के देवरी पूरे जगन्नाथ में युवक की संदिग्ध मौत को लेकर सोमवार को भी रहस्य बना दिखा। मृतक जीतलाल गुप्ता 38 पुत्र स्व0 रामखेलावन का शव का पीएम के बाद जिला मुख्यालय पर गायघाट पर मृतक के साले ने अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक जीतलाल की पत्नी अनीता व बच्चे खुशी, धीरज, प्रियंका सोमवार को भी रोते बिलखते देखे गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका। पीएम के बाद मृतक का बिसरा सुरक्षित कर परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस घटना को प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। थानाध्यक्ष उदयपुर राधेश्याम का कहना है कि बिसरा प्रिजर्व किया गया है, अनुसंधान आख्या की प्रतीक्षा है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर

### एक रायबरेली एम्स रेफर, ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार

**अमेठी, 16 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी हादसे में ऑटो सवार चार लोग घायल हो गए। घटना देखते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को निजी साधनों से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से एक बुजुर्ग को गंभीर हालत में रायबरेली एम्स रेफर कर दिया गया है। अन्य तीन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर मौके से भागने में कामयाब रहा। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा बाँदा राजमार्ग स्थित भाजपा कार्यालय के पास का है जहाँ आज सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी।

हादसे में ऑटो पर बैठे चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुँचे और सभी घायलों को निजी साधनो ने जिला अस्पताल पहुँचाया जहाँ एक बुजुर्ग को रायबरेली एम्स रिफर कर दिया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी ऑटो का पिछला हिस्सा निकल कर बाहर हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर मौके से भागने में कामयाब रहा।

# नीट परीक्षा में वंशिका ने सफलता अर्जित कर बढ़ाया बेल्हा का गौरव



**प्रतापगढ़, 16 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के रानीगंज तहसील क्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी घनश्याम पाण्डेय की पुत्री वंशिका पाण्डेय ने 2025 के नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

वंशिका ने नीट 2025 के आयें परीक्षा परिणाम में 550 अंक प्राप्त कर उन्होंने ने आल इंडिया रैंक 12228 वां स्थान हासिल की है। बता दें कि वंशिका पाण्डेय आरएसएस के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार की भांजी है।

वंशिका के पिता घनश्याम पाण्डेय दिल्ली में इंजीनियर हैं और माता विंध्यवासिनी पाण्डेय गृहणी है माता के मार्गदर्शन में उसके बड़े भाई जहां इंजीनियर हैं, वहीं बचपन से मेधावी छात्रा रही वंशिका पाण्डेय के बाबा त्रिलोकी प्रसाद पाण्डेय का सपना था कि वंशिका डाक्टर बने और नीट 2025 की परीक्षा में सफलता अर्जित कर वंशिका ने जिले का गौरव बढ़ाने के साथ अपने बाबा का सपना साकार किया है। वंशिका की सफलता पर परिजनों के साथ क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### चश्मा सेंटर का नगर पालिका चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**फतेहपुर, 16 जून (तरुणमित्र)।** दिल्ली चश्मा सेंटर का नगर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्या द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन ने प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए इसे जनपद के लिए उपयोगी एवं लाभदायक बताया। सोमवार को शहर के जीटी रोड बैंक आफ बडौदा के निकट दिल्ली चश्मे वाले का नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्या द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रोपाइटर अशरिक ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जांच कर नजर के चश्मे बनाये जाते हैं। ब्रांडेड कम्पनियों रेबैन, जैसी प्रतिष्ठित कम्पनियों के धूप के चश्मे उपलब्ध होंगे साथ ही नजर के चश्मे में ऑटो ग्लास, आरसी, एआरसी, ग्लास,क्रीजाल ग्लास समेत अन्य ब्रांड्स के शीशे उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 33 लाभार्थियों को 5-5 लाख के चेक किये वितरित

**प्रतापगढ़, 16 जून (तरुणमित्र)।** तहसील सदर के सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत तहसील सदर एवं लालगंज के 33 लाभार्थियों को पांच 5-5 लाख रुपए का डेमो चेक विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर के शिव बाबा पावन धाम अकबरपुर में आयोजित कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत डेमो चेक वितरण और उद्बोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तहसील सदर सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सम्बोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के ऐसे निवासियों को जो किसी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं, जिनके फल स्वरुप उनके आश्रितों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दुर्घटना के शिकार 18 से 70 वर्ष की आयु के कृषकों या खेतिहर मजदूरों के आश्रितों को रुपए 5 लाख प्रदान किए जाते हैं, यह सब हमारे उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के सफल प्रयास द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत तहसील सदर के 18 लाभार्थियों क्रमशः ग्राम बनवीरकांछ की दिव्यांग लाभार्थी चमेला, राजापुर रैनिया की गीता देवी, मलियाना की रेखा यादव, नरी की दुइजा देवी, कोलबजरडीह की शशी सिंह, बछुआ की सुदामा देवी, महुली की राजकुमारी, शिवराजपुर की विमला मौर्य, अहिना की अंजू देवी, बासूपुर की सुमन शुक्ला, कैलाकला की अंजनी देवी, भुवालपुर डोमीपुर के राजेन्द्र बहादुर सिंह, गम्भीरा की सुनीता, मदरा की अनामिका त्रिपाठी, कोड़रामादूपुर की गोमती, अठगंवा के शिवकुमार वर्मा, मनेहू की आरती, लोहंगपुर की श्वेता सिंह को 5-5 लाख रुपए का डेमा चेक प्रदान किया गया।

# विद्युत कटौती व लो वोल्टेज के कारण हलाकान हो रहे लोग, आक्रोश

**लालगंज, प्रतापगढ़, 16 जून (तरुणमित्र)।** कस्बाई एवं ग्रामीण अंचलों में इधर विद्युत कटौती को लेकर लोग हलाकान दिख रहे हैं। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज तथा लोकल फाल्ट के कारण रोस्टर की भी बिजली लोगों को मुहैया नहीं हो पा रही है। रविवार की देर शाम आंधी के चलते कई गांवों में तार टूटने से रात की पाली में घुप अंधेरा छाया दिखा। वही नगर पंचायत की बाजार में भी रात व दिन दोनों पालियों में विद्युत कटौती के कारण लोग परेशान दिखे।

विद्युत कटौती के चलते इलेक्ट्रानिक बाजार में मंदी देखी जा रही है। वही तहसील समेत सरकारी कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत कार्य भी बाधित होने से लोग हलाकान हो रहे हैं। लालगंज दीवानी न्यायालय में अभी तक फीडर अलग नही किया जा सका है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक को दीवानी न्यायालय का फीडर अलग करने के लिए पत्र भी लिखा है। अधिवक्ताओं के मुताबिक प्रदेश के सभी दीवानी न्यायालयों में न्यायिक कामकाज को अवरोधमुक्त रखने के लिए अलग फीडर की व्यवस्था की गयी है।

वहीं नहरों में अभी तक पानी की एक बूंद नहीं दिखी है। ऐसे में बिजली की भी न के बराबर आपूर्ति के कारण धान की नर्सरी को सूखता देख किसान भी परेशान हो उठा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसडीएम से मिलकर विद्युत आपूर्ति में सुधार न होने को लेकर आक्रोश भी जताया है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम से कहा कि समस्या का समाधान न होने पर वह आंदोलन की शुरूआत करेंगे।

# अघोषित विद्युत कटौती के चलते आम-जन बेहाल : पंकज

## कांग्रेस ने विद्युत आपूर्ति समस्या को लेकर भेजा ज्ञापन

**रायबरेली, 16 जून (तरुणमित्र)।** विद्युत आपूर्ति की समस्याओं को लेकर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 7 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित जिलाधिकारी के को सौंपा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान समय में आम-जन भयंकर गर्मी और उमस से बेहाल है।



वर्तमान समय में विद्युत विभाग की लापरवाही व अघोषित विद्युत कटौती के चलते रायबरेली जनपद में विद्युत आपूर्ति की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके फलस्वरुप आवश्यकता के अनुरुप बिजली न मिल पाने के कारण आम-जन, व्यापारी, छात्र आदि वर्ग के सामने संकट पैदा हो गया है, चूँकि किसानों को धान की रोपाई हेतु नर्सरी तैयार करना है, किन्तु उनको समय से बिजली न मिलने से नर्सरी व धान की रोपाई की तैयारी में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में कांग्रेस पार्टी की ओर से जनहित में जो मांगे की गई है उनका निराकरण होना आवश्यक है।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में अघोषित बिजली कटौती से अविलम्ब निजात दिलाई जाय, बिजली की ट्रिपिंग की समस्या अविलम्ब दूर की जाय। लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाया जाय, तमाम विद्युत उपकेन्द्र पूरी क्षमता के साथ कार्य नहीं कर रहे है, जिससे सैकड़ो गाँव के लोग गर्मी और उमस से परेशान है और किसान धान की फसल की रोपाई की तैयारी न कर पाने से चिंतित है, जर्जर व पुराने तारों को अविलम्ब बदला जाय एवं यदि विद्युत लाइन पर पेड़ इत्यादि है तो उनकी छटाई अविलम्ब करायी जाय, ताकि लाइन न फाल्ट हो।

कांग्रेस कार्य.जिला प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी की ओर से मांग की गई है कि जिन गाँव/शहर में ट्रान्सफार्मर कम क्षमता के लगे है एवं बिजली की खपत ज्यादा है वहां पर अविलम्ब उच्च क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगवाये जाय। विद्युत उपकेन्द्रो में संयंत्र की समुचित व्यवस्था की जाय, जनहित में उपरोक्त विद्युत आपूर्ति अव्यवस्था में अविलम्ब सुधार न हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता आम जन मानस के साथ मिलकर सड़को पर उतरने के लिए बाध्य होगा।

ज्ञापन देने वालों में श्रीमती सुधा द्विवेदी, अतुल सिंह, निर्मल शुक्ला, रमेश कुमार शुक्ला, हाजी मो. इलियास, नि.प्रवक्ता महताब आलम, सईदुल हसन, राहुल बाजपेई, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, नौशाद हुसैन खतीब, कुसुम लता रावत, संतोष त्रिवेदी, महेश प्रसाद शर्मा, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, मोहित मौर्या, दिनेश यादव, मो. अशरफ खान, आशीष द्विवेदी, सूर्यकुमार बाजपेई, अभय त्रिवेदी, सै. अरशद, आकर्षण द्विवेदी, विजय पटेल, विश्वनाथ त्रिवेदी, अविनाश चन्द्र बाजपेई, पल्टू पासी, प्रियका रावत, मनोज तिवारी, अम्बरीश बाजपेई, घनश्याम शुक्ला, आर.के. सिंह, सतीश पासी, ज्योति प्रसाद पासी, कामता नाथ सिंह, प्रमोद पाण्डेय, मो.उस्मान, मो.सरताज, मनोज कुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार, सोनू खान, शादाब खान, अजीजुल हसन, अम्बरीश पटेल, महेश्वर सिंह, अमित मिश्रा, पुतान सोनकर, ऋषि सोनकर, मो.गौस, अंकित चैधरी, अविरल त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कृषि विभाग की बैठक

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कृषि विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नत कृषि को जनपद में प्रोत्साहित किया जाये। जनपद में एफपीओ के माध्यम से फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाये। कम से कम 5 एफपीओ को फूलों की खेती के लिए तैयार किया जाये। इन एफपीओ को सरकार की पॉलीहाउस योजना से आच्छादित किया जाये।



जनपद में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिया जाये। शिमला मिर्च व काला गाजर को प्रोत्साहित किया जाये ताकि किसानों की आय बढ़ सके। खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाये। केले के किसानों को छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिये प्रोत्साहित किया जाये। मटर के विपणन व प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाये। प्रतिदिन जनपद में खाद की उपलब्धता की सूची प्रेषित की जाये। एक कंट्रोल की स्थापना की जाये जिस पर शिकायतें प्राप्त की जाएं। खाद की कालाबाजारी व अधिमूल्यन न होने दिया जाये। जिन वेंडर के पास पीओएस सुविधा न हो, उनका लाइसेंस निरस्त किया जाये। मक्का के क्रय केन्द्र जल्द शुरू किये जाएं। मक्का के क्षेत्र में एफपीओ का गठन कराया जाये। फसल बीमा से अधिक से अधिक किसानों को आच्छादित किया जाये। किसानों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये। जिन किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड जारी किये गए हैं उनको अनुकूल फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जाये। जिलाधिकारी ने एक एक करके जनपद की रबी, खरीफ व जायद फसलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित कुछ प्रगतिशील किसानों से भी बात की। उपनिदेशक कृषि सतीश कुमार पाठक ने जनपद में होने वाली प्रमुख फसलों के बारे में जिलाधिकारी को विस्तार से बताया। मत्स्य विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित किया जाये। निष्क्रिय मत्स्यजीवी समितियों को समाप्त किया जाये। लक्ष्य के अनुरूप मत्स्य पालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाये जाएं। गन्ना विकास विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में गन्ने की खेती को प्रोत्साहित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### योग से तन के साथ मन भी रहता स्वस्थ : जिलाधिकारी

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की उपस्थिति में योग प्रशिक्षक विनीता पांडे ने योगा के माध्यम से मानसिक व शारीरिक थकान को दूर करने के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कुर्सी पर बैठकर करने वाले आसनों के बारे में बताया। उन्होंने एक जगह बैठकर हाथों व पैरों की क्रिया से सम्बंधित आसनों के बारे में बताया। जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों ने उनके साथ योगाभ्यास किया। विनीता पांडे ने सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने पेट की समस्याओं को दूर करने वाले आसनों की जानकारी दी। योगाभ्यास की समाप्ति भ्रामरी प्राणायाम व ॐ की ध्वनि के साथ हुई। अन्त में शांति पाठ किया गया। जिलाधिकारी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग से तन के साथ ही मन भी स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंपकर्मी पर रिवॉल्वर तानने वाली युवती व परिजनों पर एफआईआर, हथियार जब्त

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। जनपद में एक पेट्रोल पंप पर हुए विवाद ने तब तूल पकड़ लिया जब एक युवती ने सुरक्षा कर्मी पर लाइसेंसी रिवॉल्वर तान दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने युवती और उसके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने रिवॉल्वर समेत 25 जिंदा कारतूस भी जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामला बिलग्राम थाना क्षेत्र के एक सीएनजी पेट्रोल पंप का है, जहां पंपकर्मी रजनीश कुमार पुत्र नेत्रपाल ड्यूटी पर तैनात था। रजनीश ने अपनी सुरक्षा जिम्मेदारी के तहत कार सवार को गाड़ी से नीचे उतरने के लिए कहा, जिस पर सवार महिला और उसके परिजनों ने विरोध जताया। इस दौरान महिला ने लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर कर्मी को डराने का प्रयास किया।

घटना में शामिल युवती की पहचान सुरीश खान उर्फ अरीबा, पुत्री एहसान खां, निवासी मोहल्ला गिगियानी, थाना शाहाबाद, के रूप में हुई है। इसके साथ ही एहसान खां और उनकी पत्नी हुसनबानो ने अभद्रता की। पंपकर्मी की ओर से थाने में दी गई तहरीर के आधार पर थाना बिलग्राम में मु.अ.सं. 268/25 के अंतर्गत धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट में नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 35(3) बीएनएसएस के तहत नोटिस तामील कर दी है। साथ ही युवती के पास मौजूद 32 बोर की लाइसेंसी रिवॉल्वर और 25 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की जांच जारी है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से इलाके में चर्चा का माहौल है और पुलिस इस मामले को कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से गंभीरता से ले रही है।

## पारिवारिक कलह से तंग मां-बेटे ने खाया जहरीला पदार्थ

शाहजहांपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। थाना रोजा क्षेत्र के बरनई गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने पहले अपने आठ साल के बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाया, फिर खुद भी खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। फिलहाल मां और बेटे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बरनई गांव निवासी सूरज खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। पत्नी पूजा और दो बेटों - दस वर्षीय सिधांत और आठ वर्षीय आयुष द के साथ उसका सामान्य जीवन चल रहा था। लेकिन बच्चों की अक्सर बिगड़ती तबीयत और इलाज में हो रहे खर्च को लेकर सूरज पत्नी पर ताने कसता था। रविवार शाम सूरज बड़ा बेटा सिधांत को लेकर बाहर गया हुआ था। इसी दौरान पूजा ने पहले खुद जहरीला पदार्थ खाया और फिर बेटे आयुष को भी खिला दिया। कुछ ही देर में मां-बेटे की तबीयत बिगड़ने लगी, तो आसपास के लोगों की मदद से उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। महिला बोली- तानों से टूट चुकी थी, जीने की हिम्मत नहीं बची थी। अस्पताल में भर्ती पूजा ने बताया कि बच्चों की बार-बार बीमारी और इलाज का खर्च पति को रास नहीं आ रहा था। वह लगातार ताना मारता रहता था कि तेरे ही बच्चे हर वक्त बीमार रहते हैं, खर्चा ही खर्चा है। ऐसे हालात में वह मानसिक रूप से टूट चुकी थी और जिंदगी खत्म करने का फैसला ले लिया। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

## कृषक गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। विकासखण्ड टोडरपुर के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) तथा त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्याम बाबू त्रिवेदी, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख, टोडरपुर द्वारा दीप प्रज्जवलन करके एवं कृषकों को निःशुल्क तिल बीज मिनीकिट वितरित करते हुये किया गया। उक्त मौके पर प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख, टोडरपुर द्वारा कृषकों को सम्बोधित करते हुए कृषकों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती व नवाचार तकनीक अपनाने हेतु प्रेरित किया जिससे कृषक खेती की लागत में कमी लाकर अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त सरकार द्वारा कृषकों के हित में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। अजय कुमार तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), टोडरपुर द्वारा कृषकों को खरीफ फसलों की उन्नत किस्में एवं बीज उपचार विधि, डी०एस०आर० विधि से धान बीज की बुवाई तथा जैविक खेती पद्धतियों, सिंचाई प्रबन्धन और जल संरक्षण के उपाय बताये गये तथा साथ ही पीएम-किसान, फार्मर रजिस्ट्री, फसल बीमा, डिजिटल क्राप सर्वे आदि की जानकारी कृषकों को दी गयी। उक्त कार्यक्रम में प्रेमचन्द्र कुशवाहा, सलाहकार, एन०एफ०एस०एम०, हरदोई द्वारा कृषकों को मृदा परीक्षण की आवश्यकता और उसके आधार पर उर्वरक प्रबन्धन की जानकारी दी गयी। मृदा परीक्षण द्वारा हम खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति जान सकते हैं तथा उसी आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग कर कृषक अपनी फसल की उपज व गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं। विश्वन कुमार, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार, टोडरपुर द्वारा कृषकों को श्री अन्न की बुवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा श्री अन्न की फसलों में लगने वाले रोग एवं कीट तथा उनकी प्राकृतिक/जैविक विधि से नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गयी।

## हरदोई की सेजल ने नीट 2025 में हासिल की बड़ी सफलता

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। सुभाष नगर की रहने वाली सेजल अग्निहोत्री ने नीट 2025 परीक्षा में 591 अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सेजल को ऑल इंडिया रैंक 2091 प्राप्त हुई है। वह गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, हरदोई की छात्रा हैं। सेजल के पिता सरस कुमार अग्निहोत्री भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर मेरठ में तैनात हैं, जबकि मां प्रीति अग्निहोत्री बावन विकास खंड में शिक्षिका हैं। सेजल की इस सफलता से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और कठिन परिश्रम को दिया। सेजल ने कहा कि उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। सेजल की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं से अश्लील हरकत करने पर एफआईआर

शाहजहांपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। थाना रोजा क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने महिलाओं को देखकर अश्लील गाने गाने और अभद्र टिप्पणियां करने का काम किया। विरोध करने पर उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पड़ोस के दबंगों से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी के चलते आरोपी उनके परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। जब भी घर की महिलाएं बाहर निकलती हैं, आरोपी अश्लील गाने गाकर उनका उत्पीड़न करते हैं। 8 जून को भी जब महिलाएं घर से बाहर निकलीं, आरोपियों ने अश्लील गाने गाए। महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां कीं। इस हरकत का विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार को घेर लिया। उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की इन हरकतों के कारण महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच शुरू कर दी गई है।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत मांगे आवेदन

शाहजहांपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। प्रदेश सरकार द्वारा पारंपरिक हस्तशिल्प एवं कारीगर समुदाय के सशक्तिकरण हेतु संचालित 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के अंतर्गत जनपद में विभिन्न ट्रेड्स से संबंधित कारीगरों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य परंपरागत व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को तकनीकी दक्षता, आधुनिक उपकरण एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पारंपरिक कारीगरों जैसे नाई, बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी आदि ट्रेड्स से जुड़े लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले चयनित अभ्यर्थियों को टूलकिट एवं निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### ब्लाक सभागार में कृषि गोष्ठी आयोजित

शाहाबाद/हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। ब्लॉक सभागार मे उत्तर प्रदेश कृषि विभाग द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि निवेश मेला, सुचना तंत्र मे सुधार करने व कृषि संबंधित सूचनाओ, ससमय नवीन तकनीक के साथ कृषि के प्रति किसानों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने फीता काट कर कृषि गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

## 'बहादुर बेटियां फाउंडेशन' के समर कैंप का हुआ भव्य समापन

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। बहादुर बेटियां फाउंडेशन द्वारा आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप 2025 का समापन समारोह शुक्रवार को नगर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि सम्माननीय अतिथि निरमा देवी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, आर आर इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल के पी सिंह, विधायक प्रभास की धर्मपत्नी समाज सेविका निरमा देवी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, इसके पश्चात सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समर कैंप में प्रतिभागी बालिकाओं द्वारा तैयार कलश सज्जा, पारंपरिक चौक, मंडला आर्ट, क्राफ्ट वर्क, मेहंदी डिजाइन आदि कृतियों का



अतिथियों ने अवलोकन किया और उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। कला, आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता का मिला प्रशिक्षण फाउंडेशन की संस्थापिका कुसुमलता गुप्ता ने बताया कि इस समर कैंप में बालिकाओं को विभिन्न कलाओं एवं जीवनोपयोगी विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनमें डांस प्रशिक्षक अंकित गुप्ता, मार्शल आर्ट मानिक बंसल, मेंहदी कला चेतना माहेश्वरी, क्राफ्ट वर्क नमिता गुप्ता, मंडला आर्ट सबेनूर, ब्यूटीशियन / पार्लर रचना गुप्ता रहे। बालिकाओं ने मंच पर आत्मविश्वासपूर्वक इन सभी विधाओं का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों और अतिथियों का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा,

बेटियाँ अगर सशक्त होंगी, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेगा। बहादुर बेटियां फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। निरमा देवी जी, ने बालिकाओं की प्रतिभा और फाउंडेशन के समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की।

इस अवसर पर सभी प्रशिक्षकों एवं फाउंडेशन टीम के सक्रिय पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिन्हें पाकर उनके चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।

## पूर्व विधायक को धमकी देने पर चार के खिलाफ रिपोर्ट

शाहजहांपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। थाना मदनापुर क्षेत्र में एक पूर्व विधायक के खिलाफ झूठी शिकायत करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। ददरौल विधानसभा के पूर्व विधायक देवेन्द्र पाल सिंह ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

मामला कुछ साल पुराना है जब पूर्व विधायक का ट्रैक्टर चोरी हो गया था। पुलिस ने गांव मजरा अंटिया के लालू सिंह, उनके बेटे राजू सिंह और राजेंद्र की निशानदेही पर ट्रैक्टर बरामद किया था। इसके बाद पूर्व विधायक अदालत से ट्रैक्टर वापस ले चुके हैं। इसी रंजिश में आरोपियों ने पूर्व विधायक पर 100 बीघा जमीन पर अवैध कब्जे का झूठा आरोप लगाते हुए आईजीआरएस पर शिकायत कर दी। चकबंदी अधिकारी की जांच में यह आरोप झूठा साबित हुआ। 6 मई को जब पूर्व विधायक ने आरोपियों से झूठी शिकायत के बारे में पूछताछ की, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। इस घटना के दौरान वहां कई लोग जमा हो गए। पूर्व विधायक का कहना है कि इस घटना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टोल प्लाजा को ले भाकियू का प्रदर्शन

शाहजहांपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिराम वर्मा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कई मुद्दों पर विरोध जताया। पुवायां से बंडा मार्ग पर तीन अलग अलग रोड पर 14 किलोमीटर के अंदर तीन टोल प्लाजा बनाए गए हैं। यह केंद्र सरकार के नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 7 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या भी उठाई। ये पशु खेतों में घूमकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। श्री वर्मा बोले सीएम आवास तक करेंगे पैदल मार्च कीटनाशक दवाओं की बिक्री पर भी सवाल उठाए गए।

## स्वदेशी जागरण मंच की बैठक संपन्न पाली नगर कमेटी का हुआ गठन

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। स्वदेशी जागरण मंच की बैठक पाली में सुरेश चंद्र मिश्रा के आवास पर मुख्य अतिथि हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में की गई। सभी ने उनका और जिला संयोजक को स्वागत किया।

सुबीन गुप्ता, अशोक गुप्ता की उपस्थिति में बैठक हुई। मुख्य अतिथि हर्ष वर्धन सिंह ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए हमारे साथ आकर एक कदम बढ़ाना पड़ेगा।वह कार्यकताओं के लिए तन मन धन से हमेशा समर्पित हैं। आजकल पढ़े लिखे लोग नौकरी तलाश में अपनी उम्र लगा देते हैं परंतु सरकार के द्वारा युवाओं को 5 लाख तक बगैर ब्याज लोन दिया जा रहा है जिससे सभी युवा वर्ग स्वयं अपना बिजनेस करें और लोगों को खुद नौकरी पर रखें और उन्होंने कहा, जहां पर हमारी आवश्यकता पड़े हम अपने संगठन के लोगों के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। अवनीश द्विवेदी ने सभी पदाधिकारी को जल्द से जल्द एक टीम बनाने को कहा। हमारे साथ सैकड़ो कार्यकर्ता होंगे ऐसे ही पूरे जिले में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जुड़ते हैं तो एक मजबूत संगठन बनता है और संगठन की शक्ति सभी जानते हैं इसको बताने की आवश्यकता नहीं है।इस मौके पर कई पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई।जिसमें संयोजक रितेंद्र कुमार राजपूत, सहसंयोजक अंकित मिश्रा, अनुज आजाद, प्रचार प्रमुख सुरेश कुमार मिश्रा, नगर संघर्ष वाहिनी प्रमुख उमेश अग्निहोत्री, संपर्क प्रमुख अनुज शुक्ला, समन्वयक कपिल अवस्थी को दायित्व दिया गया।

## दो गैरजमानती वारण्टियों को पकड़ा

शाहजहाँपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना काँट द्वारा गठित टीमों ने जगह जगह छापेमारी कर न्यायालय द्वारा उद्घोषित 02 गैरजमानती वारण्टियो को गिरफ्तार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना काँट के नेतृत्व मे चेकिंग जिला बदर व न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टियो व वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु जगह-जगह, अलग-अलग स्थान पर छापेमारी की गयी जिससे थाना काँट पुलिस टीम को 02 गैरजमानती वारण्टी अप्पु पुत्र रामलडैते निवासी मो0 गढी पश्चिमी कस्बा व थाना काँट अनिल कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 धनीराम मिश्रा निवासी मो0 गढी पूर्वी कस्बा व थाना काँट को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये वारण्टियो को बाद विधिक कार्यवाही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## युवती लापता आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद/ हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज हाल में विवाह समारोह में शामिल होने आई एक युवती के लापता होने पर पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार 14 जून को वह परिवार सहित कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में विवाह समारोह में सम्मिलित होने आया था।दोपहर एक बजे पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरवा किला निवासी जीशान खां पुत्र अलाउद्दीन उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया।उसकी पुत्री बक्से में रखी एक जोड़ी सोने की झुमकी, 100 ग्राम चांदी की पायल और बीस हजार रूपए की नगदी भी अपने साथ ले गई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।


### कार्यालय : रामपुर नबदिया ग्राम पंचायत वि0खं0 कटरा खुदागंज, शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रित सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि रामपुर नबदिया ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना अनुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खड़ण्जा नवनिर्माण/खड़ण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैटिक, दरी, अलमारी, सोलर पेनल, बेटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सेनेटाइजिंग, फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 17/ 06/ 25 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/06/25 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ग्राम प्रधान- उबैद आलम सचिव- कुलदीप बर्मा

### कार्यालय : वैवहा ग्राम पंचायत वि0ख0 कटरा खुदागंज, शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रित सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वैवहा ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना अनुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्यवित्तआयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खड़ण्जा नवनिर्माण/खड़ण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ई-रिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप,टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैटिक, दरी, अलमारी, सोलर पेनल, बेटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सेनेटाइजिंग, फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 17/06/25 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/06/25 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ग्राम प्रधान- नन्हे सचिव-अभय अवस्थी

### कार्यालय : बाबूपुर बुजुर्ग ग्राम पंचायत वि0ख0 कटरा खुदागंज, शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रित सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बाबूपुर बुजुर्ग ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना अनुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खड़ण्जा नवनिर्माण/खड़ण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ ई-रिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैटिक, दरी, अलमारी, सोलर पेनल, बेटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सेनेटाइजिंग, फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 17/ 06/25 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/06/25 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ग्राम प्रधान- अनुज कुमारी सचिव- अभय अवस्थी

### कार्यालय : दूउरिया ग्राम पंचायत वि0ख0 कटरा खुदागंज, शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रित सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि दूउरिया ग्राम पंचायत की वर्ष 2025 - 2026 की कार्य योजना अनुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खड़ण्जा नवनिर्माण/खड़ण्जा मरम्मत, मिटटी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर /अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/ मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टर लॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ई-रिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैटिक, दरी, अलमारी, सोलर पेनल, बेटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सेनेटाइजिंग, फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 17/06/25 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/06/25 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा

ग्राम प्रधान- सोनी सिंह सचिव-कुलदीप बर्मा


# विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध : डा. आदर्श

हरदोई, 16 जून (तरूणमित्र)। विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पर हरियावां मण्डल के ग्राम पहल में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डाङ्कआदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट हाई कोर्ट ने कहा केंद्र सरकार ने 11 सालो में सेवा को केंद्र बिंदु मानकर गरीब का कल्याण करते हुए सुशासन दिया है।

सेवा का उदाहरण देखना हो हम देखेंगे कि कुछ वर्षो पहले पूरी दुनिया ने कोविड जैसी महामारी देखी है कोई इससे अछूता नहीं रहा है तब हमारी सरकार ने देश की नागरिकों को सहारा दिया और न सिर्फ कोविड का सामना किया बल्कि अत्यंत कम समय में स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण कराया और अपने देश के साथ ही दुनिया के कई देशों को पहुचाई गई और उस समय भी विपक्ष लगातार विरोधाभाषी बयानों में लगा रहा। यह सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। श्री मिश्र ने कहा कि




11 वर्ष पूर्व भारत की तुलना पहले जहां पाकिस्तान से होती थी वही इन 11 वर्षो में वैश्विक पटल पर चित्र बदला है और आज भारत की तुलना अमेरिका, चाइना, ब्रिटेन, रूस और जापान जैसे विकसित देशों से होती है और इसका प्रमाण है कि आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने है। सभा को सम्बोधित करते हुए मुकेश गुप्ता मन्डल अध्यक्ष हरियावा ने कहा युवा देश का भविष्य है' विकसित भारत के संकल्प को युवाओं आगे आकर काम करना होगा' विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए मोदी सरकार लगातार प्रतिबद्ध है

कार्यक्रम की अध्यक्षयता मन्डल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, एवं संचालन मन्डल महामंत्री प्रमोद सिंह ने किया 'कार्यक्रम का आयोजन मन्डल मंत्री डॉ रजनीश पाल ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रुप से महामंत्री डाङ्कअरूण मिश्रा प्रधान ककवाही, भाजपा नेता आशुतोष बाजपेई आजाद प्रधान खेरिया, पुनीत मिश्रा पूर्व प्रधान हरियावा, संतोष पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष हरियावा, महेश पाल कोटे दार सहित मण्डल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 17 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, आषाढ़ कृष्ण पक्ष- षष्ठी

# महिलाओं को आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र की एनडीए 3.0 सरकार ने संकेत दिया है कि वह 2029 के लोकसभा चुनाव तक महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण देने की योजना को अमल में लाएगी। हालांकि इस ऐतिहासिक निर्णय की राह पूरी तरह से परिसीमन और आगामी जनगणना के परिणामों पर निर्भर करेगी, फिर भी ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को समयबद्ध रूप से लागू करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। बता दें कि मोदी सरकार द्वारा सितंबर 2023 में संसद द्वारा पारित 128 वें संशोधन संविधान विधेयक के तहत 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू किया गया था। इस कानून के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई यानी 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। लेकिन इस आरक्षण को लागू करने के लिए एक शर्त भी रखी गई है। वास्तव में यह विधेयक केवल तब लागू होगा जब अगली जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। भले ही केंद्र सरकार ने इस अधिनियम को 2029 में लागू करने की बात कही हो, लेकिन ये राह इतनी आसान नहीं होने वाली है। सरकार के सामने विपक्ष की अड़चन, जनगणना जैसे कई रोड़े होंगे जिसे हटाना इतना सरल नहीं हैं। डीएमके और कांग्रेस जैसी पार्टियाँ परिसीमन का विरोध, विशेषकर दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर संभावित प्रभाव को लेकर कर रही हैं। एनडीए के सहयोगी उपेंद्र कुशवाहा बिहार के लिए 'जनसंख्या के अनुपात में न्यायपूर्ण सीटें' देने की माँग को विधानसभा चुनाव का मुद्दा बना चुके हैं। उधर, सरकार ने घोषणा की है कि अगली जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी और इसकी रिपोर्ट 1 मार्च 2027 तक उपलब्ध होगी। यह जनगणना डिजिटल माध्यमों यानी मोबाइल ऐप और केंद्रीयकृत पोर्टल से की जाएगी ताकि डेटा जल्द उपलब्ध हो सके। इस जनगणना में जातिगत आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा। जनगणना के बाद संसद को परिसीमन अधिनियम पारित करना होगा, जिसके आधार पर एक परिसीमन आयोग गठित किया जाएगा। यह आयोग लोकसभा और विधानसभा सीटों के पुनर्निर्धारण और सीमांकन का कार्य करेगा। यह प्रक्रिया आमतौर पर दो से तीन साल का समय लेती है। जाहिर है, सरकार का संसद में महिलाओं को 33% आरक्षण के लिए इतना समय चाहिए। पर, फिर भी यह कहा जा सकता है कि 2029 तक महिलाओं को आरक्षण देने की योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, लेकिन इसकी सफलता पूरी तरह से समय पर जनगणना और परिसीमन के निर्बाध क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। साथ ही, इसमें दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक चिंताओं को संवेदनशीलता से संबोधित करना भी अहम होगा। यदि सरकार यह कर पाने में सफल रहती है, तो यह कदम भारतीय राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिहाज से ऐतिहासिक बदलाव साबित हो सकता है।

## मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर

प्रियंका सौरभ

मिलावट शब्द सुनते ही जहन में नकली दूध, पत्थर मिली मूँगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ.पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। बाजार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मजे की बात देखिए– इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। मूँगफली में पत्थर मिलना अब कोई आश्चर्य नहीं रहा। दाल में कंकड़, मटर में रंग, नमक में पाउडर और घी में मोम – ये सब जैसे अब जीवन के स्थायी सदस्य हो गए हैं। दुकानदारों से लेकर बड़े-बड़े ब्रांड्स तक, मुनाफे की अंधी दौड़ में सब शामिल हैं। हर कोई चाहता है कम लागत में ज्यादा मुनाफा, और इसका सबसे आसान तरीका है– मिलावट। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि। गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफसोसनाक कहानी है।

अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में जहर घोल रहा है। एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की जरूरत है – कहीं वह मिलावटी न हो। बाजार में 'शुद्धता' अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। '100% शुद्ध' लिख देने से चीजें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं। बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग – ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियाँ हैं। और अफसोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो 'चलता है' वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## सूडोकु नवताल- 7463

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7462 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती



ललित गर्ग

**इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है।**

ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये?

विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है? इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है।

इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए।

उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है। जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है।

ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे।

जो आपरेशन शुरू किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है बंजरपन का रकबा



बाल मुकुन्द ओझा

मरुस्थलीकरण और सूखे का मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र हर साल 17 जून को विश्व दिवस मनाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम भूमि को पुनःस्थापित करें और अवसरों को खोलें रखी गई है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भूमि को मरुस्थल होने से रोकने के लिए जागरूक किया जाता है। भूमि के बंजर होने की समस्या ने आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भारत की बात करें तो यहां उपजाऊ भूमि के बंजर होने का खतरा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में मात्र 11 प्रतिशत जमीन ही उपजाऊ है। मरुस्थलीकरण का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है। भारत की कुल भूमि का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण से प्रभावित है। भारत में कुल 32 करोड़ 90 लाख हेक्टेयर जमीन में से 12 करोड़ 95 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि बंजर बताई जा रही है।

बंजरपन का रकबा साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है जिसे सख्ती से रोका नहीं गया तो देश में अनाज का संकट खड़ा हो सकता है। जलवायु परिवर्तन सहित सूखा, बाढ़, जहरीले कीटनाशकों के तेजी से इस्तेमाल, वनों की कटाई, अधिक चराई, खराब सिंचाई और अत्यधिक जल दोहन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आने से उपजाऊ धरती मरुस्थल का रूप धारण करती जा रही है। विश्व के समक्ष यह एक बड़ी समस्या है जो दिन प्रतिदिन गहराती जा रही है। हमारे लाख प्रयासों के बावजूद मरुस्थल का फैलाव रोका नहीं जा सका है।

इस समस्या की जड़ में एक वजह मानवजनित कारणों को बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। भूमि की गुणवत्ता खराब होने से राष्ट्रीय घरेलू उत्पाद में हर साल आठ प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। भूमि क्षरण और उसके दुष्प्रभावों से मानवता पर मंडराते जलवायु संकट के और गहराने की आशंका है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं जिनसे दुनिया भर में लाखों लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, प्रभावित हो रहे हैं। इससे निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों की महती जरुरत है। मरुस्थल या रेगिस्तान ऐसे भौगोलिक क्षेत्रों को कहा जाता है जहां जलपात वर्षा तथा हिमपात का योग अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा काफी कम होती है। मरुस्थलीकरण की परिभाषा के अनुसार यह जमीन के खराब होकर अनुपजाऊ हो जाने की ऐसी प्रक्रिया है जिसमें जलवायु परिवर्तन तथा मानवीय गतिविधियों समेत अन्य कई कारणों से शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और निर्जल अर्ध-नम इलाकों की जमीन रेगिस्तान में बदल जाती है।

इससे जमीन की उत्पादन क्षमता में कमी और ह्रास होता है। एशियाई देशों में मरुस्थलीकरण पर्यावरण सम्बन्धी एक प्रमुख समस्या है। मरुस्थलीकरण शुष्कए अर्द्ध शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भूमि का क्षरण है। मुख्य रूप सेए यह मानवीय गतिविधियों और फिर जलवायु परिवर्तन के कारण होता है। इसका मतलब मौजूदा रेगिस्तानों का विस्तार नहीं है, बल्कि यह शुष्क भूमि पारिस्थितिक तंत्र, वनों की कटाई, अधिक चराई, खराब सिंचाई कार्य प्रणाली आदि के कारण होता है जो भूमि की उत्पादकता को प्रभावित करता है।

स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर 'एसएसी' द्वारा मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर बनाये देश के पहले एटलस के अनुसार भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का तकरीबन 30 फीसदी हिस्सा मरुस्थल में तब्दील हो चुका है। इसके अलावा देश के 69 फीसदी हिस्से को शुष्क क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। देश के सामने उपजाऊ भूमि के क्षरण का यह एक बड़ा खतरा है जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की महती जरुरत है। देश में बढ़ रहे मरुस्थलीकरण के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले है। बंजरपन बढ़ रहा है और साथ ही मिट्टी का कटाव भी बढ़ रहा है। देश का 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण की चपेट में है। तीन मिलियन हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पिछले 15 वर्षों में खराब हुई है। देश में प्रति मिनट 23 हेक्टेयर शुष्क भूमि सूखे और मरुस्थलीकरण की चपेट में आ जाती है जिसकी वजह से 20 मिलियन टन अनाज का संभावित उत्पादन प्रभावित होता है। देश का 70 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र शुष्क भूमि के रूप में है जबकि 30 प्रतिशत जमीन भूक्षरण और 30 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया से गुजरती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# देवभूमि : धार्मिक यात्रा में बढ़ती हवाई दुर्घटनाएं

प्रभुनाथ शुक्ल

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहाँ धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। धार्मिक स्थलों पर आए दिन श्रद्धालुओं के मरने की घटनाएं होती रहती हैं। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है।

जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुई है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुई दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया।

17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुँचाते हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते हेलीकॉप्टर हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह उचित फैसला। भारत सरकार के डीजीसीए ने अगले आदेश तक हेलीकॉप्टर की सभी उड़ानों पर रोक लगा दिया है। लेकिन सिर्फ रोक से काम नहीं चलेगा सम्वधित घटनाओं की जाँच होनी चाहिए। सवाल उठता है किस तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किस स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। निर्दोष यात्रियों की जान को जोखिम में क्यों डाला जा रहा है। पैसा कमाने की होड़ में श्रद्धालुओं को मौत के मुंह में क्यों धकेला जा रहा है। सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच पड़ताल की जानी चाहिए। हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर जिस तरह की लापरवाही देखने को मिली है वह हमारी व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल है।

15 जून रविवार को हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में मीडिया रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं कि खराब मौसम के बाद भी निर्दोष श्रद्धालुओं की जान को जोखिम में डालकर हेलीकॉप्टर को उड़ाने के अनुमति दी गई।

हालांकि यह जाँच का विषय है, लेकिन सवाल उठता है कि जब मौसम खराब था फिर हेलीकॉप्टर को उड़ाने की अनुमति किसने दी। जबकि मौसम की गड़बड़ी की वजह से उड़ानों को निलंबित रखा जाता है। इस मामले की निष्पक्ष रूप से जांच होनी चाहिए और निर्दोष लोगों की जान से खेलने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुँचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है।

क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्मगम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है। उत्तराखंड पहाडों का राज्य है यहाँ हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। दूसरी तरफ हेलीकाप्टर में सिंगल इंजन होते हैं। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्कत हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊँचे-ऊँचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहाँ विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जाँच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। फिलहाल उड़ान पर प्रतिबन्ध लगाकर धामी सरकार ने उचित निर्णय लिया है। उड़ान भरने वाली सभी निजी कंपनियों की जाँच होनी चाहिए। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मिथुन** : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। यात्रा का योग बन रहा है।

**सिंह** : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या** : भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु** : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुम्भ** : अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मीन** : नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

## शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम

**बरेली, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार को प्रत्येक दिन की तरह कलेक्ट्रेट कार्यालय में आम आदमी की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।



जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं और शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी आम आदमी को शिकायत लेकर डोर टू डोर भटकना न पड़े। निर्देश दिए कि सभी अफसर 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे।

# जिलाधिकारी ने योगाभ्यास एवं वृक्षारोपण कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया उद्घाटन

**बिजनौर, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में रविवार को इंदिरा बल भवन बिजनौर में अंतर्राष्ट्रीय दिवस का उद्घाटन समारोह 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' के लिए योग थीम के अंतर्गत किया गया। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्घाटन समारोह एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अन्तर्गत इन्दिरा बाल भवन, बिजनौर में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सम्पन्न हुआ जिसमें जिलाधिकारी महोदया बिजनौर मुख्य अतिथि के रूप में रही। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी/ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई तथा इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी योग संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका आह्वान किया कि समाज में योग के प्रति जागरूकता पैदा करें और आज के युग में योग के महत्व एवं उसकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से आमजन को जागरूक करें ताकि सभी लोग योग को अपने जीवन में शामिल कर आध्यात्मिक एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। जिलाधिकारी द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत पात्र परिवारों को सहायता राशि का किया गया वितरण

**बरेली, 16 जून (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को राजधानी में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ की सहायता राशि का वितरण किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया, जिसमें सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सदस्य विधान परिषद बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक फरीदपुर श्याम बिहारी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देश दीपक सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित लाभार्थियों ने देखा और सुना।




इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जनपद की विभिन्न तहसील के पात्रों को प्रतीकात्मक चेक का वितरित किये गये। योजनान्तर्गत जनपद बरेली की तहसील सदर के 03, आंवला के 16, बहेड़ी के 9, मीरगंज के 6, नवाबगंज 01, तथा फरीदपुर के 4 कुल 39 आश्रित परिवारों को 1.95 करोड़ रु0 की आर्थिक सहायता का वितरण किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक,मौत

**फिरोजाबाद, 16 जून (तरूणमित्र)।** थाना रसूलपुर के खम्मा नंबर 1228/08 के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई हैरसूलपुर क्षेत्र के रेलवे खंबा नंबर 1228/08 के समीप रविवार की शाम एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी, मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और उसने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया परंतु पहचान नहीं हो सकी पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है , जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है, पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 37 वर्ष है।

# परिवार जोड़ो अभियानः एक राष्ट्र एक परिवार का संकल्प

**फिरोजाबाद, 16 जून (तरूणमित्र)।** संयुक्त परिवार - सुखी परिवार, की एक मुहिम, जिसे 'एक राष्ट्र -एक परिवार 'राष्ट्रयापी अभियान के नाम से आगे बढ़ाया जा रहा है 'अभी तक यह पहल सिर्फ कांच नगरी फिरोजाबाद की आवाज थी, परन्तु अब यह प्रदेश के अन्य जिलों में भी पहुंच रही है, इसी के चलते 'एक राष्ट्र एक परिवार 'की आवाज आज से सिरसागंज में भी उठ रही है 'सिरसागंज में इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए रविवार को एक संगोष्ठी रखी गयी, जिसकी अध्यक्षता पंडित सीताराम शर्मा ने की सानिध्य कुल गुरु देवब्रत पांडे, विनोद पचौरी का प्राप्त हुआ।




परिवार के संस्कार और पितृ दिवस पर सभी युवाओं ने अपने से बड़े पिता तुल्य अभिभावकों का पूजन कर एवं पट्टिका पहनाकर स्वागत किया, कार्तिकेय दुबे ने अपने पिता का विधिवत पूजन कर पितृ दिवस मनाया, इस गोष्ठी में टूटते हुए परिवारों को फिर से कैसे जोड़ा जाये, उन्हें किस प्रकार समाज में शिक्षा, स्वास्थ, स्वरोजगार, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कैसे कार्य किया जाये और संयुक्त परिवार में रहने के क्या क्या फायदे हैं, इन सभी मुद्दों पर सभी ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये और इस मुहिम को जनता की भलाई के लिए बहुत ही अच्छी पहल बताते हुए सराहा और इसे आगे बढ़ाने में अपना अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए समर्थन किया, साथ ही राष्ट्र धर्म सर्वोपरी रखने की पहल की साथ ही इस 'परिवार जोड़ो अभियान' को आगे बढ़ाने के लिए अन्य अलग अलग जिलों में भी इसका विस्तार हो इसके लिए भी सभी ने अपना पूर्ण सहयोग देने का वादा किया '

गोष्ठी के अंत में अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में जान देने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखने के बाद गोष्ठी को विराम दिया गया।गोष्ठी का सफल संचालन राजेश दुबे ने किया, इस अवसर पर आशाराम यादव, पार्षद, अवधेश भारद्वाज, गिरजाशंकर उपाध्या, अनिल मिश्रा, मुकेश उपाध्याय, मणिकांचन, नितिन मिश्रा, राजीव शर्मा, अनुप कुमार, संजीव दुबे, श्रीमती सरोज शर्मा, रेखा गुप्ता, मधु दुबे, स्वाति दुबे, भूमि दुबे आदि मौजूद रहे।

# हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी को ट्रस्ट में किया जाएगा परिवर्तित

**पीलीभीत, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिले में विभिन्न गतिविधियो को प्रोत्साहित करनी वाली संस्था हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर कुछ संग्रहकताओं ने अपने नये संग्रह का प्रदर्शन किया। बैठक में अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की पत्नी तथा कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की माता जी के निधन दो मिनिट का मौन रखा गया।

स्थानीय ओम लॉन में सोसायटी के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सचिव हर्षल सिंह ने आगामी कार्यक्रमों के रुप में विभिन्न विद्यालयों में कार्यशालाओं के आयोजन का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी। सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने सोसायटी को ट्रस्ट में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए ट्रस्ट के पंजीकरण तथा अन्य कार्यो के लिए विक्रम सेन सक्सेना को अधिकृत किया। बैठक में मोहम्मद रेहान और अमित वर्मा ने उनके संग्रह में शामिल नये सिक्कों का प्रदर्शन भी किया गया। बैठक मे अध्यक्ष रमाकांत शर्मा की पत्नी तथा कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की माता जी के निधन दो मिनिट का मौन रखा गया। बैठक में संरक्षक डॉ.एसपीएस संधू, धीरेंद्र सिंह, सभासद साकेत सक्सेना, मुकुल अग्रवाल, राकेश कुमार, मोहम्मद रेहान, अमित वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# आला हजरत ताजुशशरिया सोसायटी ने 6 बच्चों की चमकायी किस्मत

## फरमान मियां की मदद से मेधावियों ने नीट परीक्षा में कामयाबी हासिल की

**बरेली, 16 जून (तरूणमित्र)।** दरगाह आला हजरत से जुड़ी संस्था के सहयोग से इस बार पाँच बच्चों ने नीट परीक्षा पास की। आला हजरत ताजुशशरिया वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक वा भारत गौरव रत्न से सम्मानित फरमान हसन खां आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। उनके प्रयासों से अब तक बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर कंप्यूटर विशेषज्ञ बन रहे हैं। दरगाह आला हजरत से जुड़े संगठन आला हजरत ताजुशशरिया वेलफेयर सोसायटी मजहबी कार्यों के साथ सामाजिक कार्यों को भी निष्ठा के साथ करा रही है। इस साल 150 बच्चों को जनकपुरी स्थित डेल्टा कोचिंग में नीट की मुफ्त कोचिंग कराई। इस वर्ष कोचिंग करने वाले 6 अभ्यर्थी अच्छे अंको से नीट में सफल हुए वा 100 से ज्यादा बच्चों ने क्वालिफाई किया ।सोसायटी पिछले कई सालों से नीट, इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग करा रही है। बड़ी मात्रा में बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करवाया जा रही है।जिसमें अब तक 32 बच्चे देश के सरकारी कॉलेज में चयनित हो चुके हैं। गौरतलब है संस्था जरूरतमंदों के बड़ी मात्रा में ऑपरेशन वा कंप्यूटर कोर्स भी कराती रहती है।

जनकपुरी की डेल्टा कोचिंग के डायरेक्टर सैयद जसीम के यहां 150 बच्चों को मुफ्त कोचिंग सोसाइटी की ओर से कराई गई। जिसमें 6 बच्चे अच्छे अंकों से जिसमें संजीव कुमार 407 (केटेगरी) मो.सलीम 496, बुशरा खान 384, मो.जैद 475, अमन खान 442, जैनुल खान 436, पास हुए व बाकी बच्चो ने क्वालीफाई किया। फरमान मिया ने कहा सोसाइटी का मिशन है कि समाज के निचले तबके तक स्वास्थ्य और शिक्षा पहुंचे। सामाजिक असमानता को कम करने के लिए जरूरी है कि समाज से मजदूर का बच्चा भी इंजीनियर, कंप्यूटर विशेषज्ञ और डाक्टर बने।

ऐसे मेधावी बच्चे जिनके माता-पिता आर्थिक तंगी के चलते आगे पढ़ाई नहीं करा पाते हैं। संगठन ऐसे बच्चों को बिना किसी भेदभाव के हरसंभव मदद करती है। इस बार भी 6 बच्चे नीट में पास हुए हैं। फरमान मियां ने कहा कि हमारा मिशन है कि बच्चे पढ़-लिख कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े। मुफ्ती, आलिम, हाफि ज के साथ-साथ इंजिनियर और डॉक्टर बनकर अपने परिवार का नाम रौशन करे। उन्होंने कहा रजा नगरी की पहचान दुनिया भर में ज्ञान और इल्म की रोशनी से है। अच्छी संख्या में बच्चों के पास होने पर जमात रजा ए मुस्तफा के पद अधिकारी मोइन खान , शमीम अहमद, मौलाना शम्स, सूफी अबरार अहमद नूरी, कारी फैजान अशरफ, हाफिज आमिर, जफर बेग, जनार्दन आचार्य, बिट्टू सिंह, जहीर अहमद, जुलफि कार अहमद, जुनैद रजा, मुस्तफा नवाज , शैबुद्दीन रजवी, साकिब अली, अब्दुल वाजिद , हाफिज आदिल रजा, हाफिज आमिर रजा,आदि ने उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## फैक्ट्री की छत से गिरकर श्रमिक की मौत

**फिरोजाबाद , 16 जून (तरूणमित्र)।** थाना टूंडला के दिनौली मोड स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत एक श्रमिक की रविवार की रात सोते समय छत से गिरने से मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई हैजनपद फरुर्खाबाद के जिला जहानगंज क्षेत्र के गांव बोहरा निवासी 32 वर्षीय पुष्पेंद्र कुमार पुत्र अरविंद कुमार थाना टूंडला की चौकी राजा के ताल क्षेत्र के दिनोली मोड़ स्थित मित्तल ओवरसीज फैक्ट्री में काम करता था, रविवार की रात वह फैक्ट्री की छत पर सो रहा था, तभी वह छत से नीचे गिर गया, जिसके फल स्वरुप उसकी मौत हो गई सोमवार की प्रातः जब अन्य श्रमिकों ने उसे देखा तो हड़कंप मच गया, उन्होंने आनंन-फानन में फैक्ट्री संचालक को सूचना दी। फैक्ट्री संचालक ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है, और परिजनों को सूचना दे दी गई है।


**कार्यालय निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ**

पत्र सं0– /हार्डवेयर सामग्री आपूर्ति निविदा (25–26)/जू लखनऊ, दिनांकः जून, 2025

**ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में ''समय–समय पर हार्डवेयर सम्बन्धित सामग्री की आवश्यकतानुसार आपूर्ति'' समस्त कर, टैक्स एवं मय प्राणि उद्यान के स्टोर तक पहुचाने सहित एक वर्ष हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 20.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। निविदादाता को ई–निविदा में भाग लेने हेतु निविदा शुल्क रू0 1298/– (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) का डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा अर्नेस्ट मनी के रूप में रू0 5,500/–का एफ0डी0आर0 जो निदेशक, प्रिन्स आफ वेल्स जुलोजिकल गार्डेन्स ट्रस्ट, लखनऊ के नाम निरूपित हो, के रूप में एक लिफाफे में सील कर **''हार्डवेयर सामग्री आपूर्ति''** दिनांक 30.06.2025 को सायंः 05:00 बजे तक निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के कार्यालय में देना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 01.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा आनलाइन विधि से खोली जायेगी।

किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ को होगा।

**(अदिति शर्मा)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ

U.P. 235008 dt. 16/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# ईओ संग सड़कों पर निकलीं एसडीएम सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**बहेड़ी-बरेली, 16 जून (तरूणमित्र)।** सोमवार सवेरे एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शशि प्रभा चौधरी के साथ सड़कों पर निकलकर कस्बे में जल भराव और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।



उन्होंने नैनीताल रोड, मीना बाजार, मोहल्ला तलपुरा, रेलवे लाइन नाले की सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने नाले पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। सफाई इंस्पेक्टर अहमद हसन को नोटिस जारी कर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कुछ स्थान पर तुरंत कार्रवाई कराते हुए जेसीबी मशीन लगवाकर अतिक्रमण भी हटवाया। इस दौरान नगर के नालों की पूर्ण रूप से सफाई न होने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग, नगर अध्यक्ष सलीम रहबर, हाजी इरशाद मिलन, उमर रशीद, तैयब कासमी, असलम खान, कमरुज्जमा शानू, सईद अहमद शेरी आदि मौजूद रहे।

# हेल्प डेस्क नंबर पर कॉल कर दर्ज करा सकते हैं शिकायत

## बोले डीडीओ, शिकायत के निस्तारण की भी मिलेगी जानकारी

**बरेली, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि जन सामान्य की सुविधा एवं उनकी शिकायत/समस्या के निस्तारण के संबंध में जानकारी की सहज उपलब्धता के दृष्टिगत उन्हें नोडल नामित किया गया है।

उक्त के क्रम में जिला विकास अधिकारी ने जन शिकायत /समस्या को दूरभाष के माध्यम से नोट करने एवं उसके निस्तारण की स्थिति के संबंध में जन सामान्य को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रशासनिक अधिकारी, जिला विकास कार्यालय, बरेली को नामित करते हुए अवगत कराया है कि प्रत्येक कार्य दिवस में समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक हेल्प डेस्क नंबर 05812511871 पर शिकायत / समस्या को नोट कराया जा सकता है एवं अपनी शिकायत / समस्या के निस्तारण की स्थिति के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

पत्रांक :- 3913/523 (1)सी0एल0वृत्त/2025-26 दिनॉकः 12.06.2025

**ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में भवन कार्य हेतु रजिस्टर्ड 'ए' एवं 'बी' अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लखनऊ | महिला विद्यालय इण्टर कॉलेज अमीनाबाद लखनऊ में कमरों का निर्माण कार्य। | 76.00 | 5.80 | Rs. 300.00 + 2000.00 +54.00 (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 2354.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-1 लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 19.06.2025 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 24.06.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड एवं दिनांक 24.06.2025 की अपरान्ह 12:00 अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(अशोक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ

(जे0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0,
उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ

U.P. 235001 dt. 16/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की नई वेबसाइट लांच

**बरेली, 16 जून (तरूणमित्र)।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की नई वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू.अग्रसेन में एक "ttps /www.agrsennmahavidyalayably.ac.in/ लांच करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित, निदेशक डॉ. प्रवीन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, समन्वयक ई. धीरज अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात वेबसाइट लांच की गई। वेबसाइट लांच करते हुए महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल ने कहा कि इस वेबसाइट की लाचिंग से महाविद्यालय का नाम पूरे भारतवर्ष में जाना जायेगा । आगामी समय में हमारा प्रयास होगा कि इसे विश्व स्तर पर भी लान्च किया जाये। जिससे सम्पूर्ण विश्व के छात्र-छात्राओं को हमारे महाविद्यालय की जानकारी सुगमता से प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर समन्वयक ई. धीरज अग्रवाल द्वारा वेबसाइट पर उपस्थित समस्त जानकारियों जैसे महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति (रजि.) के उद्देश्य एवं दर्शन के बारे में, प्रबन्ध समिति, महाविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम, उनमें प्रवेश की प्रक्रिया, विभागवार समस्त प्रवक्ताओं, विश्वविद्यालय के आवश्यक लिंक, छात्रवृत्ति लिंक, विभिन्न क्लबों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। वहीं महाविद्यालय के निदेशक ने उद्बोधन में कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को इसका लाभ प्राप्त होगा ,



महाविद्यालय की समस्त जानकारी उन्हें घर बैठकर ही प्राप्त हो जायेगी। किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए वेबसाइट के माध्यम से उनका प्रवेश आसानी से हो सकेगा। अध्यक्ष, अनिल कुमार अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह वेबसाइट महामंत्री, महाविद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे न केवल बरेली के ही नहीं आस-पास के जिलों मे रहने वाले ग्रामीण एवं शहरी छात्र-छात्राएं समय के अभाव में महाविद्यालय में नहीं आ पाते है उनके लिए यह वेबसाइट अत्यधिक उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत परास्नातक के 08 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण भी किया गया। साथ ही वेबसाइट बनाने एवं लांच करने में अहम् भूमिका निभाने वाले निदेशक, प्राचार्य, समन्वयक एवं कार्यक्रम आयोजक क्लब की मेंटोर को स्मृति चिन्ह एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं 4 जून को विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सफल जागरूकता रैली के लिए पर्यावरण क्लब क्लीन एवं ग्रीन की मेंटोर डॉ. नाजो बी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने टैबलेट प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। मंच का संचालन महाविद्यालय के ऐकेडमिक एक्सीलेंस क्लब मेधा की मेंटोर डॉ. आरती बंसल ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को मिली चेकें



फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थियों को सहायता धनराशि वितरित करने संबंधी कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अंबेडकर नगर से किया गया जिसका सजीव प्रसारण गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अजीत सिंह पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक बिन्दकी जय कुमार सिंह जैकी, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की उपस्थिति में देखा व सुना गया। प्रभारी मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के पूर्व किसानों को सहायता व सम्मान देने सम्बन्धी कोई योजना नहीं थी। मुख्यमंत्री ने उनके दुख दर्द को समझा और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना चलाकर किसानों के ऐसे परिवारों को सहायता राशि देकर साहस और धैर्य दिया है। जिससे आश्रित परिवार भविष्य में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के भलाई के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है और किसानों को समृद्ध व खुशहाल बना रही है। मुख्यमंत्री

### किसानों को समृद्ध व खुशहाल बना रही प्रदेश सरकार: अजीत सिंह

कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश में 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिसके क्रम में जनपद में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 178 (सदर में 78, खागा 48, बिन्दकी में 54) आश्रितों को 5.5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतीकात्मक चेक वितरित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य जनप्रतिनिधियो सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल को ग्रीनटेक सीएसआर अवार्ड में मिला शिक्षा संवर्धन का सम्मान

सोनभद्र, 16 जून (तरूणमित्र)। एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों में एक और कीर्तिमान जोड़ते हुए 11वां ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 शिक्षा संवर्धन (च्तवउवजपवद पद म्कनबंजपवद) श्रेणी में प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान विंध्याचल परियोजना द्वारा आसपास के समुदायों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी व प्रभावशाली सामाजिक उत्तरदायित्व प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है।

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा संचालित प्रमुख पहलों में बालिका सशक्तिकरण अभियान,स्टेम लैब की स्थापना, बैंक पीओ, अर्धसैनिक बलों एवं सैन्य भर्ती हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण, तथा खानुआ गांव में 100 बिस्तरों वाले छात्रावास का निर्माण जैसी परियोजनाएँ उल्लेखनीय हैं, जो इस पुरस्कार के सशक्त आधार बने। इस अवसर पर मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने 14 जून 2025 को नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

## डीएम ने मैंगो पैक हाउस से यूके के लिए आम के वाहनों को हरी झंडी दिखा किया रवाना



अमरोहा, 16 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा मंडी परिषद में स्थापित मैंगो पैक हाउस से यूके के लिए 1200 किलो आमों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने मैंगो पैक हाउस का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर मंडी सचिव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

## आश्रित परिवारों को डीएम ने किया आर्थिक सहायता राशि का वितरण



आजमगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जनपद के समस्त तहसीलो में 528 आश्रित परिवारों को रु0 10.90 करोड़ की सहायता राशि का वितरण किया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के अंतर्गत 22 आश्रित परिवारों को प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक का वितरण किया गया। इसके साथ ही जनपद अंबेडकर नगर में आयोजित मुख्यमंत्री जी के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जिलाधिकारी ने बताया कृषक की मृत्यु अथवा पूर्ण शारीरिक अक्षमता पर शत प्रतिशत ( रु0 5 लाख), दोनों हाथ, दोनों पैर अथवा दोनों आंख की क्षति पर शत प्रतिशत (रु0 05 लाख), एक हाथ एक पैर के क्षतिग्रस्त होने पर शत प्रतिशत (रु0 05 लाख), एक हाथ, एक पैर अथवा एक आंख की क्षति पर 50 प्रतिशत (रु0 2.5 लाख), स्थायी दिव्यांगता 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच होने पर 50 प्रतिशत (रु0 2.5 लाख) तथा स्थायी दिव्यांगता 25 प्रतिशत के बीच होने पर 25 प्रतिशत (रु0 1.25 लाख) की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आश्रित परिवारों से संवाद भी किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्मी को दस साल की कैद, 55 हजार का अर्थदंड

फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो ने बलात्कार के विचाराधीन मामले की आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी को दस साल की कैद के साथ ही पचास हजार रुपए अर्थदंड का फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में देते हुए जेल भेज दिया।

शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सहजादीपुर गांव में पड़ोस के रहने वाले अजय कुमार तिवारी व विजय कुमार तिवारी ने दो मई साल 2010 को मां की मौत के बाद से घर पर अकेली रहने वाली उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री से अलग-अलग समय में घर में घुसकर दुष्कर्म किया। पुत्री की तबियत खराब हो गई तो उपचार के लिए अस्पताल ले गया, जहां उसे घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उसने 10 मई 2010 को घटना का मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि मुकदमा विचारण दौरान वादी और उसकी पुत्री को मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी मिलने लगीं।

उन्होंने कहा कि पक्ष-विपक्ष के अधिवक्ताओं के तर्क सुनने और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विजय कुमार तिवारी को दस साल कारावास के साथ ही 55 हजार रुपए अर्थदंड का फैसला सुनाया। एक आरोपी अजय कुमार तिवारी की दौरान मुकदमा मृत्यु हो गई थी। आरोपियों के पक्ष से अधिवक्ता जगनायक संचालन बहस दौरान मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा। अदालत फैसला सुनाते ही दोष सिद्ध विजय कुमार तिवारी को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के आश्रितों को डीएम व भाजपा नेताओं ने बांटे चेक



### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए के चैक आश्रित परिवारों को सहायता राशि के रूप में वितरण किये गए

हापुड़,16 जून (तरुण मित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण सहायता योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को सहायता राशि का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद गौतमबुधनगर में संचालित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

सजीव प्रसारण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के आश्रित परिवारों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ सहायता राशि का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। संजीव कार्यक्रम के उपरांत हापुड़ के लाभान्वित कृषकों आर्थिक परिवारों को पांच लाख रुपयों के चैक सहायता स्वरूप वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जागरूक किया और सभी से आग्रह किया कि जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बब्ली, जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व जिला पंचायत चेयरमैन पति सहित संबंधित अधिकारी व कृषक लाभार्थी उपस्थित रहे।

## अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई, 5 वाहन पकड़े

एटा, 16 जून (तरूणमित्र)। जिले के जलेसर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए रविवार रात बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार नीरज कुमार वार्ष्णेय ने रात करीब 1 बजे छापेमारी अभियान चलाया।

छापेमारी के दौरान ग्राम हंसपुर में एक लोडर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई, जिन्हें चौकी जरानी थाना सकरौली भेजा गया। वहीं ग्राम नगला मोती में एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भी अवैध खनन करते हुए पाए गए। इन वाहनों को थाना आवागढ़ भेजा गया है।

तहसीलदार नीरज कुमार वार्ष्णेय ने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एमडी ज्वैलर्स, मेरठ व ललित कला संकाय के बीच समझौते के तहत 11 छात्रों का प्रशिक्षण हेतु चयन



मुजफ्फरनगर, 16 जून (तरूणमित्र)। ललित कला संकाय, श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर और प्रतिष्ठित आभूषण कंपनी एमडी ज्वैलर्स, मेरठ के बीच हुए शैक्षणिक सहयोग समझौते के अंतर्गत 11 छात्रों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। चुने गए विद्यार्थियों में लाइबा, रिया त्यागी, रितेश, नमीन, साक्षी, प्राची, अंजलि, मीनाक्षी, कोमल, वंश और सपना रहे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आभूषण डिजाइन एवं निर्माण की व्यावहारिक और तकनीकी जानकारी प्रदान करना है।

यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच युवा प्रतिभाओं को उद्योग से जोड़ने तथा उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चयनित छात्रों को एक माह की अवधि में आभूषण डिजाइन, ट्रेडिशनल एवं मॉडर्न तकनीकों, और उत्पादन प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमे स्टार्टिंग ज्वेलरी के बाजार पर सर्वे के बाद गोल्ड के बारें में विस्तार से जानकारी दी और मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और किन किन प्रोसेस से डिजाइनिंग को गुजरना पड़ता है इस बारे में जानकारी दी। सभी छात्रों ने बहुत उत्सुकता के साथ इस ट्रेनिंग को पूरा किया। जिसके बाद इन छात्रों को अपने अपने गोल को पाने में बहुत ही सहायता मिलेगी। आज ज्वेलरी का बाजार बहुत ही बड़ा है जिसमे स्टूडेंट्स को अपने करियर को पंख लगाने के लिए ये शानदार प्लेटफोर्म है।

इस अवसर पर ललित कला संकाय की ओर से निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'यह साझेदारी छात्रों के करियर को नई दिशा देगी और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करने में सहायता करेगी। एमडी ज्वैलर्स के प्रतिनिधियों ने भी विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं को आभूषण क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा।

## चश्मा सेंटर का नगर पालिका चेयरमैन ने किया उद्घाटन



फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। दिल्ली चश्मा सेंटर का नगर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्या द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन ने प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए इसे जनपद के लिए उपयोगी एवं लाभदायक बताया।

सोमवार को शहर के जीटी रोड बैंक आफ बड़ौदा के निकट दिल्ली चश्मे वाले का नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्या द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रोपाइटर अशरिक ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जांच कर नजर के चश्मे बनाये जाते हैं। ब्रांडेड कम्पनियों रेबैन, टॉमी, हिलफिगर, वेलासिटी, पोलिस, टाइटन, प्यूमा, फास्टट्रैक जैसी प्रतिष्ठित कम्पनियों के धूप के चश्मे उपलब्ध होंगे साथ ही नजर के चश्मे में ऑटो ग्लास, आरसी, एआरसी, ग्लास,क्रीजाल ग्लास समेत अन्य ब्रांड्स के शीशे उपलब्ध है। कांटेक्ट लेंस व कान की मशीन भी उचित मूल्यों पर उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर सभासद मो शादाब, सभासद, मिक्खु मामा, सभासद मो0 वसीम उर्फ राजू, ज्वालगंज वार्ड के सभासद मो0 आफताब, कांग्रेस नेता मो0 शहाब अहमद, आदर्श व्यापार मंडल मंडल प्रभारी एवं पावर टूल्स जिलाध्यक्ष मो0 इमरान समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जिला कारागार का आलाधिकारियों ने किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 16 जून (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कलेन्डर के अनुसार संतोष राय,जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर के कुशल निर्देशन में सीताराम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुफ्फनगर द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं जिला कारागार मुजफ्फरनगर की पाकशाला, अस्पताल, पुरूष बैरक तथा किशोर बैरक का निरीक्षण किया गया इसी अनुक्रम में बंदियों के हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान श्री सीताराम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर, द्वारा शिविर में उपस्थित बंदियों को संवैधानिक व विधिक अधिकारों की जानकारी दी गयी तथा उन्हे अवगत कराया गया कि बन्दी अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक हो। श्री सीताराम, अपर जिला एवम् सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर, द्वारा कैदियों से उनकी समस्याए सुनी गयी तथा अवगत कराया गया कि उन्हें कोई भी कानूनी समस्या होने पर अधीक्षक जिला कारागार मुजफफरनगर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराने अथवा आवेदन पत्र देने का कथन किया गया जिस पर कार्यवाही किये जाने की बात कही गयी। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के मामले ई-जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित हो सकते है उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें जिससे उनके मामलों का शीध्र निस्तारण हो सकें। श्री सीताराम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर, द्वारा जिन बंदियों की जमानत याचिका अधीनस्थ न्यायालय द्वारा हो चुकी हो उन्हें विधिक सहायता प्रदान की गई।

सीताराम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर, द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13.09.2025 दिन द्वितीय शनिवार, को दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर, वाहय न्यायालय बुढ़ाना, ग्राम न्यायालय जानसठ, ग्राम न्यायालय खतौली तथा कलक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में किया जायेगा। जिसमें आपराधिक, 138 एन0 आई0 एक्ट, बैक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद, तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा।

## आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट आज

फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि कल (आज) लिव गार्ड मानेसर हरियाणा के प्रतिनिधि द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। यह कंपनी प्रशिक्षार्थियों को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप योजना के तहत अपने यहां रोजगार के अवसर प्रदान करवाएंगी। कैंपस प्लेसमेंट में आईटीआई पास आउट सभी व्यवसायों व डिप्लोमा होल्डर प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग ले सकते हैं। उन्होने यह भी बताया कि सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैरियर रेडिएशन वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसमें मेधा व निदेशालय के प्रतिनिधि शशांक व विशेष सिंह द्वारा सॉफ्ट स्किल्स के प्रति प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया जिसमें संस्थान के अप्रेंटिस प्रभारी अमित मिश्र एवं रोजगार प्रभारी रुचि स्वामी ने सहयोग प्रदान किया।

## नगर पालिका में ईओ ने सुनीं समस्याएं, आठ का निस्तारण



### पंद्रह शिकायतों में आठ का हुआ निस्तारण

फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह ने जनता दरबार लगाया। जिसमें पंद्रह शिकायते जहां पंजीकृत की गई वहीं आठ का मौके पर निस्तारण किया।

नगर पालिका परिषद स्थित ईओ कार्यालय में जन शिकायती शिविर लगा। जिसमें अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह के समक्ष उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। शिविर में 15 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें आठ शिकायतों का निस्तारण मौके पर संबंधित अधिकारियों को भेज कर कराया गया। शेष शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। अंदौली वार्ड के ग्राम लोटहा निवासी संतोष दीक्षित की शिकायत के निस्तारण हेतु अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित किया कि संबंधित चौकी इंचार्ज से संपर्क कर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मो. हबीब के अलावा अन्य संबंधित भी उपस्थित रहे।

**पक्की सड़क व नाला निर्माण की मांग**

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के मुहल्ला शिवपुरम कालोनी, गढ़ीवा के बाशिन्दे नगर पालिका परिषद पहुंचे। जहां अध्यक्ष को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि मुहल्ले में नाली के पानी का निकास नहीं है और कच्चा रास्ता बना हुआ है। जिससे अत्यधिक बारिश होने पर पानी का भराव सड़क पर बना रहता है। जिससे आम जनमानस को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पक्की नाली व पक्की सड़क बनवाया जाना अति आवश्यक है। जिससे सभी मुहल्लेवासियों को राहत मिल सके। मांग किया कि शिवपुरम कालोनी मजरे गढ़ीवा में पक्की सड़क व नाली का निर्माण कराया जाए। इस मौके पर श्रीकांत, दीपक कुमार, राहुल द्विवेदी, उमा सिंह, शशिकला, संदीप कुमार, घनश्याम, ज्ञानमती देवी, राजकुमारी, संगीता यादव, महेन्द्र, राजेश कुमार भी मौजूद रहे।

## किसान दिवस कल

फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि चालू माह के किसान दिवस का आयोजन 18 जून को मध्यान्ह 12 बजे से दो बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। जिसमें किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों, विषेशज्ञों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

## अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों के साथ हुआ अन्याय: रवि



फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)। गाजीपुर कस्बे में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सोमवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से मुलाकात की। बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर व्यापारियों के साथ अन्याय किया गया है। जिस पर डीएम ने स्वयं निरीक्षण करके व्यापारी हित में कार्य किए जाने का आश्वासन दिया।

जिला उद्योग व्यापार मण्डल (पंजी.) का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की अगुवई में कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां गाजीपुर कस्बे में हुए अतिक्रमण अभियान में व्यापारियों के किए गए शोषण के विरोध में जिलाधिकारी से मुलाकात कर तत्कालीन स्थिति से अवगत कराया। श्री दुबे ने कहा कि अभियान के नाम पर कस्बे के व्यापारियों के साथ अन्याय किया गया है। कई व्यारियों की रोजी-रोटी भी छिन गई है। जिससे उनके आगे समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। समस्या सुनने के बाद जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर वह स्वयं स्थलीय जाँच कर कार्यवाही करेंगे। व्यापारियों के हितो का ध्यान रखते हुए बेदखल व्यापारियों को व्यापार हेतु स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में जिले से सरदार वरिन्दर सिंह, बद्री बिशाल गुप्ता, मुन्ना सिंह, राजकुमार मिश्रा, सरदार गुरुमीत सिंह, कस्बा गाजीपुर के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह (बब्बू सिंह) महामंत्री शायर गुड्डुराज योगी, लव गुप्ता, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, भैरव प्रसाद चैरसिया, सत्ता सोनी, अनिल कुमार, जबर सिंह आदि व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## विश्व वृद्धजन जागरूकता दिवस वृद्धाश्रम में मनाया

एटा, 16 जून (तरूणमित्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा द्वारा विश्व वृद्ध जन जागरूकता दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर तथा जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के निर्देशन व सचिव कमालुद्दीन (अपर जिला जज) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक रिचा यादव, मध्यस्थ योगेश कुमार सक्सेना सहित अन्य स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों व विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी। इस दौरान सचिव कमालुद्दीन ने वृद्धजनों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए अधीक्षिका विनीता उपाध्याय को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की शिकायत तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को प्रेषित की जाए। कार्यक्रम में वृद्धजनों द्वारा भजन व कविता पाठ भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की वार्डन मिथलेश, खुशबू शर्मा, राज किशोर, प्रिंस गौतम सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइस जून को होगा दोसर वैश्य मेधा अलंकरण समारोह



फतेहपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।भारतीय दोसर वैश्य महासमिति एक बैठक पक्के तालाब स्थित अनंत गेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण बाबू ने कहा कि महासमिति द्वारा दोसर वैश्य समाज के मेधावी छात्र छात्रा अलंकरण समारोह 22 जून को शाम छह बजे से लोधीगंज स्टेडियम के सामने आयोजित किया जाएगा। जिसमें इस वर्ष जिन बच्चों ने हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक पाकर सफलता अर्जित की है ऐसे मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। ऐसे मेधावी अपने अंक पत्रों की छाया प्रति 19 जून दिन बृहस्पतिवार तक हर हाल में महासमिति के ग्रुप, मेरे पास व महामंत्री साजन के पास जमा कर दें। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि मेधावियों के सम्मान से उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही उनको सम्मानित होता देखकर अन्य बच्चे भी आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। इसी उद्देश्य से महासमिति द्वारा उक्त अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है।

बैठक का संचालन महामंत्री साजन गुप्ता ने करते हुए कहा कि अलंकरण समारोह में अधिक से अधिक बच्चे सम्मिलित हों जिससे बच्चों में उत्साह बढ़े इसके लिए सभी पदाधिकारी को संपर्क करना होगा। तभी ज्यादा से ज्यादा अंक पत्र प्राप्त होंगे और बच्चे सम्मानित होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक राम विशाल गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, मदन गुप्ता, सुशील गुप्ता, मनीष गुप्ता, आनंद गुप्ता, सुधीर गुप्ता, गणेश गुप्ता, अजय गुप्ता, भारत गुप्ता, आकाश गुप्ता, लल्लू गुप्ता, अरुण गुप्ता, अमित गुप्ता, आयुष गुप्ता, रज्जन गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुर्घटना कल्याण योजना के तहत आश्रित परिवारों को भेजी गई सहायता राशि

बहराइच, 16 जून (तरूणमित्र)। जनपद अम्बेडकर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 11690 आश्रित परिवारों के खातों में कुल रू. 561.86 करोड़ की सहायता राशि का वर्चुअल माध्यम से अन्तरण किया गया। जिसमें जनपद बहराइच हेतु स्वीकृत 221 दावों के सापेक्ष 281 हिताधिकारियों के बैंक खातों में रू. 10 करोड़ 19 लाख 20 हजार की धनराशि प्रेषित की गई। योजना अन्तर्गत तहसीलवार हिताधिकारियों की बात की जाए तो कैसरगंज के स्वीकृत 38 दावों के सापेक्ष 46, नानपारा में 42 के सापेक्ष 78, पयागपुर में 42 के सापेक्ष 47, सदर बहराइच में 45 के सापेक्ष 49, महसी में 31 के सापेक्ष 34 एवं मिहींपुरवा (मोतीपुर) में स्वीकृत 23 दावों के सापेक्ष 27 हिताधिकारियों के खातों में धनराशि का प्रेषण किया गया है।कलेक्ट्रेट सभागार सहित जनपद की तहसीलों में मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मा. जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा हिताधिकारियों



को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी व पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह के साथ हिताधिकारियों को डैमो चेक व स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसी प्रकार तहसील महसी में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, तहसील पयागपुर में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, तहसील नानपारा में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल व तहसील कैसरगंज में ब्लाक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह व विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा द्वारा मौजूद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ हिताधिकारियों को डैमो चेक व स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 14 सितम्बर 2029 से प्रारम्भ की गई मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत अब तक 1700 दावों को स्वीकृत करते हुए रू. 8131.50 लाख की धनराशि का वितरण मृतक कृषकों के आश्रित परिजनों को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यदि आग लगने, बाढ़, बिजली गिरने, करेन्ट लगने, साँप काटने, जीव-जन्तु/जानवर द्वारा काटने/मारने/आक्रमण से, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने, आंधी-तूफान, वृक्ष से गिरने/दबने, मकान गिरने, रेल/रोड/वायुयान/अन्य वाहन आदि से दुर्घटना, भू-स्खलन, भूकंप, गैस रिसाव, विस्फोट, सीवर चौम्बर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता होती है, तो कृषक/विधिक वारिस/वारिशों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अन्तर्गत सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है। डीएम ने बताया कि उपरोक्त कारणों से मृत्यु अथवा पूर्ण शारीरिक अक्षमता की स्थिति, दोनों हाथ अथवा दोनों पैर अथवा दोनो आंखों की क्षति, एक हाथ तथा एक पैर की क्षति होने पर रू. 05 लाख तथा एक हाथ या एक पैर या एक आंख की क्षति एवं स्थायी दिव्यांगता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर किन्तु 100 प्रतिशत से कम होने पर रू. 2.50 लाख तथा दिव्यांगता 25 प्रतिशत से अधिक होने पर किन्तु 50 प्रतिशत से कम होने पर रू. 1.25 लाख देय है। योजना अन्तर्गत वांछित लाभ प्राप्त करने हेतु खतौनी व पट्टे की प्रमाणित प्रति एवं बटाईदार हेतु प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र जिसके लिए हाईस्कूल प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की प्रति, वोटर आईडी कार्ड, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र जिसके लिए उपजिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड व आधार कार्ड, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अथवा जहां पोस्टमार्टम सम्भव नहीं है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में बालश्रम उन्मूलन समिति व जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती, 16 जून, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में बालश्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के सम्बन्धित सभी अधिकारियों एवं कार्यरत संस्थाओं ने प्रतिभाग किया।

बैठक में मुख्यता बालश्रम उन्मूलन से सम्बन्धित योजनाओं जैसे बाल श्रमिक विद्या योजना, स्पान्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रम विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। साथ ही चिन्हित बाल श्रमिकों के पुनर्वासन एवं नामांकन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित न होने वाले विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की आदेश दिये गये एवं अगली बैठक में नोट किये गये मिनटस को पूर्ण कराने की बात की यूनिसेफ से उपस्थित डा0 अनिल कुमार के द्वारा बालश्रम पर विस्तृत कार्यशाला के माध्यम से जनगणना वर्ष 2011 को आधार मानते हुए जनपद श्रावस्ती में हुए कार्यों का पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया एवं बालश्रम उन्मूलन हेतु जनपद श्रावस्ती के वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 अमरनाथ यति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जुगल किशोर, खण्ड शिक्षा अधिकारी इकौना/सिरसिया, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, जिला समन्वयक एक्शन ऐड, जिला समन्वयक देहात इण्डिया नीति आयोग(बचपन बचाओ आन्दोलन) के साथ श्रम प्रवर्तन एवं सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत भेजी गयी धनरास

श्रावस्ती, 16 जून, (तरुणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थियों को डेमो चेक देकर आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसमें जनपद के कुल 42 दावों के लाभार्थियों को दो करोड़, तीन लाख पचास हजार रुपए की धनराशि उनके खाते में हस्तानान्तरित कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया तथा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सुना इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा किसानों के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, तथा पात्रता के आधार पर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। जिसके तहत आज मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को यह लाभ दिया गया है। जिससे निश्चित ही उन्हें मदद मिलेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के माध्यम से सरकार प्रदेश के अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से राहत पहुंचा रही है। किसी भी कृषक की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में उनके परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का यह प्रयास सराहनीय है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद के कुल 42 दावों के मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को दो करोड़ तीन लाख पचास हजार रुपए की धनराशि वितरण किया गया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता अभी से लगें पंचायत चुनाव की तैयारी में-यादव

अम्बेडकरनगर, 16 जून (तरूणमित्र)। कमेटियाँ संगठन की नींव होती हैं और यदि नींव मजबूत हो तो संगठन की इमारत भी मजबूत होगी उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नि महासचिव कोआर्डिनेटर मनोज गौतम ने कही। उन्होंने कहा संगठन सृजन हमारा संकल्प है और कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारा प्रण है, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जमीनी जुड़ाव को प्राथमिकता देते हुए दायित्व सौंपा जायेगा और आगामी समय में उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कार्यकर्ताओं को मजबूत संगठन बनाने के लिए अभी से साथ अभी से पंचायत चुनावों की तैयारी मे लग जाना चाहिए। संगठन किसी भी आंदोलन की रीढ़ होता है। यदि संगठन की जड़ें मजबूत होंगी तो परिवर्तन की इमारत अपने आप खड़ी हो जाएगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता नंदकुमार गुप्ता ददूर, चिंताहरण पाण्डेय, कुलदीप उपाध्याय, आनंद अमृतराज वर्मा, दीपक वर्मा, जितेंद्र राव एडवोकेट ने कहा हमारा लक्ष्य कार्यकर्ता को ध्यान में रखकर एक मजबूत, सक्रिय और संवेदनशील संगठन तैयार करना है।कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र रब्बलू ने बताया आज अम्बेडकरनगर जनपद के कटेहरी विधानसभा के हारीपुर ग्रामसभा में संगठन सृजन कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नि महासचिव मनोज गौतम, विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के



अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता नंदकुमार गुप्ता ददूर ने किया कार्यक्रम को प्रमुख रूप से नंदकुमार गुप्ता ददूर, कुलदीप उपाध्याय, चिंताहरण पाण्डेय, अंकुर पाण्डेय, दीपक वर्मा, आनंद अमृतराज वर्मा, देवमणि पाठक, राजितराम वर्मा, रणजीत पाण्डेय, वीपत राम यादव, जितेन्द्र राव एडवोकेट, नासिर अली, मो रहीम, पूर्व प्रधान संतोष कुमार पाल, जितेंद्र पाल, रामेश्वर, सुरेंद्र पाल, सुनील, प्रमोद, पंकज मौर्य, संदीप कुमार अमन पाल, जैराम पाल, सत्येन्द्र कुमार, सहजराम, विनोद कुमार, तिलकदेव, प्रेमसागर, रामनाध, संतकुमार, मोनू, धर्मेंद्र समेत अनेक कांग्रेसजनों ने सम्बोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद में 10 क्रय केन्द्रों के माध्यम से हो रही मक्का की खरीद

बहराइच, 16 जून (तरूणमित्र)। अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (रबी फसल) में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में 15 जून 2025 से मक्का खरीद प्रारम्भ हो गयी है जो 31 जुलाई 2025 तक संचालित रहेगी। इस वर्ष मक्का का समर्थन मूल्य रू.2,225=00 प्रति कुण्टल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मक्का खरीद हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच, नानपारा व रिसिया में 03-03 तथा मिहींपुरवा में 01 कुल 10 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। कृषकों द्वारा वर्ष 2024-25 (रबी फसल) में सरकारी केन्द्रों पर मक्का विक्रय हेतु विभाग के पोर्टल एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से आधार लिंक/एन.पी.सी.आई. मैप्ड खाते के माध्यम से ही भुगतान होना है इसलिए पंजीकरण करते समय कृषक इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि जो नाम खतौनी बैंक खाते में हो, वही नाम रजिस्ट्रेशन में भी होना चाहिये। श्री रंजन ने बताया कि सरकार की मंशा किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कराये जाने की है। इसलिए सभी कृषक बन्धु अपने ग्राम के नजदीकी सरकारी मक्का क्रय केन्द्र पर मक्का विक्रय कर अपनी उपज का शतप्रतिशत समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त करें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

आजमगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाई की बाजार ओवर ब्रिज के पास सकलदीप ढाबा के निकट रविवार शाम करीब 8 बजे एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 33 वर्षीय सोनू गौण की मौके पर ही मौत हो गई। सोनू, सिधारी थाना क्षेत्र के सुरसी (भदुली) गांव के निवासी थे और अपने ननिहाल लालगंज जा रहे थे। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, सोनू गौण पुत्र शोभी गौण रविवार को बाइक से अपने ननिहाल लालगंज जा रहे थे। जैसे ही वे गोसाई की बाजार ओवर ब्रिज के पास पहुंचे, एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सोनू सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर गंभीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।सोनू छह भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर थे। वह मुंबई में बड़ा पाव की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। 15 दिन पहले ही वह मुंबई से अपने गांव आए थे। उनके परिवार में मां मनोरमी देवी, पत्नी सविता देवी और तीन पुत्र हैं। सोनू की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सड़क पर चलना मुश्किल,उखड़ गई गिट्टियां

हरख/बाराबंकी, 16 जून (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार एक तरफ सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को लगातार निर्देश दे रहे हैं ताकि लोगों के आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ने हो। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों किला पर वहीं कहीं जाए या मनमानी के चलते आज भी कुछ सदके घंटे में तब्दील है। मामला विकासखंड हरख के मलौली संपर्क मार्ग का है जहां अजय यादव,कल्याण सिंह,रामदास,दीनानाथ, नन्हें लाल ने बताया कि सदरपुर चौराहे से शेखपुर मार्ग से मलौली से मार्ग की इस वक्त दुर्दशा खराब हो चुकी है। गिट्टियां उखड़ गई है। बारिश होने पर लोगों के आने जाने में काफी मुश्किल होती है लोग गिर जाते। लेकिन इन सब से जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं,जब से सड़क का निर्माण हुआ है तभी से आज तक मरम्मत ही नहीं हुई।

### भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट

त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 16 जून (तरूणमित्र)। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के खैरा कंकू गांव के हस्वापुर निवासी विजय कुमार पुत्र श्री कृष्ण व भतीजे सूरज व शुभम के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें चाचा विजय कुमार की मौत हो गई।थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि जानकारी हुई है जांच पड़ताल की जा रही है कार्यवाही की जाएगी। वही पुलिस शिकायत के बाद कई पहलुओं की जांच करने में जुट गई है।

### 3 अभियुक्त जुआ खेलते गिरफ्तार

श्रावस्ती, 16 जून, (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक मुकेशचन्द्र उत्तम के पर्यवेक्षण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना प्रभारी रमेश सिंह व पुलिस टीम के द्वारा शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने लिए 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम में कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी गिलौला पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे, कि भ्रमण करते हुए जब ब्लॉक संसाधन केंद्र कस्बा गिलौला के पास स्थित मुर्गी फार्म पर पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। दबिश देकर मौके से राजेश बाल्मीकि पुत्र शिवप्रसाद निवासी सी एच सी गिलौला जनपदश्रावस्ती, गौतम सोनी पुत्र राम सोनी निवासी दंदौली थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती, चूर देवबंद पुत्र तेज नारायण निवासी सुविखा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। फड़ से 1,660 रुपया नगद तथा जामा तलाशी से 600 नकद तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुआ।

## नवागत जिला समाज कल्याण अधिकारी ने संभाला कार्यभार

गोंडा , 16 जून (तरूणमित्र)। जिले के नवागत जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कार्यालय के मातहतों संग बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और जल्द ही विभाग में बदलाव लाने का आश्वासन दिया। बैठक में उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह योजना और भरण पोषण अधिकरण योजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पटल कर्मियों को योजनाओं से संबंधित रजिस्टर बनाने और शिकायतों के निराकरण का निर्देश दिया।श्री सिंह ने कहा कि जल्द ही विभाग में बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचे इसके लिए सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। कहीं कुछ कमियां हैं तो उसमें सुधार कराया जाएगा। बैठक



के दौरान विभाग की तरफ से संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की शिक्षा में सुधार पर उनका फोकस रहा। उन्होंने कर्मचारियों को अपनी कार्य पद्धति में सुधार लाने का भी निर्देश दिया। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि शिकायत निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से अवश्य बात करें और बातचीत का ब्योरा रजिस्टर पर दर्ज करें। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विभाग की कार्य पद्धति में सुधार होगा।

# डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं

श्रावस्ती, 16 जून, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान फरियादी गुल्ले व जगदीश प्रसाद पुत्र कृपाराम निवासी ग्राम कुरबेनी तहसील इकौना के द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनका चालीस लोगों का संयुक्त परिवार है। जिनके जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन पैतृक भूमि है, जो मौजा परेवपुर तहसील इकौना में है।

उक्त भूमि गलत परगना के द्वारा गायत्री देवी के नाम दर्ज हो गयी है और उसका बैनामा भी कर दिया गया है। फरियादी ने जिलाधिकारी महोदय से अपनी जमीन वापस दिलाये जाने हेतु गुहार लगायी। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल सहायक चकबन्दी अधिकारी को





बुलाकर निर्देशित किया कि मौके पर जाकर प्रकरण की पूर्ण जांच की जाए और उचित कार्यवाही करते हुए उन्हें भी अवगत कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी को 09 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तीन दिवस में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शिकायतो का निस्तारण कागज पर नही बल्कि धरातल पर दिखे यह सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे नही तो कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिमाह जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। इसलिए जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना जाए तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्याओं का निस्तारण प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखे, ताकि फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

# उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा क्रान्ति की ओर अग्रसर

बहराइच , 16 जून (तरूणमित्र)।आज विश्व के हर क्षेत्र में विकास करने के लिये विद्युत जरूरी है। बिना विद्युत के कोई भी यन्त्र, उपकरण, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यातायात वाहन, घरेलू प्रकाश आदि नही चल पाते है। विद्युत उत्पादन, विद्युत शक्ति, जल से. कोयले आदि की उष्मा से, नाभिकीय अभिक्रियाओं से, पवन शक्ति से. पेट्रोलियम/प्राकृतिक गैस आदि से होती है। किन्तु यह संसाधन धीरे-धीरे खत्म हो रहे है। इसलिये मानव को विद्युत आवश्यकताओं के लिये सौर ऊर्जा व अन्य विद्युत उत्पादन संसाधनों पर निर्भर होना पड़ेगा। विश्व भौगोलिक क्षेत्र में सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा श्रोत है। सूर्य की ऊर्जा के कारण ही मौसम एवं जलवायु का श्परिवर्तन होता है। धरती पर सभी प्रकार के जीवन, जीव-जन्तु, पेड-पौधे आदि को सूर्य की ऊर्जा का ही सहारा है। इसी सूर्य की ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने को ही मुख्य रूप से सौर ऊर्जा कहा जाता है। सौर ऊर्जा वास्तव में अक्षय ऊर्जा श्रोत है जिसका उपयोग छोटे स्तर से लेकर बडे स्तर तक किया जा सकता है। सूर्य की उष्मा से प्राप्त सौर ऊर्जा उत्पादन में कोई प्रदूषण नहीं होता है। इससे संचालित उपकरणों का जीवन लम्बा होता है और रख-रखाव की कम आवश्यकता होती है। सौर ऊर्जा आधुनिक जीवन में महत्वपूर्ण होता जा रहा है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्त्व में उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे है। सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में हो गया है। प्रदेश में 3840 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के 09 सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही, इसमें से 528 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। सौर ऊर्जा की प्राकृतिक संभावना वाले सर्वश्रेष्ठ चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के पश्चात उत्तर प्रदेश देश में पांचवें स्थान पर है, जहां पर सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा, प्रदेश के बुंदेलखंड और अन्य क्षेत्रों में सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र में विशेष रूप से सोलर पार्कों की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त हुआ है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया 108 एंबुलेंस सेवा का औचक

बहराइच, 16 जून (तरूणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच, डॉ. संजय कुमार द्वारा जनपद में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. कुमार ने एंबुलेंस में उपलब्ध मेडिकल उपकरणों, जीवनरक्षक दवाओं एवं एंबुलेंस से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की गहनता से जाँच की।निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक उपकरण, दवाएं तथा दस्तावेज संतोषजनक स्थिति में पाए गए। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 108 एंबुलेंस सेवा जनहित में एक महत्वपूर्ण सेवा है।


और इसकी गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने एंबुलेंस स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए और भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने की अपेक्षा जताई।

## नि:शुल्क योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की रही सहभागिता

बाराबंकी, 16 जून (तरूणमित्र)। अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर टिकैतनगर में स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क योग शिविर सोमवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।उक्त शिविर शीलवती जैन धर्मार्थ सेवा समिति, टिकैतनगर के तत्वावधान में भगवान नेमि पब्लिक स्कूल परिसर में प्रातः 5:30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग शिविर में पतंजलि योग समिति, बाराबंकी से पधारे अनुभवी योग प्रशिक्षक रामस्वरूप यादव ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मअनुशासन का भी मार्ग है। उन्होंने कहा कि नियमित योग से न केवल रोगों से मुक्ति मिलती है, बल्कि जीवनशैली में भी सकारात्मक परिवर्तन आता है। शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। शिविर में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों की भी उत्साहजनक उपस्थिति रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज के हर वर्ग में योग के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।कार्यक्रम के समापन पर समिति के प्रमुख आयोजक विनय कुमार जैन ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य और संयमपूर्ण जीवन के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे और भी योग, स्वास्थ्य तथा सेवा से जुड़े आयोजनों को निरंतर किया जाएगा। शिविर में प्रमुख रूप से संतोष सिंह, कैलाश यादव, लक्ष्मण तिवारी, सचिन कौशल, सत्यम गुप्ता, अनुभव मिश्रा, मनोज तिवारी, दुर्गेश मिश्रा, प्रेमचंद यादव, राम अनुज पांडे, अन्नू मिश्रा, प्रमोद यादव, निधि सिंह, प्रिया शुक्ला, आस्था यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद में पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

बहराइच(स्वतंत्र चेतना), 16 जून (तरूणमित्र)। जनपद की सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद शाखा बहराइच द्वारा पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत बीते रविवार को आसाम रोड बहराइच स्थित भारत विकास सेवा संस्थान ट्रस्ट के प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें पर्यावरण से संबंधित जागरूकता शिविर व वृक्षारोपण आदि को बढ़ावा देने की बात कही गई। विभिन्न सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रकट किए जिसमें शाखा के सक्रिय सदस्य रितेश रस्तोगी द्वारा प्रमुखता से कार्यक्रम का संचालन हुआ साथ ही पर्यावरण विषय पर अपने विचार सभी के बीच साझा किए गए।इसी क्रम में शाखा अध्यक्ष राजेश गोयल द्वारा अत्यंत परोपकार ,धर्म निरपेक्षता,बल शौर्य एवं अति कुशल सर्व कार्य सर्वोपरि रखने वाली महारानी अहिल्या बाई होलकर जी के त्रिशताब्दी





जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।अहिल्याबाई होलकर के विषय पर शाखा की महिला संयोजिका प्रियंका रावत व सदस्य हेमा निगम द्वारा उनके जीवन पर आधारित विभिन्न संदर्भों को सभा में लोगों को बताया गया साथ ही संगोष्ठी हुई।महिला संयोजिका ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर समाज के लिए एक आइडियल है उनके विचार उनके पराक्रम की जितनी सराहना की जाए वह कम है आज समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा उनका त्रिशताब्दी जयंती वर्ष मनाया जा रहा है जो कि गौरव का विषय है।कार्यक्रम की श्रृंखला में सदस्यों द्वारा वृहद वृक्षारोपण भी किया गया।शाखा की सदस्य दंत चिकित्सक डॉक्टर तेज श्री जायसवाल द्वारा दंत परीक्षण शिविर लगाया गया,जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को निःशुल्क दवा वितरित हुई व उनका परीक्षण हुआ।।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व अग्रकुल गौरव मुरारी लाल जी अग्रवाल रहे, साथ ही विशिष्ट अतिथि डॉ आकाश सक्सेना उपस्थित रहे।संस्थान में उपस्थित बच्चों के मध्य पर्यावरण जागरूकता के मद्देनजर एक हस्त निर्मित पर्यावरण पोस्टर्स बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें क्रमानुसार पोस्टर बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित शाखा के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने बीते दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में सभी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन धारण किया साथ ही रविवार को सुबह केदारनाथ घाटी में हेलीकॉप्टर क्रैश के कारण सात लोगों की दुखद मृत्यु हुई उस घटना को लेकर भी सभी सदस्यों ने शोक प्रकट किया।कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश गोयल, सचिव सत्येंद्र निगम, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गुप्ता, महिला संयोजिका श्रीमती प्रियंका रावत, महिला सह संयोजिका श्रीमती बबीता सुल्तानिया, कार्यक्रम संयोजक सरदार कुलदीप राकेश जयसवाल, अर्चना क्लॉडियस, अमरेंद्र जायसवाल व रत्नाकर सिंह उपस्थित रहे।

## तहसीलदार ने दुकानदार को मारा थप्पड़, वीडियो वायरल

आजमगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)। जनपद की सदर तहसील क्षेत्र में एक तहसीलदार द्वारा दुकानदार को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना शहर कोतवाली के अजमतगढ़ कोडर गांव की है, जहां तहसीलदार शैलेश कुमार ने एक गुमटी पर पहुंचकर दुकानदार के साथ मारपीट की।वीडियो में दिख रहा है कि तहसीलदार शैलेश कुमार अपने सुरक्षा कर्मियों और लेखपाल के साथ गुमटी पर पहुंचे। पहले दुकानदार से बातचीत हुई, लेकिन बात बढ़ने पर तहसीलदार ने जोरदार थप्पड़ मार दिया। आरोप है कि दुकानदार ने तहसीलदार को गाली दी, जिसके बाद यह घटना हुई।घटना का कारण अमृत सरोवर योजना के तहत लगाए गए पेड़ों को काटकर गुमटी दुकानें लगाना बताया जा रहा है। अजमतगढ़ कोडर गांव में एटलस टैंक पोखरा के आसपास ये पेड़ लगाए गए थे। स्थानीय प्रशासन ने दुकानदारों को गुमटियां हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन कई दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी सिलसिले में तहसीलदार मौके पर पहुंचे थे। दुकानदार और तहसीलदार के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

# जगजीत इंटर कॉलेज में एन सी सी बच्चों का अग्निवीर में रजिस्ट्रेशन

इकौना/श्रावस्ती, 16 जून, (तरुणमित्र)। जगत जीत इण्टर कॉलेज इकौना श्रावस्ती में 51 बटालियन एन सी सी बलरामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए.पी.एस. पटवाल के नेतृत्व में बरेली भर्ती (अग्निवीर) ए आर ओ से आए अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट एवं अन्य छात्र- छात्राओं को भर्ती से संबंधित वीडियो एवं पत्रक के माध्यम से भर्ती हेतु आवश्यक जानकारी दी एवं भर्ती हेतु रजिस्ट्रेशन भी कराया गया लगभग 120 कैडेट ने रजिस्ट्रेशन किया कार्यक्रम में 173 से अधिक लोग उपस्थित रहे। भर्ती हेतु सामान्य ज्ञान के प्रश्न का जवाब देने पर कैडेट को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कैडेट और छात्रा-छात्राओं को भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट उदयभानपांडे, हनुमान प्रसाद, सी एच एम रामकिशोर, भर्ती ए आर ओ बरेली हवलदार अनिल गिरि सार्जेंट तरुण त्रिपाठी कॉरपोरल दिवाकर कैडेट्स प्रवेश, सार्जेंट श्रुति मिश्रा निशा, दिव्या सुमनआदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने राजस्व कार्यों व कर-करेत्तर सम्बन्धी समीक्षा बैठक में जताई नाराजगी

बस्ती , 16 जून (तरुणमित्र)। सोमवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुई जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने सभी तहसीलों में लंबित वादों के विषय में गहन समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को समयान्तर्गत मुकदमों के निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने धारा 24 के मामलों में लंबित वादों की संख्या अधिक होने पर नाराजगी जताई और सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा 24 के मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए, 3 साल से अधिक और 5 साल से अधिक समय के मुकदमें मिशन मोड में निस्तारित किये जायें। जिलाधिकारी के कहा कि धारा 24 के मुकदमें एक साल से अधिक समय तक किसी कोर्ट में नहीं चलने चाहिए। वहीं धारा 34, धारा 38, धारा 67 के मुकदमों को भी समय सीमा में निस्तारण किया जाए, धारा 80 व धारा 116 से



सम्बन्धी मुकदमों का समय से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व निर्धारण के कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही खतौनी में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से और समयानुसार की जाए।जिलाधिकारी ने आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाय।कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, वाणिज्यकर विभाग, भू-राजस्व, सामाजिक वानिकी विभाग आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। आबकारी व मण्डी राजस्व वसूली मे शतप्रतिशत वसूली पर प्रसंशा व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित अधिकारी व्यापार-कर सम्बन्धी मामलों की वसूली में विशेष ध्यान दे।

## डीएम ने उर्वरक वितरण में पारदर्शिता व नियंत्रण के दिए निर्देश

देवरिया, 16 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपद में उर्वरकों की बिक्री एवं वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और नियोजित बनाए रखने हेतु कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि कृषकों को उर्वरकों की आपूर्ति उनकी जोत/कृषि भूमि के अनुसार तथा फसल की संस्तुति के अनुरूप करने का निर्देश दिया। यह कार्य शत-प्रतिशत पीओएस मशीन के माध्यम से ही किया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की अनुचित टैगिंग, ओवर रेटिंग, कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अनुदानित उर्वरकों का औद्योगिक इकाइयों में उपयोग जैसे कृत्य हरगिज स्वीकार्य नहीं होंगे। साथ ही, अन्तर्राज्यीय तस्करी की आशंका वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी, स्थलीय निरीक्षण ।

# आशादेव हॉस्पिटल बना मौत का अड्डा पत्रकार का बेटा हुआ इसका शिकार

गोंडा , 16 जून (तरुणमित्र)। जिले का आशादेव मेमोरियल सर्जिकल एंड मैटरनिटी हॉस्पिटल मरीजों के लिए काल का पर्याय बन चुका है। आए दिन इस अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। कई मरीजों की मौत के बावजूद अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला 15 जून का है, जब एक महिला मरीज की लापरवाही के चलते मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मृतक महिला गीता के पति इंद्र कुमार मिश्रा, निवासी अशोकपुर बजरिया, थाना कटरा बाजार, ने बताया कि 3 जून को उन्होंने अपनी पत्नी को बच्चेदानी की समस्या के लिए आशादेव हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉ. देवेंद्र मोहन शुक्ला ने ऑपरेशन की सलाह दी और उसी दिन ऑपरेशन किया गया। लेकिन पांच दिन बाद भी गीता की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने डॉक्टर को सूचित किया, तो उन्होंने दोबारा ऑपरेशन की सलाह दी और कहा कि 4-5 टांके खोलकर समस्या का पता लगाया जाएगा। हालांकि, ऑपरेशन थिएटर में मरीज के पेट के 27-28 टांके खोले गए और दोबारा ऑपरेशन किया गया। इंद्र ने आरोप लगाया कि इस दौरान डॉक्टर और स्टाफ ने लापरवाही बरती और उनसे पैसे की मांग की गई। इसके बावजूद गीता की हालत बिगड़ती गई और 15 जून की सुबह उनकी मौत हो गई। इंद्र ने नगर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर डॉक्टरों की लापरवाही और दो बार ऑपरेशन के कारण पत्नी की मौत का आरोप लगाया है। यह कोई नई घटना नहीं है।

एक साल पहले बाबागंज श्रीनगर निवासी पत्रकार दिलीप गुप्ता के बेटे के साथ भी अस्पताल में गंभीर लापरवाही हुई थी। समय रहते दिलीप ने अपने बेटे को लखनऊ ले जाकर कई महीनों तक इलाज कराया, जिससे उसकी जान बच पाई। स्थानीय लोग बताते हैं कि आशादेव हॉस्पिटल में ऐसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। कई मरीजों की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की उदासीनता के कारण अस्पताल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

# एनएम सेन्टर व दुर्गा मंदिर का रास्ता बन्द करने की साजिश

गोण्डा , 16 जून (तरुणमित्र)। जनपद के मनकापुर तहसील का दंबग राजस्व निरीक्षक हरिजन आबादी के जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य करा मंदिर व एनएम सेन्टर का रास्ता बन्द करने की रच रहे साजिश की शिकायत ग्रामीणो ने एसडीएम की है। मनकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत तालागंज ग्रांट के कोईरीपुर के गाटा संख्या 711 /0.081 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्डो मे हरिजन आबादी दर्ज है इसी खाता संख्या मे स्वास्थ्य विभाग का एनएम सेन्टर व दुर्गा मन्दिर बना हुआ है, शेष खाली पड़ी जमीन लोगो के एनएम सेन्टर तथा मन्दिर तक पहुंचने का रास्ता है क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक परसा तिवारी द्वारा रविवार को खाली पडी जमीन पर कुछ ग्रामीण लोगो को कब्जा कराने के नियत से नीव की खुदाई शूरू करवा दी गयी।इस सम्बंध मे एनएम कीर्ति सिंह सहित ग्राम प्रधान तालागंज ग्रांट दिलीप वर्मा द्वारा एतराज भी जताया गया की हरिजन आबादी की जमीन से ही होकर मन्दिर व एनएम सेन्टर पहुंचने का रास्ता है। निर्माण कार्य हो जाने से बहुसंख्यक लोगो का आवागमन बन्द हो जायेगा।

तो राजस्व निरीक्षक ने कहा इस जमीन को कब्जा करने की लोग कोशिश कर रहे है जिसके चलते दिवार खडी कर इसपे रोक लगाने हेतु कार्य किया जा रहा है। इस सम्बंध मे सोमवार को ग्रामीण मोतीलाल ने एसडीएम मनकापुर से मिलकर शिकायत की है कि हरिजन आबादी की जमीन पर राजस्व निरीक्षक की मिली भगत से कब्जा किया जा रहा जिससे दुर्गा मन्दिर व एनएम सेन्टर पर आने वाले ग्राम सभा के बहुसंख्यक लोगो को दिक्कत होगी। एसडीएम ने शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए राजस्व निरीक्षक को जांच सौपा है। हल्का लेखपाल स्वामी नाथ तिवारी ने बताया है की एसडीएम से शिकायत करने वाले मोतीलाल का कुछ कब्जा हरिजन आबादी पर है निर्माण कार्य कुछ ग्रामीण रविवार को कर रहे थे उसे रोक दिया गया है। भविष्य मे किसी निर्माण कार्य की संस्तुति किसी को नही दी गयी है न तो हरिजन आबादी की जमीन पर किसी का पट्टा है ऐसे मे निर्माण कार्य संभव नही पूरे मामले से एसडीएम मनकापुर को अवगत कराया गया है। सम्बंधित क्षेत्र परसा तिवारी के राजस्व निरीक्षक से इस सम्बंध मे जानकारी करने की कोशिश करने पर उनके मोबाइल फोन का स्विच आफ बता रहा है।

## सुनवाई न होने पर युवक ने आत्मदाह का किया प्रयास

देवरिया, 16 जून (तरुणमित्र)। कलेक्ट्रेट में सोमवार की सुबह उस समय अफरा तफरी मच गयी जब तहसील सदर के मेहड़ा पुरवा निवासी युवक ललित गोपाल शर्मा ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ अधिवक्ताओं की नजर युवक पर पड़ गयी और उसे आत्मदाह करने से रोक लिया। घटना की सूचना मिलते ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी समेत पुलिस के अधिकारी कलेक्ट्रेट में पहुँच गए जहां उन्होंने पीड़ित युवक से मामले की जानकारी ली। सबसे बड़ी बात रही कि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल उस समय जनता दर्शन में फरियादियों कि समस्याओं कि सुनवाई कर रही थीं। पीड़ित युवक ने राजस्व व पुलिस कर्मियों को पैसा देने का आरोप लगाते हुए।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लापरवाही पर जांच के बाद शुरू की कार्यवाही

गोंडा, 16 जून (तरुणमित्र)। जनपद में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्यप्रणाली में लापरवाही और कर्मचारियों की गैरहाजिरी पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित जिला स्तरीय जांच टीमों ने अब तक 33 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का निरीक्षण किया है, जिसमें पटखौली (सीएचसी छपिया), नौबरा (काजीदेवर), बनघुसरा (काजीदेवर), एवं ढोढ़ेपुर (तरबगंज) के केंद्रों पर सीएचओ की अनुपस्थिति दर्ज की गई है इस पर जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अनुपस्थित पाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (उरूह) के वेतन में कटौती की जाए और एनसीडी स्क्रीनिंग न करने वाले कर्मचारियों को चेतावनी जारी की जाए। साथ ही, एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्रक्रिया को आगामी 7 दिनों के भीतर प्रारंभ कराने, अनटाइड फंड के समुचित उपयोग और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आदेशित किया है कि निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और सभी संबंधित बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। साथ ही, जिन आरोग्य मंदिरों की जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है, उनकी अंतिम आख्या 16 जून 2025 तक संकलित कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है इस क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला सामुदायिक कार्यक्रम प्रबंधक को भी निर्देशित किया गया है कि शेष सत्यापन रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा तक पूर्ण करते हुए, ।

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज बस ने ऑटो में मारी टक्कर,कई गम्भीर घायल

गोरखपुर , 16 जून (तरुणमित्र)। रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के रुस्तमपुर हाइवे पर बन रहे फ्लाईओवर के पिलर नम्बर चालीस के पास सरकारी बस ने खड़ी ऑटो में भीषण जोरदार टक्कर मार दी। जिसके वजह से ऑटो में बैठे कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। वही मौके पर पहुँची रामगढ़ताल पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाने के लिए भेजा गया।

### डा. वीके मण्डल अध्यक्ष, डा. शैलेन्द्र जिलाध्यक्ष बने

बस्ती , 16 जून (तरुणमित्र)। रिसर्च सोसायटी ऑफ होम्योपैथी इण्डिया की मण्डलीय बैठक पटेल एसएमएच हास्पिटल गोटवा के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सी.पी. सिंह ने होम्योपैथ के विस्तार, चिकित्सकों के सेवा सुविधा में सुधार, पंजीकरण में आने वाली कठिनाईयों को दूर किये जाने, सरकारी अस्पतालों में होम्योपैथिक औषधियों की उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। होम्योपैथ के विस्तार के साथ ही सर्व सम्मत से वर्तमान जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा को रिसर्च सोसायटी ऑफ होम्योपैथी इण्डिया का मण्डल अध्यक्ष और डा. शैलेन्द्र कुमार तिवारी को बस्ती और डा. खुबेर अहमद को सिद्धार्थनगर का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। इसी कड़ी में आगामी 16, 17 अगस्त को पुणे महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स की रूप रेखा पर विचार किया गया। पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।मण्डलीय बैठक में मुख्य रूप से डा. राजेश चौधरी, डा. कमल वर्मा, डा. अरविन्द प्रकाश गौड़, डा. नरेन्द्र चौधरी, डा. जी.सी. वर्मा, डा. रीतेश चौधरी, डा. जे.एल. विश्वकर्मा, डा. बी.एल. वर्मा, डा. राजमणि आदि उपस्थित रहे।

### आत्महत्या मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर , 16 जून (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर * संदीप कुमार मीना* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर * सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद * अजय सिंह* के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता रिजवान अली पुत्र असगर अली निवासी गोरखसा थाना गोला जनपद गोरखपुर को होण्डा एजेंसी डीघा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।विदित हो कि दिनांक 31.01.2025 को वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादी की पुत्री द्वारा आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था । थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 16.06.2025 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

### आरामतलब जीवनशैली से बढ़ रहे ,गठिया के मरीज : डॉ. तोमर

गोरखपुर, 16 जून (तरुणमित्र)। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय आरोग्यधाम, बालापार में सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष डॉ. जीएस तोमर द्वारा 147 रोगियों को चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इनमें अधिकांश रोगी गठिया, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, श्वास रोग एवं लिवर की बीमारियों के मिले। रोगियों को औषधियों के साथ खानपान एवं योगासनों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर रोगियों की मुफ्त बीएमडी जांच भी की गई।शिविर में डॉ तोमर ने रोगियों से चर्चा करते हुए कहा कि खानपान की अनियमितता के साथ साथ व्यायाम रहित आरामतलब जीवनशैली से वृद्धों में ही नहीं युवाओं में भी गठिया का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है।

### नपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मिलकर नगर के विकास का सौंपा प्रस्ताव

देवरिया, 16 जून (तरुणमित्र)। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पालिका बरहज सीमा अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव दिया । इस दौरान एक विशेष वार्ता में उन्होंने बताया कि नगर पालिका सीमा में स्थित नालियों के गन्दे पानी के निकासी की समस्या के समाधान हेतु सभी नालों का बहाव नगर की उत्तर दिशा में विकसित मार्ग स्थित मोहाव में काली मंदिर से आगे पुलिया तक नये प्रमुख नाला निर्माण का सी एन डी एस गोरखपुर द्वारा तैयार किए गए कार्य योजना 19.70 करोड़ रुपए की स्वीकृति एवं धनावंटन आदेश हेतु प्रस्ताव दिया गया। गौरा वार्ड की पश्चिमी सीमा में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक शवदाह गृह मुक्तिधाम स्थल के निर्माण कार्य की कार्य योजना 9.70 करोड़ रुपए का प्रस्ताव स्वीकृति एवं धनावंटन हेतु दिया गया।

# बैनामे की जमीन में फर्जीवाड़ा का आरोप, आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण

तमकुहीराज/कुशीनगर , 16 जून (तरुणमित्र)। समावार के दिन पटहेरवा थाना क्षेत्र के तीन गांवों के ग्रामीण बैनामे के जमीन में फर्जीवाड़ा कर चकबंदी अधिकारी के आदेश से नाम अंकित कराने और बैनामेदारी को प्रताणित किए जाने का आरोप लगाकर मेहदिया बुजुर्ग गांव में स्थित गणेश जी मंदिर के प्रांगण में धरने पर बैठ गए। अंशनकारियो का आरोप है की उक्त प्रकरण में स्थानीय तहसील प्रशासन की रवैया ठीक नहीं है। सनद हो की पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार ग्रामीण गणेश जी मंदिर प्रांगण में आमरण अनशन पर बैठे। अनशन पर बैठे लोगों का कहना है की मागे पूरी होने तक हम आमरण पर रहेंगे। उल्लेखनीय हो की बैनामेदार बनारसी गुप्ता,बैजनाथ गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता,हिरा गुप्ता,विनय चौरसिया, विद्याधर शुक्ला,कैलाशी देवी,रमाकांत यादव,शारदा यादव,विकास यादव, कन्हैया गुप्ता,रानी देवी, स्वामीनाथ यादव,बब्बन यादव,नगिना यादव, विद्यानन्द सिंह,रविन्द्र सिंह,श्याम बिहारी सिंह,व्यास सिंह,आस नरायण सिंह, संजय सिंह,करन सिंह,निरंजन गुप्ता,कबिता देवी, फुलकुवारी देवी,करमुल्लाह अंसारी,अब्दुल्ला अंसारी, इसराइल अंसारी आदि लोगों ने पत्रकारों को बताया कि 1977से 2006 तक एक व्यक्ति से अलग अलग तारीख में बैनामा लिया गया था,बैनामा में खारिज दाखिल व नामांतरण की संपूर्ण प्रकिया पूर्ण होने के बाद अपने बैनामे के जमीन पर काबिज हो गए। जिसमे लगभग एक दर्जन बैनामा धारक पक्का निर्माण कर अपनी जिंदगी व्यतीत कर रहे है। पिछले वर्ष चकबंदी अधिकारी पडरौना की फर्जी आदेश को दिखाकर उक्त बैनामे की जमीन में आपत्ति दर्ज कर हम सभी को प्रताणित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिया चेक



बस्ती , 16 जून (तरुणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 11690 आश्रित परिवारों को रू. 561.86 करोड़ सहायता धनराशि का वितरण जनपद अम्बेडकर नगर से किया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार बस्ती तथा समस्त तहसीलों में उपस्थित लोगों ने देखा इसी क्रम में जनपद में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक कप्तानगंज प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, सदर के मो. सलीम, रूधौली के कुलदीप मौर्या जीवन ने संयुक्त रूप से बस्ती सदर के 30 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप में धनराशि का चेक प्रदान किया गया तथा तहसील हरैयां में कुल 125, रूधौली में कुल 04 तथा भानपुर में कुल 29 लाभार्थियों को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से धनराशि का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, नायब तहसीलदार स्वाति सिंह, शालिनी पटेल, अपर संख्यिकी अधिकारी अजय कुमार चौधरी तथा राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## इलाज कराने आई महिला का गिरा पर्स पुलिस ने किया वापस

गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 16 जून (तरुणमित्र) बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पति का इलाज कराने आई महिला का पर्स गिर गया। आसपास ढूंढने पर पर्स नहीं मिला तो महिला ने मेडिकल चौकी पुलिस को सूचना दी। मेडिकल चौकी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पर्स पाने वाले युवक को खोज निकाला और महिला का पर्स रुपए सहित वापस किया है। देवरिया जिले के धतूरा खास निवासी बबलू राजभर अपने बहनोई सदानंद का इलाज कराने सोमवार की सुबह मेडिकल कॉलेज आए थे,साथ में बबलू की बहन भी थी। ओपीडी में दिखने के बाद एमआरआई वाली गलियारे से लौट रहे थे। जहां बबलू की बहन का पर्स गिर गया,जिसमें 3 हजार 420 रुपए थे। वही देवरिया जिले के भेडी थाना इकौना निवासी सुभाष विश्वकर्मा महिला का पर्स गिरा मिला।

# भीषण गर्मी के साथ बिजली की लुका-छिपी व लो वोल्टेज से जनजीवन बेहाल

उतरौला (बलरामपुर),16 जून(तरुणमित्र)जहां एक ओर उत्तर भारत के कई हिस्से भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में है, वहीं उतरौला क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बिजली की अनियमित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या ने और बढ़ा दी हैं। एक तरफ झुलसाने वाली गर्मी, दूसरी ओर पंखों और कूलरों का न चलना लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।विशेषकर चमरूपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले शाहपुर इटई, भड़वाजोत, बनगवा, महदेइया, फकिरापुर, बनकटवा, बढ़या पकड़ी, गोगाघट, नया नगर, विशुनपुर, बेथुइया सहित अन्य गांवों में बिजली आपूर्ति दिन-रात मिलाकर केवल चार से पांच घंटे ही हो पा रही है। जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।क्षेत्रवासियों के अनुसार, पिछले कई दिनों से बिजली की सप्लाई या तो बहुत कम वोल्टेज पर हो रही है या बार-बार ट्रिपिंग से पूरी तरह बाधित है। लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर और फ्रिज जैसे जरूरी उपकरण भी काम नहीं कर पा रहे हैं। दुकानदारों और व्यापारियों को भी बिजली की समस्या के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।गर्मी के साथ बिजली की आंखमिचौली ने रात्रि जीवन भी प्रभावित कर दिया है। देर रात तक बिजली की सप्लाई नहीं रहने से लोग खुली छतों और बाहर मैदानों में सोने को मजबूर हो गए हैं। मच्छरों और गर्म हवा के थपेड़ों से खासकर बुजुर्ग, बच्चे और मरीज परेशान हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग को शिकायतें दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। क्षेत्रीय नागरिक धीरेंद्र गुप्ता, रवि पांडे, शब्बीर अहमद और प्रेमशंकर यादव ने बताया कि अगर जल्द बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो जन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।स्थानीय लोगों ने बलरामपुर के जिलाधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से बिजली समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि एक ओर तो सरकार बिजली कनेक्शन और बिल वसूली पर जोर देती है, वहीं आपूर्ति और गुणवत्ता की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है।उतरौला क्षेत्र और चमरूपुर फीडर से जुड़े गांवों में हीटवेव और बिजली संकट का यह संगम जनता के लिए किसी आपदा से कम नहीं। अगर बिजली विभाग और प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## बिजली से दो सगे भाईयों के मौत, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बस्ती , 16 जून (तरुणमित्र)। सोमवार को मेधा पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीनदयाल तिवारी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि नगर थाना क्षेत्र के खुटहना निवासी घनश्याम यादव के बेटे विश्वबल्लभ यादव (23) और शशिभूषण यादव (25) की हाईटेंशन तार से सीढ़ी छू जाने के दौरान दर्दनाक मौत मामले में पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपए का मुआवजा देने के साथ ही बिजली विभाग के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।ज्ञापन देने के बाद दीनदयाल तिवारी ने कहा कि हाई टेंशन तार से दो सगे भाईयों की मौत के लिये सीधे तौर पर बिजली विभाग की लापरवाही जिम्मेदार है। तार मानक से बहुत नीचे थे और दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हो गई।

# कांग्रेस के संविधान बचाओ सम्मेलन में उठे जमीनी मुद्दे

बस्ती, 16 जून (तरुणमित्र)। कांग्रेस पार्टी के विधानसभावार संविधान बचाओ सम्मेलन की कड़ी में हरैया विधानसभा क्षेत्र के जगदीश धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा की सरकारों पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ ही संविधान को बदलने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस इस मंसूबे को कभी सफल नहीं होने देगी। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आसिफ रिजवी और निर्मला पासवान ने कहा कि संविधान देश की आत्मा है। संविधान से ही लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा किन्तु सरकार संविधान को बदलने की कोशिश में लगी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस षडयंत्र का लगातार विरोध करते हुए देश की जनता की आकांक्षा के अनुरूप भाजपा को हटाकर कांग्रेस को लाने की पहल कर रही है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दलितों, पिछड़ों व किसानों का हक छीनने की मंशा से काम कर रही है।कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि संविधान बचाने के लिये सबको मिलकर प्रयास करना होगा। कांग्रेस पार्टी की मजबूती से ही संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा संभव है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार संविधान बचाने और जातिगत जनगणना की जो आवाज बुलन्द कर रहे हैं इसमें हम सबको पूरी भागीदारी निभानी होगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय ने कहा कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस के नेता जनहित में जन आन्दोलन छेडे तभी साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाली भाजपा से मुक्ति मिलेगी।

# जीतीपुर हत्याकांड में डीआईजी से मिलकर कांग्रेसियों ने की त्वरित कार्यवाही की मांग

बस्ती , 16 जून (तरुणमित्र)। जमीनी विवाद में पैकोलिया थाना क्षेत्र के जीतीपुर लालापुरवा में 12 साल की नाबालिग की हत्या से जनपद में आक्रोश कायम है। इस संदर्भ में कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल डीआईजी से मिला। घटना की पूरी जानकारी देते हुये स्थानीय पुलिस की भूमिका और जनपद में बढ़ रहे गंभीर अपराधों पर सवाल उठाया। पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा प्रकरण को डीआईजी ने गंभीरता से लिया और जिम्मेदारी पर कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा जनपद में कानून व्यवस्था सबसे निचले स्तर पर पहुंची है। पुलिस कप्तान जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने में अक्षम साबित हो रहे हैं। शासन को तुरन्त इसे सज्ञान लेना चाहिये और व्यापक जनहित को देखते हुये जिम्मेदार पुलिस अफसरों को हटा देना चाहिये। एक दशक पूर्व शांतपर्ण जिलों में जाना जाने वाला बस्ती जिला इस वक्त मंडल नही बल्कि पूर्वांचल में अपराध को लेकर नम्बर एक पर है पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा पुलिस अफसरों को जनाक्रोश और जनभावनाओं का ख्याल कर-के निकम्मे अफसरों को हटाना होगा और आपराधिक मामलों में त्वरित कार्यवाही करनी होगी। जनपद में अपराध चरम पर है, अनेक मामलों के खुलासे नही हुये है।

सम्बन्धित स्टेशन अफसरों को हटाकर दूसरों को मौका देना होगा। जीतीपुर की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिसिया लापरवाही सर्वविदित है। घटनास्थल या घायलों से मिलने जिला अस्पताल में पुलिस कप्तान का न पहुंचना बड़ी लापरवाही व संवेदनहीनता को रेखांकित करता है।

# मेघावी छात्र आदित्य ने की कुलपति प्रो. पूनम टंडन से भेंट

गोरखपुर , 16 जून (तरुणमित्र)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि तृतीय वर्ष के मेधावी छात्र श्री आदित्य कुमार ने श्वच्छ एवं ऊर्जा विषय पर आयोजित भारत सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऑल इंडिया रैंक 2 प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर उन्होंने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने आदित्य को विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।यह प्रतियोगिता पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई थी। आदित्य कुमार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा भारत सरकार के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें ?1,00,000 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग वे अपने नवाचारी विचारों को क्रियान्वित करने में करेंगे।श्री आदित्य कुमार को भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में अपने विचार प्रस्तुत करने का



अवसर भी प्राप्त हुआ। यह समारोह भारत के प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किए गए अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मंच पर सहभागिता से उनकी पर्यावरणीय चेतना और ऊर्जा संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक दृढ़ हुई है।इस अवसर पर प्रो. दिनेश यादव, निदेशक कथ्रटर, प्रो. अनुभूति दुबे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, एवं डॉ. रामवन्त गुप्ता ने भी आदित्य कुमार को उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि पर बधाई दी।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से गई भैंस की जान

उनवल गोरखपुर , 16 जून (तरुणमित्र)। खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी अंतर गत नगर पंचायत उनवल में वार्ड नंबर 4 सिकड़िया टोला निवासी विंध्याचल यादव पुत्र स्व.बृजलाल यादव की भैंस का बिजली से करेन्ट लगने से सुबह लगभग 4.30 बजे हुई मौत,पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मेरी लाईट दो दिन पूर्व से खराब चल रही थी जिसकी शिकायत हमने उनवल पावरहाउस पर की थी पर कोई कर्मचारी उसे ठीक करने नही आया।अगर समय से ठीक हो गया होता तो हमारी भैंस नही मरती उसके पेट मे 9 माह का बच्चा भी है।वही विद्युत विभाग के जे ई अतुल राय ने बताया कि भैंस की मौत करेन्ट लगने की सूचना मिलते ही अपने दो कर्मचारियों को वहाँ भेज पता किया तो वहाँ किसी भी पोल में लाईट नही उतर रही हैं फिर भी फिर भी मैंने भैंस के पोस्टमॉर्टम के लिए कह दीया है अगर उसकी मौत करेन्ट लगने से हुई होगी तो जो भी मुआवजा बनेगा ।

## घर में घुसकर दुष्कर्म मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर, 16 जून (तरुणमित्र)। जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर * संदीप कुमार मीना* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर * सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद * अजय सिंह* के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता करम हुसैन पुत्र मुख्तार अहमद निवासी विधियानी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 15.06.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर तहरीर दिया गया।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को मिला आठवां स्थान

❍ चेतावनी: चार विभागों की प्रगति खराब, डी श्रेणी में रहे शामिल ❍ प्रगति में सुधार न हुआ तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें अधिकारी-सीडीओ



**ललितपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत माह मई 2025 में विभिन्न विभागों, योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें खराब प्रगति वाले विभागों को अगले माह तक प्रगति में अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये गए। समीक्षा के दौरान प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को राजस्व एवं विकास कार्यों में 8वां स्थान मिला है, जबकि जनपद के 4 विभागों की रैंकिंग खराब पायी गई, ये विभाग प्रदेश की रैंकिंग में डी श्रेणी में हैं, इनमें ग्राम्य विकास विभाग-डे एनआरएलएन बैंक क्रेडिट लिंकेज, नियोजन विभाग-फैमिली आईडी, प्राथमिक शिक्षा-मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-ओडीओपी टूलकिट योजना आदि शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यालयाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग खराब न हो, इसके लिए पोर्टल पर सही फीडिंग करायें और प्रगति सुधारें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। ग्राम विकास विभाग की समीक्षा के दौरान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि 25 तारीख तक स्थिति नहीं सुधरी तो सम्बंधित डीएमएम के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

नियोजन विभाग के तहत फैमिली आईडी की समीक्षा में डीपीआरओ व जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये गए कि ग्राम पंचायत स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों को लक्ष्य आवंटित कर फैमिली आइडी बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, डीआईओएस ओपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गुलाबी गैंग मुखिया सम्पत पाल का हुआ भव्य स्वागत

**झाँसी, 16 जून (तरूणमित्र)।** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रही गुलाबी गैंग लीडर सम्पत पाल का झाँसी आगमन पर संघर्ष सेवा समिति के कार्यालय में स्वागत किया गया। संयोजक डॉ संदीप सरावगी ने बताया कि संपत पाल ने संगठन की शुरूआत बांदा जिले में महिलाओं की दुर्दशा को देखते हुए की थी। उनका उद्देश्य शक्तिहीनों की रक्षा करना, भ्रष्टाचार से लड़ना और गरीबों के बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करना है।

गुलाबी गैंग की ख्याति को देखते हुए इस समूह पर एक फिल्म भी बनाई जा चुकी है जिसमें माधुरी दीक्षित ने अभिनय किया है। डॉ० संदीप ने आश्वासन दिया कि संघर्ष सेवा समिति महिला सशक्तिकरण के लिए गुलाबी गैंग के साथ जुड़कर झाँसी और आसपास के क्षेत्र में वृहद स्तर पर कार्य करेगी। इस अवसर पर कामता प्रसाद, हाजरा रब, रोशन आरा, सीमा रजक, प्रतिमा ओझा, छाया नगीना, भावना सिंह, अंगूरी देवी, चांदनी, हंसराज, प्रमिल थापक, गुलाब यादव, रविंद्र यादव, गिरीश यादव, अब्दुल रब, दीपक, नारायण, मास्टर मुन्नालाल, महेंद्र रायकवार, बसंत गुप्ता, राहुल रायकवार, आशीष विश्वकर्मा, सुशांत गेडा, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, संदीप नामदेव, कमल मेहता, राजू सेन, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना पर किसानों को बांटे चेक

**चित्रकूट, 16 जून (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड रुपए सहायता राशि का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अंबेडकर नगर से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम को एलसीडी के माध्यम से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री मनोज तिवारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण दिखाया गया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी सावित्री देवी, अनुराधा देवी, कमला देवी, मीरा देवी, पदमा देवी, फूला देवी, निर्मला देवी, भोड़ी देवी, विद्या देवी, रेखा देवी, शिव प्यारी, शहनाज बानो, कमलेश आदि लाभार्थियों को कलेक्ट्रेट सभागार में चेक का वितरण किया।



## ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड की बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**झांसी, 16 जून (तरूणमित्र)।** ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर लौट रहे होमगार्ड्स सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में एक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। उसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार सुबह की है, जब सकरार के निकट लुहारी टोल प्लाजा के निकट बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक लहचूरा थाना क्षेत्र के रोरा गांव निवासी रतिराम 57 है जबकि घायल मऊरानीपुर के मथूपुरा गांव निवासी हरजू प्रसाद 45 है। फिलहाल उनकी पोस्टिंग पुलिस लाइन में थी। दोनों रोजाना घर से अपडाउन करते थे। रविवार को उनकी नाइट ड्यूटी थी। जब वे लुहारी टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

## पेंडिंग ऋण आवेदनों को लेकर डीएम ने अधिकारियों की लगाई क्लास

637 आवेदन लम्बित, सबसे अधिक पंजाब नेशनल बैंक के 271 प्रार्थना पत्र शामिल

**झांसी, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि सभी बैंक शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने सरकार द्वारा आमजन के लिए संचालित लाभहित योजनाओं में बरती जा रही शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की। वे नवीन सभागार कलेक्ट्रेट में आ?ोजित बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक में हिस्सा ले रहे थे। उनके टारगेट पर ऐसे बैंक रहे जिनके पास मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर अब तक कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने नाम लेते हुए स्टेट बैंक आफ इंडिया 779, पंजाब नेशनल बैंक 581, एचडीएफसी 104, यूपी ग्रामीण बैंक 83, बैंक ऑफ बड़ौदा 50, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 42 सहित 14 बैंक और शामिल हैं। उन्होंने योजना अंतर्गत 293 आवेदनों को स्वीकृत करने के बाद अभी तक वितरण न करने पर भी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह के कैश क्रेडिट लिंकेज की समीक्षा करते हुए 637 लम्बित आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने सबसे अधिक आवेदन पंजाब नेशनल बैंक 271, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 132, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया 94, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक 72 सहित अन्य बैंक को सभी आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बैंक कैम्प आयोजित कर समस्त समूह का कैश क्रेडिट लिंकेज कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, आरबीआई विशाल मैनेजर, उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी, अग्रणी बैंक प्रबंधक पीएनबी अजय कुमार शर्मा, डीसी एनआरएलएम बृज मोहन अम्बेड, डीडीएम नाबार्ड भूपेश पाल, भानु प्रताप सिंह सहित सांसद झांसी- ललितपुर के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी व बैंकों से आए बैंक अधिकारी/प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



## आधा सैकड़ा बार रक्तदान करने वालों को सदर विधायक ने किया सम्मानित

**झांसी, 16 जून (तरूणमित्र)।** भारत विकास परिषद धनवंतरी शाखा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज, गेट नंबर 4 के सामने स्थित एक हॉस्पिटल में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रवि शर्मा व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय पटवारी रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला सदर विधायक ने कहा कि रक्त कई लोगों की जिंदगियां बचा सकता है । इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बी के निरंजन, अवधेश निरंजन, जितेंद्र यादव, महेंद्र निरंजन, अमित कुमार श्रीवास्तव, दीपा राय, संजय साहू, संतोष निषाद आदि ने रक्तदान किया। 50 से ज्यादा बार रक्तदान करने वालों को भी संगठन ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में विनोद निरंजन, शिरोमणि शर्मा, पवन तूफान, वीरेंद्र निरंजन, जयेश, राम जी रामायण, मधु कर निरंजन, ममता निरंजन, ओपी गुप्ता, डॉक्टर विक्रम सिंह, नंद गोपाल, एचपी राय, डॉ रवि कुमार आदि मौजूद रहे। अंत में भारत विकास परिषद की अध्यक्ष डॉ दीपा राय ने आभार व्यक्त किया।



## सड़क और पानी की समस्याओं को दूर करायें अधिकारी-सांसद

कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक संपन्न

**चित्रकूट, 16 जून (तरूणमित्र)।** सांसद कृष्णा देवी पटेल की अध्यक्षता में एवं विधायक सदर अनिल प्रधान, विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

सांसद ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनपद चित्रकूट में मुख्य रूप से सड़कों एवं पानी की समस्याएं अधिक है संबंधित विभाग जिन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है उसको तत्काल पूर्ण कराया जाए तथा सड़कों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास भी जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। जल जीवन मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए की मैन पावर बढ़ाकर जल जीवन मिशन के जो कार्य अधूरे हैं उनको पूर्ण कराया जाए, कार्य धरातल पर होना चाहिए। सांसद ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन से कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक अलग से जनप्रतिनिधियों के साथ कराई जाए, उन्होंने कहा कि जिन गांवों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है उसकी सूची फोटोग्राफ सहित एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन सड़कों गलियों के कार्य को पूर्ण कराया गया है उसकी भी फोटोग्राफ सहित सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि सांसद एवं तथा अन्य जनप्रतिनिधियों तथा समिति के सदस्यों द्वारा जो समस्या तथा सुझाव इस बैठक में दिया गया है उसका अनुपालन संबंधित विभागों से कराया जाएगा।

बैठक का संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद ने किया। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा मौजूद रहे।



## आधार केईवाईसी कराये दिव्यांग

**चित्रकूट, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि दिव्यांग पेंशन में अपना आधार प्रमाणीकरण कराना आवश्यक है। दिव्यांग पेंशन में आधार प्रमाणीकरण न होने की स्थिति में पेंशनरों के बैंक खातों में पेंशन धनराशि अंतरित नहीं की जा सकेगी।

## बीएड प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट आज होंगे घोषित

**झांसी, 16 जून (तरूणमित्र)।** अंततः बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा सम्पादित बीएड प्रवेश परीक्षा 2025 के रिजल्ट 17 जून को घोषित कर दिए जाएंगे। इसी 01 जून को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रदेश के 69 जिलों के 756 परीक्षा केंद्रों पर सत्र 2025-26 के लिए बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई थी।

इसमें 3.44,546 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा 3.05,331 अभ्यर्थियों ने ही दी थी। इन्हीं अभ्यर्थियों की परीक्षा के परिणाम घोषित होने जा रहे हैं। परीक्षा के दौरान मेरठ और अयोध्या में दो अभ्यर्थी नकल करते पकड़े गए थे। कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का काम पूरा हो चुका है। अब इसे जारी करने से पहले एक बार अवलोकन किया जाएगा, जिसके बाद परिणाम घोषित होंगे। बीएड प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने खुद ही मोर्चा संभाला।

इसके लिए सीपीएमटी भवन में कंट्रोल रूम बनाया गया था। वहीं, परीक्षा सम्पन्न होने के बाद यहीं कॉपियों को जांचा जा रहा था। जहां दो बार तक ओएमआर शीट को स्कैन किया गया है, ताकि किसी प्रकार की कमी न रह जाए। बीएड प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए सबसे अधिक 93 प्रतिशत अभ्यर्थी अमेठी और बलरामपुर से शामिल हुए थे। जबकि सबसे कम उपस्थिति बिजनौर में 82 और झांसी में 85 प्रतिशत रही।

## बुनिमो ने बुंदेलखंड के विधायकों एवं एमएलसी के सामूहिक पुतले फूंके

**झाँसी, 16 जून (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने अध्यक्ष भानुसहाय के नेतृत्व में पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग में असहयोग के आरोप में बुंदेलखंड के 19 विधायक एवं 5 एमएलसी के पुतले कचहरी चौराहा पर फूंके। इस दौरान कार्यकर्त्ता 'बहुत सहा है अब ना सहेंगे, बुन्देलखण्ड तो ले के रहेंगे ' एवं ?बुन्देलखण्ड तो लेगे लेंगे, जैसे दोगे वैसे लेगे? आदि नारे लगा रहे थे।

पुतला दहन करने वालों में रघुराज शर्मा, वरुण अग्रवाल, गिरजा शंकर राय, उत्कर्ष साहू, अनिल कश्यप जिलाध्यक्ष, हनीफ खान पहलवान, रजनीश श्रीवास्तव, प्रदीप झा, राजेंद्र कुमार पूर्व पार्षद, रामजी सिंह जादौन पारीछा, नरेश वर्मा, ब्रजेश राय, आशीष रायकवार नगर अध्यक्ष, सचिन साहू, अरुण रायकवार, शंकर रायकवार, राजेश लोहिया , रमेश रायकवार, हरीश वीरू, कुलवंत सिंह खालसा, अभिषेक तिवारी, शाहजहाँ बेगम, राधा वर्मा, कुंती राय, हरीश वीरू, बट्टा गुरु, प्रभु दयाल कुशवाहा आदि रहे।



## आनंद दीक्षित बने संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ के मंडल संयोजक

**ललितपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश ने आनंद दीक्षित को झांसी मंडल का मंडल संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन की गतिविधियों में उनके सक्रिय योगदान, अनुशासन और समर्पण को देखते हुए की गई है। प्रदेश महामंत्री योगेश कुमार उपाध्याय द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि आनंद दीक्षित वर्तमान में सीएचओ पद पर कार्यरत हैं और उनकी सदस्यता संख्या 1559 है। उन्हें संगठनात्मक दिशा-निर्देशों, निर्णयों तथा कार्यक्रमों के संचालन की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। और संगठन को विश्वास है कि आनंद दीक्षित के नेतृत्व में मंडल स्तर पर संगठन की गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## सीएचसी महरौनी में स्टाफ नर्स पर प्रसूता से सुविधा शुल्क लेने का आरोप

**ललितपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी के औचक निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स द्वारा प्रसूता के परिजनों से एक हजार रुपए सुविधा शुल्क लेने के आरोपों के बाद सीएमएस ने नर्स के स्थानांतरण की सिफारिश की है। बताया गया है कि सोमवार की सुबह 7.12 बजे राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना: 238 किसानों को मिली 9.16 करोड़ की आर्थिक सहायता

**ललितपुर, 16 जून (तरूणमित्र)।** 'किसानों का कल्याण-उत्तर प्रदेश की पहचान' थीम पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आज सोमवार को जनपद अम्बेडकरनगर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसका सजीव प्रसारण कलैक्ट्रेट सभागार ललितपुर में आश्रित परिवारों को दिखाया गया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन की उपस्थिति में जनपद के कुल 238 लाभार्थियों को 9 करोड़ 16 लाख रुपए की सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक किसानों को दिये गए, जिसकी धनराशि लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। इन लाभार्थियों में तहसील ललितपुर के 84, तालबेहट के 54, महरौनी के 39, मड़ावरा के 32 एवं तहसील पाली के 29 लाभार्थी शामिल हैं।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री के अतिरिक्त सदर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, तहसीलदार सदर व जनपद के आश्रित परिवारों के कृषक उपस्थित रहे।



## 'ई-आफिस' प्रणाली के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बांदा, 16 जून (तरूणमित्र)।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी एवं शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें ग्रामीण अभियंत्रण, सहायक आयुक्त श्रम, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), उपयुक्त उद्योग, दुग्ध विकास अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी तथा डिप्टी स्पोर्ट्स आफिसर शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ई-आफिस प्रणाली के संचालन में लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकांश विभागों में गो-लाइव होने के बावजूद ई-ऑफिस यूजर्स द्वारा पत्रावलियों का संचालन अभी तक नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विभागों द्वारा शेष बचे ई-आफिस यूजर्स का डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट), वीपीएन नंबर, क्रिएशन, तथा ईमेल जनरेशन में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जो अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर ई-ऑफिस के माध्यम से समस्त पत्रावलियों का संचालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। ताकि शासन की मंशानुसार कार्य प्रणाली को डिजिटल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जा सके।

## लाभार्थियों को 6.55 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित

**बांदा, 16 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद अंबेडकर नगर से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित लाभार्थी धनराशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया गया। इसका सजीव प्रसारण महर्षि बामदेव सभागार, कलेक्ट्रेट बांदा में भी किया गया, जिसे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं लाभार्थियों द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बांदा के समस्त तहसीलों 146 लाभार्थियों एवं बांदा मुख्यालय में 53 लाभार्थी कृषकों को 6.55 करोड़ (छह करोड़ पचपन लाख 20हजार रुपए) की धनराशि प्रतीकात्मक डेमो चेक के माध्यम से वितरित की गई। यह समस्त धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित की जा चुकी है। प्रमुख लाभार्थियों में शामिल लोगों में श्रीमती शांति पत्नी रामनरेश को 5,00,000 श्रीमती भानुमति को 5,00,000, श्रीमती राजकारण को 5,00,000, श्रीमती शिव देवी को 1,00,000, श्रीमती कलावती पत्नी कुंज बिहारी को 5,00,000, श्रीमती तुलसा को 1,00,000 श्रीमती बिन्नू, अजय कुमार, श्रीमती सोना पत्नी राजेन्द्र, श्रीमती सावित्री, श्री मती नीलम 1 लाख ., श्रीमती रानी, श्रीमती केतकी, श्रीमती जागेश्वरी, श्रीमती आशा देवी, श्रीमती बच्ची देवी, श्रीमती सुनैना देवी, श्रीमती जगमतिया, श्रीमती शारदा देवी, श्रीमती छानिया देवी, श्रीमती भोली देवी, श्रीमती आरती, श्रीमती ?ंससप श्रीमती पुष्पा, श्रीमती अनुराधा, श्रीमती कल्पना, श्रीमती कुसुम, श्रीमती सुनीता 1 लाख तथा शेष को भी 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे. रीभा, अपर जिलाधिकारी राजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासु , जिला पंचायत सदस्य संतराम, चंद्र शेखर, एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कृषक परिवारों से संबंधित महिलाएं एवं परिजन उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया एवं लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



## तेज रफ्तार प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलटी, 23 लोग घायल

**बबेरू/बांदा, 16 जून (तरूणमित्र)।** मुरवल व अलिहा गांव के बीचों बीच एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गई,जोगनी बस में सवार 23 लोग घायल हो गए जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मुरवल व अलिहा गांव के बीच सोमवार की सुबह एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई, जिसमें सवार स्वर शांति 23 वर्ष, क्रांति 24 वर्ष, हेमलता 35 वर्ष, रानी 30 वर्ष, रानी 24 वर्ष,से चांदनी 10 वर्ष, आरती 7 वर्ष, लक्ष्मी 17 वर्ष, संतोषी 17 वर्ष, ज्योति 31 वर्ष, उर्मिला 40 वर्ष, रिसिका 7 वर्ष, अनुराग 9 वर्ष, अंजनी 30 वर्ष, भूरी 55 वर्ष, रोहिनी 17 वर्ष, देवी चरण 33 वर्ष, अनिल 16 वर्ष, माया 23 वर्ष ,रचना 20 वर्ष ,वीरपति पत्नी राम आसरे 40 वर्ष, कल्ली पत्नी देवीदीन 25 वर्ष, नंदिनी पत्नी रामचरण 22 वर्ष, निवासी सभी राठ तहसील क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले बताए गए है। जो सभी 23 लोग घायल हो गए, सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बांदा को जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया है जिसमें बीरपति, कल्ली, व नंदिनी की हालत गंभीर होने पर इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। वही अन्य सभी घायलों इलाज कर घर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक प्राइवेट बस प्रतापगढ़ से राठ जा रही थी। तभी मुरवल गांव के पास अचानक चलती बस अनियंत्रित हो गई, और सड़क के किनारे पलट गई। जिसमें बस में लगभग 40 से 50 लोग सवार थे। शीशा तोड़कर बस में सवार सभी लोगों को बाहर निकला।

# किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, मुख्यमंत्री ने दी 561.86 करोड़ की सौगात

## जनपद के 50 परिवारों को मिला सहारा



उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। किसान का दुःख प्रदेश का दुःख है इसी संकल्प को साकार करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 11,690 कृषक आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में प्रेषित की।

जनपद अंबेडकर नगर से आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद जालौन सहित पूरे प्रदेश में किया गया। जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, पूर्व मंत्री भानु प्रताप सिंह, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान तथा विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी ने भाग लिया और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर जालौन जनपद के 50 लाभार्थी कृषक परिवारों को 2 करोड़ 11 लाख रुपए की डेमो चेक वितरित की गई। वास्तविक सहायता राशि डीबीटी माध्यम से सीधे पात्रों के बैंक खातों में भेजी गई। यह योजना उन किसानों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने अकाल दुर्घटनाओं में अपनों को खोया है। जनपद की सभी तहसीलों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रत्येक स्थान पर लाभार्थियों को योजना के बारे में जानकारी दी गई और शासन की संवेदनशीलता का एहसास कराया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा, यह योजना न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि प्रदेश सरकार का उन किसानों के प्रति कर्तव्यबोध है, जिनका जीवन खेतों से जुड़ा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेन्द्र कलाकार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर सहित संबंधित अधिकारी व प्रतिनिधि व लाभार्थी मौजूद रहे।

## उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर में विद्यार्थी हुए लाभान्वित

उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। देश भर में चलाए जा रहे विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण का दो दिवसीय शिविर का समापन बीते दिन संत आशाराम बापू आश्रम में हुआ। दो दिवस के शिविर में 6 सत्र सम्पन्न हुए। इस अवसर पर ग्वालियर आश्रम से आये पूज्य बापूजी के शिष्य विजय महाराज ने बच्चों को स्वस्थ रहने, परीक्षा में अत्यधिक अंक अर्जित करने के साथ साथ मात्र भूमि और देश भक्ति के दैवीय गुणों से अवगत कराया। सभी विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, योगासन और अन्य कई प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लिया। इस प्रकार के शिविर देश भर के 550 आश्रम और 2500 समितियो प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु के दौरान आयोजित करती हैं। शिविरो से निकले विद्यार्थियों ने देश के हर छेत्र में सफलता अर्जित की है।

## वैदिक मंत्रोच्चार और पूर्ण विधि-विधान के साथ नवीन शिवलिंग की पुनः हुई स्थापना



जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां स्थित प्राचीन शिवमंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और पूर्ण विधि-विधान के साथ नवीन शिवलिंग की पुनः स्थापना कर दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शनिवार को अराजक तत्वों ने गांव के बाहर पंचायत भवन के सामने स्थित पुराने शिवमंदिर में स्थापित शिवलिंग को खंडित कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। हालांकि मंदिर परिसर में रखे धातु के नागराज, घंटे आदि सुरक्षित पाए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि घटना चोरी के उद्देश्य से नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा से की गई थी। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती थी, लेकिन प्रशासन और ग्रामीणों की सूझबूझ से माहौल शांत बना रहा। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से निर्णय लेते हुए खंडवा से शिवलिंग मंगवाया, जो रविवार देर रात तक गांव में पहुंच गया था। सोमवार सुबह गांव में धार्मिक वातावरण के बीच पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इसके बाद गांव में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल अजीत सिंह, प्रधान जगतपाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 30 लीटर अवैध शराब, दो गिरफ्तार

उन्नाव, 16 जून (तरुणमित्र)। जिले में आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के कुशल नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील-पुरवा अंतर्गत हिलौली बाजार,कुट्टीखेड़ा थाना मौरावां में एकबारगी दबिश देते हुए कुल 30लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में 1, श्याम सुंदरी पत्नी राज कुमार निवासी छोटी गौरी थाना मौरावां। 2, भानमती पत्नी टुन्नी निवासी जनवारनखेड़ा थाना मौरावां कार्यवाही की गई।

### कुएं को तोड़कर अवैध तरीके से मकान का करना चाहता है निर्माण

कोंच/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। ग्रामसभा की जमीन पर कुआं बना हुआ है। जिसे ग्राम का ही निवासी तोड़कर अवैध तरीके से कब्जा कर मकान का निर्माण करना चाहता है। जिसकी शिकायत एसडीएम से ग्रामीण द्वारा की गई। मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम धन्जा का है जहां के निवासी अमित कुमार पुत्र राज कुमार ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक शिकायती पत्र देते हुए सरकारी कुआं को नष्ट होने से बचाये जाने की गुहार लगाई है क्योंकि अमित का पड़ोसी अमरीश कुमार गुप्ता पुत्र राम कुमार गुप्ता सरकारी कुएं को तोड़कर मकान का निर्माण करना चाहता है और रोकने पर लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाता है। दिनांक 13 जून 2025 को जब उक्त हैमर से कुआं तुड़वा रहा था तो डायल 112 पुलिस को सूचना देने पर पुलिस उक्त कार्य को रुकवा गयी थी लेकिन अम्बरीश कुआं को तोड़ने की फिराक में। लगा हुआ है प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### ग्रामीणों ने प्रधान पर सही चकरोड को जेसीबी से उखड़वाने का लगाया आरोप

जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। लौना गांव में ग्रामीणों ने प्रधान पर सही चकरोड को जेसीबी से उखाड़ने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। लौना गांव निवासी शैलेंद्र सिंह, शिवपाल, अमृतलाल, संतोष, धर्मेंद्र सिंह, संजू, धन सिंह सेंगर आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके खेत तक जाने के लिए चकरोड संख्या 560 है। यह चकरोड सही हालत में था। उन्होंने आरोप लगाया कि रविवार की रात इस चकरोड को प्रधान ने जेसीबी मशीन से उखड़वा दिया है। चकरोड उखड़ने से खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इस समय बारिश भी शुरू हो चुकी है। बारिश में चकरोड न होने से किसानों को खेतों में पहुंचने में और भी दिक्कत होगी। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## शिकायत पर खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने

कोंच/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुंअरपुरा निवासी कृष्णा पटेल पुत्र राज कुमार ने दिन रविवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि पंचानन चैराहा स्थित कुशवाहा होटल से समोसा जलेबी व रायता लेकर घर गया और परिवारीजनों ने नास्ता किया। जिससे उल्टी दस्त शुरू हो गयी और इलाज हेतु डॉक्टर के यहां भर्ती कराना पड़ा। जिस पर एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से दिन सोमवार को खाद्य सुरक्षा टीम को बुला लिया और उनके साथ शिकायत सम्बंधित नमूना भरवा कर निर्देशित किया गया कि आम जनमानस के स्वास्थ्य से लापरवाही न की जाए अन्यथा सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद खाद्य सुरक्षा टीम ने नगर में घूमकर कई अन्य लोगों के भी नमूने लिए इस कार्यवाही से पूरे बाजार में हड़कम्प मच गया।

# उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा क्रान्ति की ओर अग्रसर

उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। आज विश्व के हर क्षेत्र में विकास करने के लिये विद्युत जरूरी है। बिना विद्युत के कोई भी यन्त्र, उपकरण, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यातायात वाहन, घरेलू प्रकाश आदि नही चल पाते है। विद्युत उत्पादन, विद्युत शक्ति, जल से कोयले आदि की उष्मा से, नाभिकीय अभिक्रियाओं से, पवन शक्ति से, पेट्रोलियम/प्राकृतिक गैस आदि से होती है। किन्तु यह संसाधन धीरे-धीरे खत्म हो रहे है। इसलिये मानव को विद्युत आवश्यकताओं के लिये सौर ऊर्जा व अन्य विद्युत उत्पादन संसाधनों पर निर्भर होना पड़ेगा।

विश्व भौगोलिक क्षेत्र में सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा श्रोत है। सूर्य की ऊर्जा के कारण ही मौसम एवं जलवायु का परिवर्तन होता है। धरती पर सभी प्रकार के जीवन, जीव-जन्तु, पेड़-पौधे आदि को सूर्य की ऊर्जा का ही सहारा है। इसी सूर्य की ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने को ही मुख्य रूप से सौर ऊर्जा कहा जाता है। सौर ऊर्जा वास्तव में अक्षय ऊर्जा श्रोत है जिसका उपयोग छोटे स्तर से लेकर बडे स्तर तक किया जा सकता है। सूर्य की उष्मा से प्राप्त सौर ऊर्जा उत्पादन में कोई प्रदूषण नहीं होता है। इससे संचालित उपकरणों का जीवन लम्बा होता है और रख-रखाव की कम आवश्यकता होती है। सौर ऊर्जा आधुनिक जीवन में महत्वपूर्ण होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे है।

सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में हो गया है। प्रदेश में 3840 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के 09 सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही, इसमें से 528 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। सौर ऊर्जा की प्राकृतिक संभावना वाले सर्वश्रेष्ठ चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के पश्चात उत्तर प्रदेश देश में पांचवें स्थान पर है, जहां पर सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा, प्रदेश के बुंदेलखंड और अन्य क्षेत्रों में सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र में विशेष रूप से सोलर पार्कों की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त हुआ है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने बड़े ठोस कदम बढ़ाए हैं। इनमें सोलर पार्क के अतिरिक्त घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर लगाना, सोलर नगरों की स्थापना, कृषि फार्म को सौर ऊर्जा से बिजली देना, पंप स्टोरेज एवं जैव ऊर्जा का उत्पादन शामिल हैं। बायोमास ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इससे लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। प्रदेश में सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। इसमें 6 हजार मेगावाट निजी व सरकारी भवनों में सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना करके की जा रही है। तथा 14 हजार मेगावाट क्षमता की सौर उपयोगिता परियोजनाएं व सोलर पार्क स्थापित किये जायेंगे। राज्य में 3871.17 मेगावाट ग्रिड से जुड़ी नवीकरणीय क्षमता स्थापित की गई है। साथ ही कैप्टिव उपयोग, तीसरे पक्ष की बिक्री और डिस्कॉम, यूपीपीसीएल को बिजली की खुली बिक्री के तहत 2594 मेगावाट की ग्राउंड माउंटेड परियोजना स्थापित की गई। प्रदेश के 1.21 लाख घरों में 450 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश में पीएम कुसुम योजना के तहत 16.17 मेगावाट ग्रिड ट्यूबवेल को सौर ऊर्जा से संचालित किया गया है। 2000 से अधिक पम्पों का सोलराइजेशन किया गया है। किसानों के निजी ऑनग्रिड पम्प का सोलराइजेशन के साथ पृथक कृषि विद्युत फीडरो का भी सोलराइजेशन कराया जायेगा। प्रदेश के 61 जिलों के गांवों में 886 मेगावाट के पेयजल पंपिंग स्टेशन सौर ऊर्जा से संचालित किए गए। पिछले एक वर्ष में 528 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड यूटिलिटी स्केल चालू किया गया है। 6800 मेगावाट यूटिलिटी स्केल परियोजनाओं को स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। 2653 मेगावाट से अधिक क्षमता की परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है।

# गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की डीएम से उठाई मांग

जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। त्रिनेत्र योजना के तहत गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग ग्रामीण ने डीएम से की है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि ग्राम पंचायतों में सुरक्षा की दृष्टि से सरकार की योजना त्रिनेत्र के तहत प्रत्येक गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की योजना बनाई गई थी। राज्य सरकार की त्रिनेत्र योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में अपराधों पर अंकुश लगाना और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने थे, ताकि सार्वजनिक स्थलों, चैराहों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में इस योजना को ठीक से लागू नहीं किया गया है। गजेंद्र सिंह के अनुसार केवल चुनिंदा स्थानों, जैसे अंबेडकर प्रतिमाओं और पंचायत भवन के पास ही कैमरे लगाए गए हैं, जबकि गांव के मुख्य रास्ते, बाजार, पंचायत भवन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कैमरे नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कैमरे न होने से गांवों में आपराधिक घटनाओं की निगरानी में कठिनाई हो रही है और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है। हाल ही में भदवां गांव में हुई घटना के बाद कैमरे लगवाए जाना अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि त्रिनेत्र योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह से लागू किया जाए और हर गांव के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिल सके और ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ प्राप्त हो।

## ओवर फ्लो माइनर से फसलें हो रहीं नष्ट, एसडीएम को सौंपा पत्र

कोंच/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। तहसील क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासियों ने दिन सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र देते हुए बताया कि सींगपुरा माइनर ग्राम कैमरा की ओर जाता है लेकिन कैमरा माइनर काफी सकरा हो गया है। जिसके कारण पानी की निकासी आगे नहीं हो पाती है और माइनर के किनारे किसानों की फसलें ओवर फ्लो के कारण नष्ट हो जाती हैं। अगर माइनर की खुदाई हो जाये तो किसानों की फसलें नष्ट होने से बच जायेंगी ग्रामीणों ने एसडीएम से उक्त माइनर को खुदवाए जाने की मांग की है। इस दौरान फोदल पाल, सन्तोष, छदामी, राघवेंद्र, परमसुख आदि किसान मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भव्य समापन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। ग्राम उदोतपुरा में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को भव्य समापन हुआ। समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा के पावन प्रसंगों का पुण्यफल प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया।

भागवत कथा का आयोजन पिछले एक सप्ताह से चल रहा था, जिसमें कथा व्यास नितेश तिवारी ने श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति मार्ग, धर्म के स्वरूप और जीवन मूल्यों पर आधारित प्रसंगों का अत्यंत सरल और भावविभोर कर देने वाले शैली में वर्णन किया। कथा के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते रहे। कथा के अंतिम दिन भव्य पूर्णाहुति और आरती के बाद समापन भंडारे की शुरूआत हुई। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत रूप से भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

## पौधारोपण कार्यक्रम के तहत छायादार फलदार व औषधि से संबंधित रोपे गए पौधे

### नाना महाराज की बगिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। धरा को हराभरा करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। नगर में पहली बारिश होने के बाद पौधारोपण का काम शुरू हो गया है। भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा द्वारा नाना महाराज बगिया में फलदार व छायादार पौधारोपण किया गया।

भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा के तत्वावधान में नाना महाराज की बगिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के तहत बगिया में छायादार, फलदार व औषधि से संबंधित पौधे रोपे गए। शाखा अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है, जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। इस मौके पर राजीव महेश्वरी, डॉ. बृजेंद्र दुबे, सुशील बाजपेई, जितेंद्र सिंह गुर्जर, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, राजू नेता, अरुणकांत द्विवेदी, सुरेश हूका, अरविंद बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

उधर, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में यात्रियों की असामयिक मृत्यु पर भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के सदस्यों ने मौन रहकर दिवंगत आत्माओं की शांति एवं दुःखी परिवारों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने को ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर अरविंद श्रीवास्तव प्रेमकुमार गुप्ता, गौरव गुप्ता, पवन अग्रवाल साधना श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, रजम श्रीवास्तव, स्वप्नम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## समर कैंप का हर्षोल्लास के साथ हुआ समापन, वितरित किए प्रमाण-पत्र



जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। नगर के शैक्षणिक संस्थान एमएल कॉन्वेंट एवं डीडी मैमोरियल स्कूल में गर्मी की छुट्टियों के दौरान आयोजित समर कैंप का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को उनकी सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें शैक्षिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ना था। इसमें भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एमएल कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने समापन समारोह में कहा कि ऐसे कैंप बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार करना जरूरी है। डीडी मैमोरियल स्कूल के डायरेक्टर डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए सीखने का आनंददायक माध्यम है। यहां बच्चे खेल-खेल में कई उपयोगी और रचनात्मक गतिविधियों को सीखते हैं, जो उनके मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होती हैं।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

राठ, 16 जून (तरुणमित्र)। तहसील परिसर में आज सोमवार को भारी संख्या में एकत्र हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने कार्य करने में आ रही तकनीकी समस्याओं के निस्तारण के लिए, जिलाधिकारी हमीरपुर को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को सौंपा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री रानी गुप्ता ने बताया कि उन सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने कार्यों को करने में टेक्निकल (तकनीकी) समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि बीते 10 वर्ष पहले विभाग के द्वारा उन लोगों को जो कार्बन कंपनी के मोबाइल दिए गए थे वह मोबाइल अब खराब हो चुके हैं। जिस वजह से उन लोगों को पोषण ट्रैकर एप पर ऑनलाइन फीडिंग सहित अन्य कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने की अभूतपूर्व प्रगति: राजपूत

## केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जालौन/उरई, 16 जून (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय गेस्ट हाउस में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ सीधे आम जनमानस को मिला है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन जैसे कार्यक्रमों ने देश के हर वर्ग को सशक्त करने का कार्य किया है। देश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा को समर्थन दिया है, वह हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। हमारा उद्देश्य सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को साकार करना है। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि जालौन सहित समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ यहां के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। हमने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। आज गरीब को घर, वृद्ध को पेंशन, किसान को सम्मान निधि, छात्र को छात्रवृत्ति और महिला को सुरक्षा मिली है। आने वाले समय में वह इस क्षेत्र को विकास के नए पायदान पर ले जाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय राजनीति की दिशा ही बदल दी है।

उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। गांव, गरीब, किसान और मजदूर को उन्होंने केंद्र में रखा है। पंचायत स्तर पर भी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं, जिससे जनसामान्य को वास्तविक लाभ मिल रहा है। अंत में अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए नागरिकों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता केसी पाटकर ने किया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष निशा माहेश्वरी, नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत, सरिता कुशवाहा, रामू गुप्ता, मलखान दोहरे, अभय सिंह राजावत, अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता, लालन ताम्रकार, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# 2600 लाभार्थियों को वितरित की 123.94 करोड़ की धनराशि

## कार्यक्रम में सदर विधायक, डीएम और सीडीओ की रही उपस्थिति



उन्नाव, 16 जून (तरुणमित्र)। जिले में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में विधायक सदर पंकज गुप्ता की उपस्थिति में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनपद उन्नाव के कुल 2600 लाभार्थियों को रू0 123.94 करोड़ की धनराशि वितरित कि गयी। इस अवसर पर जनपद अम्बेडकर नगर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी सुना गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का शुभारम्भ 14 सितम्बर 2019 को हुआ और प्रत्येक वर्ष दुर्घटना में मृतक दिव्यांगजनों के परिवारों को मुख्यमंत्री सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत दुर्घटना में मृतक हुए व्यक्तियों के हिताधिकारियों को 5.00 लाख रू0 तथा 100 प्रतिशत दिव्यांगता पर 5.00 लाख रू0 व 50 प्रतिशत से अधिक किन्तु 100 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 2.50 लाख रू0 तथा 25 प्रतिशत से अधिक किन्तु 50 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 1.25 लाख रू0 देने का प्राविधान है। वर्तमान में यह योजना अब ऑनलाइन कर दी गयी है। आवेदक इवतणनचण्दपबपवद पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते है। पत्रावलियां ऑनलाइन पोर्टल पर फीड करा दी गयीं हैं। आवेदक पोर्टल पर अपनी पत्रावली की स्थिति भी चेक कर सकते है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में कुल 247 लाभार्थियों को रू0 11.52 करोड़ की धनराशि वितरित की गयी है तथा योजना के शुभारम्भ से अब तक रू0 123.94 करोड़ की धनराशि से कुल 2600 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि चाहें किसी को आंशिक दिव्यांगता हुयी हो या मृत्यु की दशा में निर्धारित सहायता राशि संबंधित लाभार्थी को ससमय उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी लाभार्थी इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। इस अवसर पर विधायक सदर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे अन्नदाता किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका सरकार पूरा ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत गांव में रहने वाला भारत है और गांव के लोग जब समृद्ध होंगे तभी देश विकसित होगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी सहित समस्त लाभार्थी एवं अधिकारी/कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# अधिग्रहण व कॉरिडोर वापस लेने की मांग पर अब भी अडिग हैं गोस्वामी

**मथुरा, 16 जून (तरूणमित्र)।** श्री बांके बिहारी मंदिर प्रस्तावित कॉरिडोर का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर एक पर गोस्वामी समाज की महिलाओं का विरोध जारी रहा। विरोध में शामिल महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम खून से पत्र लिखे। पीएम और सीएम के नाम खून से पत्र लिखकर कॉरिडोर न बनाने की मांग की गई।



महिलाओं ने मंदिर के गेट नंबर एक पर प्रदर्शन कर सरकार को जमकर कोसा। पत्र में लिखा गया कि सेवा में श्रीमान प्रधानमंत्री जी, कॉरिडोर हटाओ, कुंज गलियों को बचाओ, समस्त बृजवासी। महिलाओं का कहना था कि किसी भी कीमत पर शासन प्रशासन की मनमानी सहन नहीं करेंगे। कॉरिडोर बनाने के नाम पर वृंदावन के प्राचीन स्वरूप और कुंज गलियों के अस्तित्व को नहीं मिटने देंगे। यह विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार मांगों को नहीं मानती। अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आगे बताया कि वर्तमान सरकार प्रशासन मिलकर हमारे साथ छल कर अधिग्रहण और कॉरिडोर का निर्माण करना चाहती है। सेवायत परिवार को ठाकुर जी ने वृंदावन वास दिया है सरकार उसपर अधिकरण करना चाहती है। यह

❑ कॉरिडोर का विरोध, महिलाओं ने खून से लिखा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र

सरकार तानाशाही हो गई है अपनी मनमानी कर रही है। वोट के माध्यम से इस सरकार को चुना सभी ने और आज अपने ही लोगों का खात्मा कर रही है। विरोधी सरकार ने इतना दुख नहीं दिया जितना वर्तमान सरकार सबको दुखी कर रही है पर इनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे। विरोध में किशोरी गोस्वामी, नीलम गोस्वामी, निर्मला गोस्वामी, श्रद्धा खंडेलवाल, मीरा गोस्वामी, अदिति गोस्वामी मौजूद थी।

## पेड़ पर आम खा रहे बंदर को मारी गोली, हंगामा

**अलीगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)।** थाना दादों क्षेत्र के गॉव नगला मछरिया में बाग में आम खा रहे बंदर को अराजक तत्वों ने गोली मार दी, गोली लगने से बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। जब गॉव के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोग बंदर की हत्या करने वालों पर कार्यवाही की मॉग कर रहे थे। हंगामे की जानकारी मिलने पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और लोगों को शांत कराया, इसके साथ ही बंदर के शव को भी पुलिस ने अंत्य परीक्षण के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया।

गोली लगने के कारण आम खा रहे बंदर की मौके ही मौत हो गई, बंदर की मौत की सूचना पर हिंदू संगठनों के लोग भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्काल पशु हत्या करने वालों की गिरफ्तारी और उन्हें तत्काल जेल भेजने की मॉग की। उन्होंने आरोप लगाया कि गैर समुदाय के लोगों ने बंदर को गोली मारी है। इलाके की शांति भंग करने व सांप्रदायिकता को भड़काने के लिए ऐसा किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया और सख्त कार्यवाही की बात कही।

## मिशन शक्ति अभियान अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**अलीगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु 'शक्ति दीदी' के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों, कस्बों व मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड, बाजार, गॉव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को शासन व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है।

# माया टीला प्रकरण में प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ शुरू की कार्यवाही

❑ जिलाधिकारी बोले घटना की करायी जाएगी मजिस्ट्रेटी जांच

❑ सुनील चेन के खिलाफ एफआईआर, 25 हजार का इनाम किया घोषित

**मथुरा, 16 जून (तरूणमित्र)।** महानगर में गोविंद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत माया टीला प्रकरण मामले के जिला प्रशासन ने कार्यवाही तेज कर दी है। आरोपी सुनील चेन की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने कई टीमों का गठन किया है। इसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि हादसे की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी। भूमाफिया द्वारा मिट्टी खोद वाने की नगर निगम से अनुमति ली गई या नहीं। किसकी अनुमति से निर्माण कराया जा रहा था। इन सबकी जांच की जाएगी। प्रभावित परिवारों को धर्मशाला में शेल्टर दी गई है। उनके खाने पीने की व्यवस्था भी की गई है। सभी संभव मदद की जा रही है। सभी पहलुओं की जांच को एडीएम फाइनेंस को मजिस्ट्रियल जांच के लिए नामित किया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि सुनील कुमार चेन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई टीम बनाई गई हैं। जो लगातार दबिश दे रही हैं। इसके विरुद्ध गोविंद नगर थाना में पीड़ित परिवारों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। रविवार को माया टीला के अचानक आधा दर्जन से अधिक मकान धराशाई हो गए थे। जिस कारण मलबे के नीचे दो बालिकाओं सहित तीन लोगों की दम घुटने से मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में बीती रात्रि मुकदमा पंजीकृत कर लिया। समूचे विवादास्पद परिसर को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है। पीड़ितों की पूरी मदद की जाएगी। शासन ने मामले का संज्ञान लिया है। सख्ती से कार्रवाई होगी।

**कांग्रेस ने की 50 लाख के मुआवजे की मांगा**

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए 50-50 लाख का मुआवजा और मकान दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने आरोपी भूमाफिया पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं की पुलिस से झड़प**

धरना प्रदर्शन पर बैठीं महिलाओं ने धरना प्रदर्शन के बाद मथुरा वृंदावन मार्ग पर जाम लगाने को निकलीं। इसके बाद पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। मथुरा वृंदावन मार्ग पर जाम लगाने जा रहे लोगों को प्रशासन ने बैरिकेडिग लगाकर रोक दिया। इस दौरान लोग नारेबाजी और हंगामा करते रहे। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट खुद समझाने में जुटे रहे।

## कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम का समापन कल

**मथुरा, 16 जून (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 28 मई से परखम फरह में चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम का समापन समारोह 17 जून को होगा 18 जून को शिक्षार्थियों का दीक्षांत होने के बाद शिक्षार्थी अपने घरों को प्रस्थान करेंगे। समापन समारोह 17 जून को शाम साढ़े पांच बजे से दीनदयाल गो विज्ञान अमुसन्धान केंद्र फरह परखम पर रहेगा।जिसे अखिल भारतीय विमर्श संयोजक मुकुल कानिटकर सम्बोधित करेंगे तथा प्रोफेसर डॉ निर्मल चन्द्र प्रजापति कुलपति के एम विश्व विद्यालय मथुरा अध्यक्ष रहेंगे। समापन समारोह के संयोजक विभाग प्रचार प्रमुख डॉ कमल कौशिक के अनुसार मथुरा विभाग जिसमें संघ रचना अनुसार वृन्दावन जिला व कोसी जिला आता है।ऐसे पूरे मथुरा विभाग यानी मथुरा जिले से कार्यकर्ता तथा विविध क्षेत्र के संगठनों के सभी कार्यकर्ता और मातृ शक्ति इस समापन समारोह में भाग लेने के लिये परखम पहुंचेंगे।

# 22 साल से था फरार, मथुरा के ढाबे से गिरफ्तार

❑ 24 साल की उम्र में किया अपराध

**मथुरा, 16 जून (तरूणमित्र)।** 24 साल की उम्र में अपराध में नाम आया। 22 साल तक फरार रहा और अब 46 साल की उम्र में मथुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना जमुनापार एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार 15 हजार रुपए का इनामी अपराधी 22 वर्षों से फरार था। थाना जमुनापार पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में आरोपी रामेश्वर पुत्र हरदेव निवासी फतेहगढ़ थाना बसौली जिला बूंदी राजस्थान (उम्र करीब 46 वर्ष) को मुखबिर की सूचना के आधार पर आकाश ढाबा, सुखदेवपुर थाना जमुनापार मथुरा से गिरफ्तार किया गया। आठ जून 2003 को थानाध्यक्ष जमुनापार ने अजब सिंह द्वारा धारा 420, 406, 413, 414, 379, 411 आईपीसी में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें धोखाधड़ी व चोरी से काला तेल निकालकर व्यापार करने व मौके पर माल बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया था। जिसमें बाद विवेचना पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर लक्ष्मण आदि सहित छह के विरूद्ध 20 जून 2003 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया तथा शेष वांछित अभियुक्त रामेश्वर पुत्र हरदेव निवासी फतेहगढ थाना बसौली जिला बूंदी राजस्थान के विरुद्ध फारारी में आरोप पत्र 13 अक्टूबर 2003 को न्यायालय प्रेषित किया गया था। अभियुक्त रामेश्वर लगातार 22 वर्षों से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा 15 सौ रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। कार्यवाही करने वाली टीम में अजय किशोर प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार, निरीक्षक छोटे लाल प्रभारी स्वाट टीम जनपद मथुरा, एसआई अरविन्द सिंह थाना जमुनापार, एसआई विषय कुमार थाना जमुनापार आदि थे।

## श्री सर्वेश्वर भक्त मंडल की हुई बैठक

**मथुरा, 16 जून (तरूणमित्र)।** राया में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्री सर्वेश्वर भक्त मंडल की बैठक सम्पन्न मथुरा। राया श्री सर्वेश्वर भक्त मंडल राया द्वारा गुरुपूर्णिमा महोत्सव को लेकर आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें श्री सर्वेश्वर भक्त मंडल के सदस्यों ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई जिसमे चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने बताया आगामी 11 जुलाई को अपरान्ह 9 बजे से सर्वेश्वर भक्त मंडल राया में सादाबाद रोड स्थित श्रीजी गार्डन मैरिज होम पर पूर्व की भांति इस वार भी गुरुपूर्णिमा महोत्सव पूजा अर्चना संकीर्तन भजन भोग आरती के बाद प्रसादी के साथ समापन होगा बैठक में सुशील अग्रवाल, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, योगेश गोयल, सतीश, वेद बिहारी अग्रवाल, हरिबाबू अग्रवाल,धर्मेंद्र अग्रवाल ,अमित अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स की महिला प्रकोष्ठ का शपथग्रहण समारोह संपन्न

**हाथरस, 16 जून (तरूणमित्र)।** मातृशक्ति संसार का नेतृत्व कर रही हैं वह नारी के रूप में ईश्वर का वरदान है।

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स की महिला प्रकोष्ठ का शपथग्रहण समारोह एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ।

एडीएचआर महिला प्रकोष्ठ के शपथग्रहण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी,राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र गोयल, जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक, जिला महासचिव शैलेन्द्र सांवलिया उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने गणेश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, महासचिव पूजा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के साथ तीस सदस्यीय जिला कार्यकारिणी को शपथग्रहण कराई।

नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि नारीशक्ति समाज का नेतृत्व कर आगे बढाने का कार्य करती हैं एक माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती हैं और परिवार और समाज का आईना होती हैं नारी शक्ति विभिन्न रूपों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं नवनियुक्त एडीएचआर महिला प्रकोष्ठ की टीम को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं

राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ की टीम की बहुत बडी जिम्मेदारी है महिलाओं में अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का पालन कराने के लिए आगे आये और महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, समानता नेतृत्व क्षमता को विकसित करें महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण पहलू है इस पर आगे बढने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेन्द्र गोयल ने कहा कि महिलाओं को समाज में समानता और सम्मान दिलाने के लिए कार्य करना होगा महिलाओं को उनके अधिकारों और हितों प्रति जागरूकता लानी होगी।

महिला प्रकोष्ठ की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे बढना होगा घरेलू हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रति जागरूक करना होगा हमें भी संविधान ने समान अधिकार और अवसर प्रदान कीये है जिम्मेदारी देने के लिए राष्ट्रीय और जिला पदाधिकारियों का बहुत बहुत आभार जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक ने कहा कि मातृशक्ति आज हर फील्ड में आगे बढकर कार्य कर रही है और परिवार का भी नेतृत्व कर रही हैं यही जागरूकता का परिचय है और एडीएचआर समस्त टीम परिवार के रूप में कार्य करेगी।

# शिक्षण संस्थाएं छात्रवृत्ति डाटा अपडेट करें-जिसकअ

**मैनपुरी, 16 जून (तरूणमित्र)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद की समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओ, महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्राचार्यो, छात्रवृत्ति का कार्य देख रहे नोडल अधिकारियों को सूचित किया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत मास्टर डाटा बेस तैयार करना, सत्यापन, लॉक करने, सम्मिलित होने तथा पूर्व से फीड संस्थाओ के छात्रवृत्ति मास्टर डाटा बेस को अपडेट करने के सम्बन्ध में समय-सारिणी निर्गत की गयी है। उन्होंने बताया कि दशमोत्तर कक्षाओं हेतु दि. 07 जुलाई से 25 नवम्बर तक प्रदेश में स्थित नवीन शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने की कार्यवाही विश्वविद्यालय, एफिलियेटिंग ऐजेसी के माध्यम से किया जाना तदोपरान्त अद्योहस्ताक्षरी से पासवर्ड प्राप्त करना, मास्टर डाटा में पूर्व से सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रम की कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार एफिलियेटिंग एजेन्सी, विश्वविद्यालय के नाम आदि सूचनाओं को अंकित, अद्यतन कर-के डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना तथा दि. 10 से 20 दिसम्बर तक छात्र-छात्राओ द्वारा ऑनलाईन आवेदन किये जायेंगे।

उन्होंने सम्बन्धित से कहा है कि निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें यदि कोई शिक्षण संस्थान मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित, अपडेट होने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शिक्षण संस्था का होगा।

## सीमेंट फैक्ट्री के मजदूरों पर रात में हमला, कई घायल

**अलीगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)।** थाना हरदुआगंज क्षेत्र में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के आवासीय अपार्टमेंट में रविवार देर रात हमला हुआ, अज्ञात लोगों ने सो रहे मजदूरों पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस हमले में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर घायल हुए, घायलों में से दस को जिला मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिहार के भागलपुर जिले के मजदूर रात करीब दस बजे काम खत्म करने के बाद अपने कमरों में सो रहे थे। हमलावरों ने कमरों के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसे, उन्होंने अंधेरे में मजदूरों पर लाठी-डंडों से हमला किया। कई मजदूरों के सिर, हाथ व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घायल मजदूर विकास कुमार ने बताया कि वे कमरा नंबर चार में रहते हैं। कमरा नंबर एक में कुछ मजदूर शराब पीकर आपस में लड़ रहे थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**मेरठ, 16 जून (तरूणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सीसीएसयू मेरठ एवं क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय योग शिविर (15 जून से 21 जून तक) का शुभारंभ आज विश्वविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में हुआ। इस वर्ष की थीम को आत्मसात करते हुए शिविर का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ योग गुरु पूज्य स्वामी कर्मवीर महाराज, कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, तथा मुख्य अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल (पूर्व सांसद, मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस दौरान कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि योग अब केवल भारत की परंपरा नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है। सूर्य नमस्कार जैसे अभ्यास शरीर, मन और आत्मा को जोड़ते हैं। योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल कर युवा वर्ग अपने भीतर ऊर्जा, अनुशासन और सशक्तता ला सकता है। माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की श्रृंखला में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत विश्विद्यालय द्वारा आयोजित यह शिविर योग को संस्कार के रूप में आत्मसात करने की दिशा में प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कर चुका है। योग न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति को भी विश्वपटल पर स्थापित करता है। इस अवसर पर प्रो. बीरपाल सिंह (निदेशक शोध), प्रो. नीलू जैन गुप्ता (अध्यक्षा,साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद), प्रो कृष्णकांत शर्मा (समन्वयक साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद), प्रो. राकेश कुमार शर्मा (समन्वयक, योग विज्ञान विभाग), प्रो. गुलाब सिंह रूहल, प्रो. आलोक कुमार, डॉ. वैशाली पाटील, डॉ. दुष्यंत चौहान, डॉ. सचिन कुमार, प्रो. प्रशांत कुमार, इंजीनियर मनीष मिश्रा, इंजीनियर प्रवीण पंवार, इंजी. संदीप अग्रवाल, सत्यम सिंह, ईशा पटेल, अमरपाल सिंह, नवज्योति, सर्वोत्तम शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. ओमपाल शास्त्री आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष...

### चाणक्य शाह दिला पाएंगे...

नागेंद्रन प्रदेश की महत्वपूर्ण कम्युनिटी थेवर समुदाय से आते हैं और इसी वोट बैंक की राजनीति को समझते हुए उन्हें राज्य में जिम्मेदारी दी गई तो बंगाल में संगठन से लेकर पदाधिकारियों की नियुक्ति में अमित शाह खुद नजर रख रहे हैं। इन दोनों राज्यों में जीत के लिए पार्टी सिर्फ विपक्षी दलों पर हमलावर ही नहीं है, बल्कि गठबंधन बनाने पर भी पूरा ध्यान दे रही है। तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ गठबंधन हो चुका है।

बंगाल में पार्टी दूसरे दलों और समुदाय के प्रभावी नेताओं को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, संगठन में जुझारू और चुनावी राजनीति के धुरंधर चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। कुल मिलाकर 2026 का साल पार्टी के लिए बड़ा और अहम रहने वाला है, खासकर 2027 में उप्र का चुनाव देखते हुए। तमिलनाडु और बंगाल की जीत उप्र में भाजपा के लिए निरंतर तीसरी बार सत्ता में लौटने के लिए बूस्टर डोज का काम करेगी।

### इजराइल का दावा-ईरानी...

वाले क्षेत्रों के उत्तर में चेतावनी सायरन बजने शुरू हो गए। अल जजीरा की खबर के अनुसार, ईरानी मिसाइल हमलों की आठवीं लहर इजराइल के लिए विनाशकारी रही। इजराइल और ईरान के बीच 13 जून से लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के एयरस्पेस को पूरी तरह अपने काबू में कर लिया है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पश्चिमी ईरान से लेकर राजधानी तेहरान तक आसमान पर अब इजराइली एयरफोर्स का कंट्रोल है। आईडीएफ के मुताबिक, इजराइल ने 50 से ज्यादा फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स से ईरान पर हवाई हमले किए और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चर्स नष्ट कर दिए। यह ईरान के पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर्स का एक तिहाई है। इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। ईरान में अब तक 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं, जबकि 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों के मारे जाने का दावा किया है। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

### जनगणना से जुड़ी...

इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख कर्मचारी और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

### पटाखा फैक्ट्री विस्फोट...

धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग की टीनशेड और दीवारें गिर गई। इमारत के मलबे में कई लोग दब गए। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर फायर बिग्रेड, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को निकाल घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अमित आनंद भी मौके पर पहुंच गए।सीओ सिटी ने बताया कि विस्फोट की घटना में चार महिलाओं की मौत हुई है। उनकी पहचान रजबपुर गांव निवासी जाकिर की पुत्री रुक्साना, शाबिर की पत्नी शहनाज, ग्राम पपसरा निवासी शोविंद्र की पत्नी प्रवेश, दानवीर की पत्नी रुमा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायलों में मोना, विशाल, सलोनी, इंद्रवती, सोनिया, राजेश की पत्नी पूजा, नाजरीन, अमित की पत्नी पूजा, गिरिश चन्द्र की पत्नी पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विस्फोट की खबर मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। सीओ सिटी ने बताया कि घटनास्थल की जांच में पता चला है कि रजबपुर थाना क्षेत्र स्थित अतरासी गांव के खेत में बनी पटाखा फैक्टरी हापुड़ जिला कोतवाली के भण्डापट्टी निवासी सैफउर्ररहमान के नाम से रजिस्टर्ड है। फैक्ट्री में विभिन्न प्रकार के विस्फोटक पटाखें बनाए जाते थे और पैकिंग होती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सामरिक साझेदारी को...

उन्होंने कहा कि यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। दोनों देश साझेदारी को सामरिक दायरे तक बढाने के लिए पांच वर्षों का रोड़ मैप तैयार करेंगे। मोदी ने कहा , अपनी साझेदारी को स्ट्रेटेजिक दिशा देने के लिए हम अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनायेंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जायेगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से वार्ता शुरू की जायेगी। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लड़ाई को समर्थन देने के लिए साइप्रस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन के हम आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग और हथियारों की तस्करी की रोकथाम के लिए, हमारी एजेंसीज के बीच जल्द से जल्द सूचनाओं के आदान प्रदान का मैकेनिज्म तैयार किया जायेगा। मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लेकर भी भारत और साइप्रस के विचार एक समान हैं।

उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र को समकालीन बनाने के लिए जरूरी सुधार को लेकर हमारे विचारों में समानता है। साइप्रस द्वारा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए हम आभारी हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर भी हमने बात की। हम सहमत हैं कि भारत - मध्य एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे से क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री ने उन्हें साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किये जाने को भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता करार दिया। उन्होंने कहा , कल, जब से मैंने साइप्रस की धरती पर कदम रखा है, राष्ट्रपति जी और यहाँ के लोगों ने जो अपनापन और स्नेह दिखाया, वह सीधे दिल को छू गया। मुझे साइप्रस के इतने बड़े सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता की मोहर है। इसके लिए मैं एक बार फिर आभार व्यक्त करता हूँ।

# नाबालिग प्रेमी जोड़ा घर से भागा, युवक को जूते की माला पहनाकर घुमाया

**अलीगढ़, 16 जून (तरूणमित्र)।** थाना दादों क्षेत्र में नाबालिग प्रेमी युगल को भगाने के आरोप में पंचायत ने एक युवक को तुगलकी सजा सुना डाली, बाइक देने के आरोपी युवक का सिर मुंडवा दिया गया और फिर उसे जूते की माला पहनाकर पूरे गॉव में घुमाया गया। जिसका लोगों ने वीडियो बना लिया। वहीं घटना के बाद शर्मसार हुआ युवक अभी तक घर नहीं पहुंचा है व गांव से कहीं चला गया। जिसके बाद उसके पिता ने दादों थाने में तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

बरला थाना क्षेत्र के एक गॉव निवासी 11वीं में पढ़ने वाली किशोरी शनिवार को अपने परिवार के साथ दादों के सांकरा गंगा घाट पर नहाने गई थी। यहां पर गांव का ही रहने वाला एक नाबालिग किशोर आ गया था, दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था व दोनों मौके से फरार हो गए थे, मौके से भागने के लिए किशोर ने अपने दोस्त की बाइक मॉगी थी। बाइक देने वाले युवक को पता नहीं था कि किशोर ने अपनी प्रेमिका को भगाने के लिए बाइक मॉगी थी। दो घंटे बाद जब उसने बाइक वापस लेने के लिए फोन किया, जब जाकर उसे सारे मामले की जानकारी हुई। वहीं जब किशोरी के परिवार के लोगों को सारे मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने बाइक देने वाले युवक को पकड़ लिया व गॉव की पंचायत बैठ गई। घटना के बाद यह मामला गॉव की पंचायत में पहुंचा तो कानूनी कार्यवाही करने के बजाय पंचायत ने तुगलकी फरमान सुनाते हुए युवक को एक साल के लिए गॉव से बाहर निकाल दिया। इसके साथ ही उसका सिर मुंडवाकर व चप्पलों की माला पहनाकर सारे गॉव में घुमाया।

पिता का आरोप है कि ग्रामीणों ने उनके बेटे व उनके साथ जमकर मारपीट भी की। इस घटना के बाद उनका बेटा काफी ज्यादा आहत हो गया व गॉव छोड़कर कहीं चला गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी होने पर पुलिस तत्काल मामले की जॉच में जुट गई है।

## सांसद ने केन्द्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र, अंडरपास जलभराव पर जताई चिंता

**मैनपुरी, 16 जून (तरूणमित्र)।** सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर मैनपुरी-इटावा रेलमार्ग पर बने अंडरपास में जलभराव की गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि बरसात के दिनों में अंडरपास में पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सांसद ने आग्रह किया है कि इस जनसमस्या का शीघ्र समाधान निकालते हुए रेलवे द्वारा बने अंडरपास में जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने रेलवे प्रशासन से इस मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है।

जनता से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर सांसद द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय माना जा रहा है और अब क्षेत्रीय लोग रेलवे की ओर से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# दुर्घटनाएं रोकने को बंद किया किसान पथ कट

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। सड़क सुरक्षा बाधाओं को दूर करने के लिए डीएम विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर स्थित किसान पथ कट का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सतेंद्र नाथ ने बताया कि किसानपथ पर सुल्तानपुर मार्ग की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको अयोध्या अथवा बाराबंकी की ओर जाना होता है, वर्तमान में किसानपथ से लखनऊ की तरफ उतर कर किसानपथ कट से यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते हैं, जिसके फलस्वरूप लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राज्य मार्ग में आये दिन यातायात संचालन में गतिरोध के साथ ही साथ आकस्मिक दुर्घटनायें होती रहती हैं। किसानपथ पर लखनऊ अयोध्या मार्ग के समीप बना कट जोकि लखनऊ की तरफ उतरता है, को बन्द कर लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग से किसानपथ के माध्यम से जनपद अयोध्या अथवा बाराबंकी की ओर जाने वाले भारी वाहन, किसानपथ पर देवा रोड कट से टर्न लेकर अपने गंतव्य की ओर जाने के सम्बन्ध में यातायात टीम एवं लोक निर्माण विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा किसानपथ कट पर साइन बोर्ड लगाये जाने एवं सर्विस लेन की सतह सुधार का भी सुझाव दिया गया है। उक्त के साथ ही लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए की उक्त वैकल्पिक मार्ग पर आवश्यक साइनएज लगवाना सुनिश्चित किया जाए एवं ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया गया कि जनपद अयोध्या/बाराबंकी की ओर जाने वाले भारी वाहनों को देवा रोड कट से भेजे जाने के सम्बन्ध में आवश्यक ड्यूटी तैनात किया जाए। निरीक्षण में डीसीपी ट्रैफिक, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सतेंद्र नाथ, सहायक अभियंता चांदनी सेठ, अवर अभियंता विकास कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



- सड़क सुरक्षा बाधाओं को दूर करने के लिये डीएम, जेसीपी का दौरा
- भारी वाहनों को देवा रोड कट से भेजे जाने को लेकर दिये निर्देश

## बिना एस्टीमेट जमा कराए कनेक्शन जारी, जेई सस्पेंड

लखनऊ। बिजली विभाग के जेई ने उपभोक्ता से मिलीभगत करके बिना एस्टीमेट जमा कराए कनेक्शन जारी कर दिया। मामले की शिकायत के बाद अफसरों ने आरोपित जेई को निलंबित कर दिया है। अमेठी के उपखंड अधिकारी के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। अमेठी स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई धीरज कुमार दीक्षित ने एक उपभोक्ता को बिना एस्टीमेट जमा कराए कनेक्शन दे दिया। इसके साथ ही एक विद्युत पोल को नियमों के खिलाफ हटवा दिया। इसके बदले में मोटी घूस ली गई थी। इससे विभाग को राजस्व की हानि हुई है।



इंदिरा नगर सेक्टर 17 में बने आवास विकास की कालोनी में पार्क का गेट तोड़कर स्थानीय लोगो ने बना दी कार पार्किंग। छाया: तरूणमित्र

# वित्त निदेशालय ने मृत कर्मचारी का कर दिया तबादला

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। प्रदेश के सरकारी विभाग में मृत एकाउंटेंट का नाम ट्रांसफर लिस्ट में डाल दिया गया। इस बात की जानकारी तब सामने आई है जब एक विभागीय लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वायरल लेटर में सामने आया कि एकाउंटेंट चारुल पांडेय का स्वर्गवास हो चुका है। निदेशक की तरफ से जारी इस पत्र में कहा गया है कि इस तबादले को निरस्त समझा जाए। दरअसल, सरकारी विभाग में तबादले की प्रक्रिया चल रही है। 15 जून को आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय की तरफ से जारी ट्रांसफर लिस्ट में 155वें नंबर पर चारुल पांडेय का नाम है। उन्हें प्रयागराज स्थित असिस्टेंट कंट्रोलर लीगल डिवीजन से फतेहपुर स्थित बेसिक शिक्षा विभाग में ट्रांसफर करने की बात भी लिखी गई है। जबकि उनकी मौत पहले ही हो चुकी है। हालांकि पत्र में यह भी बताया गया है कि जिस अधिकारी पर मानव संपदा पोर्टल पर त्रुटिरहित प्रविष्टियां दर्ज करने की जिम्मेदारी है, उन्होंने ही निदेशक को 15 जून को अंडर ट्रांसफर लेखाकार का स्वर्गवास होने की जानकारी दी है। आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय निदेशक साधना श्रीवास्तव की तरफ से आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया कि मानव संपदा पोर्टल पर डिटेल दर्ज करने की जिम्मेदारी नोडल प्रभारी मनोज कुमार की है। जिन्होंने ये बताया कि लेखाकार चारुल पांडेय का स्वर्गवास हो चुका है। ऐसे में उस आदेश को विलोपित और शून्य समझा और पढ़ा जाए।




- 15 जून को जारी हुआ ट्रांसफर ऑर्डर
- 2 साल पहली मौत हुई थी

## अश्लील फोटो वायरल की धमकी दे युवती को भगा ले गया

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। ठाकुरगंज इलाके में एक युवक अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती को भगा ले गया। पीड़ित मां ने ठाकुरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि युवक लंबे समय से बेटी को ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश कर रही है। महिला ने बताया कि उसके पति की पांच महीने पहले मौत हो चुकी है। पति के गुजरने के बाद से बेटी काफी गुमसुम रहती थी। पहले तो उनको लगा कि पिता की मौत से दुखी है। एक दिन उन्होंने बेटी से वजह पूछी तो बताया कि अरबाज उसकी आपत्तिजनक फोटो बना ली है। उसे वायरल करने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि अरबाज इलाके में ही कबाड़ का काम करता है। पूरे मामले में उसकी मां, भाई शाहरुख और शाबान भी शामिल हैं। इस पर वह अरबाज के घर गईं। उसकी मां से विरोध दर्ज कराया। इस पर अरबाज की मां ने कहा कि आगे कुछ नहीं होगा। पुलिस के पास शिकायत करने से मना कर दिया।

# लोहिया संस्थान में हुई दो महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्तियां

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आज दो महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्तियां की गई, जो संस्थान की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और सशक्त प्रबंधन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

प्रो. डॉ. विक्रम सिंह, विभागाध्यक्ष मेडिसिन, को संस्थान का नया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही, प्रो. डॉ. अरविंद सिंह, प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा विभाग को चिकित्सा अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। दोनों वरिष्ठ चिकित्सकों ने पूर्व में संस्थान में विभिन्न पदों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन बेहद निष्ठा, परिश्रम और प्रतिबद्धता के साथ किया है। उनके नेतृत्व में संस्थान को अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। यह नियुक्तियां उनके कर्मठ योगदान और संस्थान के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं। हमें विश्वास है कि वे अपने नवीन उत्तरदायित्वों में भी संस्थान की प्रगति और रोगी देखभाल की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस दौरान प्रो. डॉ. सीएम सिंह, निदेशक, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से प्रो. डॉ. विक्रम सिंह एवं प्रो. डॉ. अरविंद सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।



- प्रो. डॉ. विक्रम सिंह बने नये सीएमएस, प्रो. डॉ. अरविंद सिंह नये एमएस नियुक्त

# घर में घुसकर ड्राइवर को बांके से काटा, मौत

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। रहीमाबाद इलाके में धारदार हथियार से काटकर युवक की हत्या कर दी गई। रविवार देर रात पहुंचे दो बदमाशों ने दरवाजा खटखटाया। गेट खोलने पहुंची युवक की मां का गला दबाकर धक्का दे दिया। आवाज सुनकर जैसे ही युवक पहुंचा उस पर चारा काटने वाले बांके से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

पुलिस के मुताबिक, युवक कार ड्राइवर था। उसकी हत्या प्रेम-प्रसंग में की गई है। प्रेमिका के पति समेत 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक घटना रहीमाबाद थाना क्षेत्र के हामिद खेड़ा के माजरा मवई कला की है। प्रेमिका ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हत्या उसके पति ने ही की है। मृतक की मां ने बताया कि देर रात दो लोगों ने काफी तेजी से दरवाजा खटखटाया। उन्होंने जैसे ही दरवाजा खोला बदमाशों ने उनकी गर्दन पकड़ ली। अंदर सो रहे संजय मां की आवाज सुनकर बाहर आया तो बदमाशों ने उसे मारना शुरू कर दिया। हमलावरों ने संजय के सिर, कमर, कंधे और शरीर के कई हिस्सों पर बांके से मारा। इस दौरान संजय रसोई की तरफ भागा तो वहां भी उसे बांके से मारते रहे। बाद में बेटा बाहर भागते हुए नहर में कूद गया। हमलावरों ने उसे वहां भी नहीं छोड़ा। मृतक संजय का विवाह 12 साल पहले रानी से हुआ था। लेकिन, इस दौरान वह अपनी बचपन की प्रेमिका मीरा के संपर्क में भी रहा। इस बात से नाराज संजय की पत्नी अपने 3 बच्चों के साथ मायके जाकर रहने लगी। उसकी प्रेमिका मीरा की भी शादी हो चुकी थी। इसके चलते उसका पति सुनील आए दिन संजय को धमकी देता रहता था। आरोप है कि रात में वही लोग आए और हत्याकांड को अंजाम दिया। संजय की शादी ठाकुरगंज के बरौरा में हुई थी। मृतक अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। पत्नी रानी से तीन लड़के अजीत (10), अनुराग (8) और अतुल (6) हैं। प्रेमिका मीरा के भी 18 साल का बेटा है। रानी के मायके जाने के बाद संजय और मीरा लगातार मिलने-जुलने लगे थे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। मलिहाबाद में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना रविवार को हाफिज खेड़ा में हुई। ससुरालवालों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।मृतका के पिता ने पति, सास और देवर पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है।

मलिहाबाद के मीठे नगर निवासी श्रीराम मौर्य की 25 वर्षीय बेटी कामिनी की शादी 2020 में हाफिज खेड़ा के अशोक कुमार से हुई थी। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालवाले दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। कामिनी के साथ मारपीट की जाती थी। कई बार उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की थी। रविवार शाम करीब 5 बजे जब कामिनी का फोन नहीं उठा, तो उसके भाई अभिषेक ने गांव के कुछ युवकों को उसके घर भेजा। वहां कामिनी का शव पंखे से लटका मिला। पिता का कहना है कि जब वह लोग मौके पर पहुंचे, तब शव घर के बाहर था। ससुरालवालों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। उनको धमकाकर वहां से भगा दिया। मलिहाबाद के इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बैट्री चोरी मामले में पुलिस की जांच शुरू




लखनऊ। इंदिरा नगर इलाके के तकरोही की शांति नगर कॉलोनी में बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार कुमार रबी के घर के बाहर खड़ी कार की बैट्री चोरी करने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सोमवार पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ की,साथ ही आस पास घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी मांगे हैं। पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी के जरिये घटना को अंजाम देने वाले युवक को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ओम साईं सिटी समेत दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

- एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार के निर्देश पर कार्रवाई

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार के निर्देश पर सोमवार प्रवर्तन जोन एक की टीम ने गोमती नगर विस्तार में कार्रवाई। इस दौरान लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया, जिसमें विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस व बिजली के खम्भों आदि को ध्वस्त कर दिया।

प्रवर्तन जोन एक के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि विष्णु तिवारी, शैलेन्द्र मोहन श्रीवास्तव व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के चंदियामऊ में न्यू ऐरा एकेडमी के सामने लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए ओम साईं सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह सी0बी0 सिंह पम्मी व अन्य द्वारा चंदियामऊ में शालीमार वन वर्ल्ड के आगे लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

### रूमी दरवाजा के सामने योगाभ्यास

लखनऊ (सं)। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग ने सोमवार को राजधानी की ऐतिहासिक धरोहर रूमी दरवाजा के सामने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास प्रातः 5 बजे प्रारंभ हुआ। शिविर में अंजनेयासन, वीरभद्रासन, नटराजासन, गौमुखासन, त्रिकोणासन आदि का अभ्यास कराया गया तथा भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम एवं सूर्यनमस्कार का अभ्यास भी कराया गया। संकाय के कोऑर्डिनेट डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि स्मारकों एवं धरोहरों पर योगाभ्यास कराने से राष्ट्र गौरव का भाव उत्पन्न होता है। योग विभाग की छात्राओं ने रूमी दरवाजा के सामने योगाभ्यास करके भारतीय गौरव एवं स्वास्थ्य का संदेश दिया। प्रातः काल योगाभ्यास से शरीर में चेतना एवं स्फूर्ति का संचार होता है। इस कार्यक्रम में मोनिका सिंह, प्रीति मनुज, अर्चना वर्मा, सविता रंजन, स्मृति ओझा, अर्चना सिंह, प्रगति तिवारी, मनीषा दत्ता, अमिता शुक्ला, रुचि धवन, श्रेया कौशिक, दिव्या मिश्रा, सुष्मिता, खुशबू गौतम तथा रागिनी ने प्रतिभाग किया।

### बीकेटी में दो निर्दोषों को गैंगरेप में फंसाया !

लखनऊ। स्तर न्यायलय ने गैंगरेप का झूठा मुकदमा दर्ज कराकर दो निर्दोषों को जेल भिजवाने वाली महिला को लखनऊ की विशेष एससी/एसटी कोर्ट ने 7 साल 6 माह की सजा सुनाई है। दोषी महिला पर 2 लाख 1 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि जुमार्ने की रकम जेल में गलत तरीके से बंद किए गए राजेश और बी.के. उर्फ भूपेन्द्र को मुआवजे के तौर पर दिया जाए। दोनों को 52,500-52,500 रुपए दिए जाएं। मामला लखनऊ के बीकेटी थाने का है। बीकेटी थाने में 4 अक्टूबर 2022 को रेखा देवी ने राजेश और बी.के. उर्फ भूपेन्द्र के खिलाफ गैंगरेप की मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में पता चला कि रेखा देवी का आरोप फर्जी है।

# निजीकरण के विरोध में विद्युत नियामक आयोग पर मूक प्रदर्शन

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को बिजली कर्मचारियों ने विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर मूक प्रदर्शन किया और निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दिया। प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर भी निजीकरण के विरोध में व्यापक विरोध प्रदर्शन किए गए। सोमवार चार बजे सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मचारी विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने विद्युत नियामक आयोग के मुख्य द्वार के सामने निजीकरण के विरोध में तख्तियां लेकर मूक प्रदर्शन किया। नियामक आयोग के सचिव ने मुख्य द्वार पर आकर संघर्ष समिति का ज्ञापन लिया। ज्ञापन के जरिए संघर्ष समिति ने निजीकरण पर नियामक आयोग द्वारा सुनवाई पर अपनी आपत्ति और विरोध दर्ज किया। समिति ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के नाम दिए गए ज्ञापन में उनसे मांग की है कि वह पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए दिए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न दें और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए। संघर्ष समिति ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष से यह भी मांग की है कि निजीकरण के मामले में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को भी नियामक आयोग के सामने अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया जाय।

विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फजीर्वाड़ा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन द्वारा बनाए गए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट पर पॉवर कॉरपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए थी और न ही इस पर कोई अभिमत देना चाहिए।




## बैकुंठधाम में शव पर गिरा पेड़, अर्थी छोड़ भागे लोग

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। बैकुंठ धाम श्मशान घाट में शव पर अचानक पेड़ गिर गया। इससे अफरा तफरी मच गई। तत्काल शव को परिजनों और बैकुंठ धाम के कर्मचारियों ने मिलकर पेड़ के नीचे से निकला। 100 वर्ष पुराना पेड़ गिरने से पार्क की बाउंड्री वॉल भी टूट गई। बैकुंठ धाम के कर्मचारी कोहली ने बताया कि अचानक बहुत तेज आवाज के साथ पेड़ गिरा। वहां रखा एक शव पेड़ की चपेट में आ गया है। आनन-फानन में लोगों ने शव को पेड़ के नीचे से निकाला। पेड़ जिस शव पर गिरा। उनकी पहचान मृतक नीलू कनौजिया के रूप में हुई। भाई संजीव कुमार ने बताया कि नीलू वन विभाग की कर्मचारी थीं। रविवार को दो मंजिला इमारत से गिर गई थीं, जिसके बाद गंभीर चोट आई थी। बहन को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके 1 घण्टे के बाद नीलू की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम हुआ, जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव बैकुंठ धाम लाए थे।

## नीट-2025 में तन्मय ने हासिल की एआईआर-74

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2025 में एलन ऑनलाइन के स्टूडेंट्स ने बेहतर परिणाम दिए हैं। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के निवासी एलन ऑनलाइन के छात्र तन्मय जग्गा ने ऑल इंडिया 74 रैंक हासिल करते हुए टॉप-100 रैंकर्स में स्थान बनाया है।

एलन ऑनलाइन से जुड़कर देश की बड़ी परीक्षा नीट-यूजी 2025 की तैयारी का फैसला तन्मय ने अपने परिवार के साथ अपने शहर में रहते हुए ऑनलाइन उपलब्ध श्रेष्ठ फैकल्टीज और सुविधाओं को देखते हुए लिया। तन्मय ने कहा, 'मुझे अपने परिवार और एलन ऑनलाइन फैकल्टीज से पूरा सपोर्ट मिला।' अपनी परिस्थितियों और शर्तों के अनुरूप परीक्षा की तैयारी करने से मेरी क्षमता में बहुत अंतर आया। यह कह सकता हूं कि यह सिस्टम स्टूडेंट्स की प्रोग्रेस को ट्रैक कर सकता था, और ठीक उसी तरह से सुधार कर सकता था जिसकी स्टूडेंट्स को आवश्यकता होती है। तन्मय की यह उपलब्धि एलन ऑनलाइन के लिए उत्तर प्रदेश के मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड पर आधारित है।

नीट-2024 के रिजल्ट्स के बाद उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक एलन ऑनलाइन स्टूडेंट्स ने शीर्ष सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया। ये सफलता की कहानियां उन मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए डिजिटल-फर्स्ट लर्निंग के बढ़ते प्रभाव और रूचि को उजागर करती हैं जो अपने घर और शहर से बाहर जाए बिना उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं। एलन करियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा, ह्यएलन में हमारा प्रयास स्टूडेंट फर्स्ट पर आधारित होता है।




## केजीएमयू में लगा रक्तदान शिविर



लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें शिविर 50 लोगों ने भाग लिया जिसमें समाजसेवी शुभम शर्मा ने भी अभी तक 16 शिविर में भाग लिया और ब्लड दान किया शुभम शर्मा ने कहा इस ब्लड दान महा दान होता है एक ब्लड से चार लोगों की जिंदगी बजाई जाती है दौरान ट्रांसलेशन मेडिसिन ब्लड बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे डॉक्टर प्रियांशु, डालचंद, आरती, अरुण कुमार स्टाफ नर्स दिलीप शर्मा उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त भारत की ओर लखनऊ का संकल्प

## सीएमओ ने किया 16 से 30 जून तक विशेष स्क्रीनिंग अभियान का शुभारम्भ

लखनऊ, 16 जून (तरूणमित्र)। टीबी (क्षय रोग) से मुक्त किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत विविध गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए समाज के सभी वर्गों को अभियान का हिस्सा बनाकर टीबी रोगियों की पहचान व उनका इलाज शुरू कराएं जाने के उद्देश्य के साथ जनपद की मलिन बस्तियों बेसहारा और झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों,अनाथालय वृद्धाश्रम कारागार मदरसा इत्यादि सघन आवासित क्षेत्रों में टीबी की स्क्रीनिंग के लिए 16 से 30 जून तक विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया है।

अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेड क्रॉस लखनऊ में फील्ड टीमों को हरी झण्डी दिखाकर क्षेत्र में रवाना करते हुए किया गया। टीबी स्क्रीनिंग के अभियान का शुभारम्भ करते हुए सीएमओ द्वारा बताया गया कि इस अभियान में दस प्रकार की चिन्हित उच्च जोखिम वाली जनसंख्या वाले क्षेत्रों में टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी। उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, कुपोषित डायबिटीज के रोगी, एचआईवी ग्रसित लोग, इलाज पूरा करा चुके टीबी रोगी, इलाज करा रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले लोग, वृद्धाश्रम निमार्णाधीन भवन ईंट भट्टे पर काम करने वाले लोग, कारागार व मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग शामिल हैं। फील्ड की टीमों को सम्बोधित करते हुए सीएमओ द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए हम सभी को अपना सर्वोत्तम प्रयत्न करते हुए निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर सभी सम्भावित क्षय रोगियों की कार्यक्रम अन्तर्गत जांच कराते हुए क्षय रोग से ग्रसित पाए गए रोगियों का अविलम्ब इलाज प्रारम्भ करवाकर निक्षय पोषण योजना का नियमानुसार डीबीटी के माध्यम से लाभ सुनिश्चित कराया जायेगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. ए.के. सिंघल द्वारा बताया कि अभियान अन्तर्गत जनपद में कुल 293 घर-घर भ्रमण दलों के कुल 586 सदस्यों द्वारा जनपद के सभी चिन्हित क्षेत्रों में टीबी स्क्रीनिंग का कार्य कराये जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। घर-घर भ्रमण दलों का पर्यवेक्षण यूनिट पर्यवेक्षकों के साथ-साथ जनपद स्तर से सुनिश्चित किया जायेगा।




वी-ब्रॉस
अल्ट्रासाउण्ड सैन्टर
सुभाष फायर वर्क्स से आगे, पूजा एन्क्लेव, मानकमऊ, सहारनपुर
- अल्ट्रासाउण्ड
- कलर डॉप्लर
- 3 D- 4 D अल्ट्रासाउण्ड
Dr. Rizwanur Rehman
MBBS, MD, DM
PCPNDT/217/2021
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 7300671719
समय- प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक
नोट- हमारे यहाँ भ्रूण में लिंग की जांच नही की जाती है यह कानूनन दण्डनीय अपराध है।